आज
२.५०
ढाई रुपये मात्र

# आज

राहुल द्रविड़
कोविड से उबरकर टीम से जुड़े

लारा दत्ता
शेयर किया अपना नो मेकअप लुक



पटना, सोमवार, २९ अगस्त २०२२ सौर १२ भाद्रपद सं. २०७९ वि० | वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज, कानपुर, लखनऊ, आगरा, बरेली, पटना, रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित | ☆☆ नगर संस्करण १२ पृष्ठ मूल्य दो रुपये पचास पैसा




## महामुकाबले में भारत जीता

**दुबई** (एजेंसी)। भारतीय टीम ने एशिया कप के महामुकाबले में पाकिस्तान को पांच विकेट से हराते हुए टी-20 विश्व कप में मिली हार का बदला ले लिया। पाकिस्तान ने पहले बैटिंग करते हुए सभी विकेट खोकर 147 रन बनाये थे। जवाब में भारत ने 19.4 ओवरों में 5 विकेट खोकर मैच



अपने नाम करते हुए टूर्नामेंट में विजयी आगाज किया। हार्दिक ने विजयी छक्का जड़ा। मैच के हीरो रहे हार्दिक पंड्या ने 3 विकेट लेने के अलावा 17 गेंदों में तूफानी अंदाज में 34 रन ठोके, जबकि रवींद्र जडेजा 29 गेंदों में 35 रन बनाकर आउट हुए। दूसरी ओर, भुवनेश्वर कुमार ने 4 विकेट झटके।

148 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम इंडिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही। डेब्यू स्टार नीसम शाह ने पहले ओवर दूसरी ही गेंद पर उपकप्तान केएल राहुल को क्लीन बोल्ड कर दिया। राहुल अंदर आती गेंद पर पूरी तरह चकमा खा गये।

# ट्विन टावर हुआ जमींदोज

**नोएडा** (एजेंसी)। नोएडा के सेक्टर 93ए में सुपरटेक ट्विन टावर्स को आधुनिक इंजीनियरिंग के इस्तेमाल से आज कुछ ही सेकंड में ध्वस्त कर दिया गया. दोनों टॉवर के ध्वस्त होते ही मौके पर धूल का विशाल गुब्बार देखने को मिला. अब ट्विन टॉवर की जगह सिर्फ मलबा है और आसपास के इलाकों में सिर्फ धूल ही धूल. अब पूरे नोएडा में एयर पॉल्यूशन की चिंता बढ़ गई है. अधिकारियों के हरी झंडी दिखाने के बाद हाउसिंग सोसाइटी में रहने वाले 5,000 लोग अपने घरों को लौटना शुरू कर देंगे। ट्विन टॉवर के ध्वस्त होने के बाद मौके पर हर तरफ मलबा ही दिख रहा है. आसपास की इमारतों में लगे विशाल पर्दे फटे हुए दिखाई दिए हैं. इन फटे पर्दों को देख यह कहा जा सकता है कि ट्विन टॉवर के पास की इमारतों थोड़ा बहुत नुकसान हुआ होगा. लेकिन इस बारे में किसी भी अधिकारी ने अभी तक कोई बयान जारी नहीं किया है। ट्विन टॉवर के ध्वस्त होने के बाद मौके पर धूल को जल्द से जल्द हटाने के प्रयास किए जा रहे हैं. इस क्रम में जगह-जगह एंटी स्मॉग गन लगाई गई है. इसके माध्यम से धूल पर पानी की फुहार कर प्रदूषण



( शेष पृष्ठ ९ पर )

## 19 अक्टूबर को मिलेगा कांग्रेस को नया अध्यक्ष

**नयी दिल्ली** (एजेंसी)। कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए 17 अक्टूबर को वोटिंग होगी और 19 अक्टूबर को काउंटिंग होगी। चुनावी शेड्यूल के मुताबिक 22 सितंबर को चुनाव संबंधी नोटिफिकेशन जारी होगा। 24 सितंबर से 30 सितंबर तक नॉमिनेशन किए जा सकेंगे। हालांकि अगर अध्यक्ष पद के लिए सिर्फ एक उम्मीदवार होता है तो ऐसी स्थिति में रिजल्ट की घोषणा 30 सितंबर को ही की जा सकती है।

रविवार को हुई कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक के बाद केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण के अध्यक्ष मधुसूदन मिस्त्री ने यह जानकारी दी। सीडब्ल्यूसी की बैठक में मौजूद सभी सदस्यों ने इस चुनाव शेड्यूल पर सहमति जताई।

### 17 अक्तूबर को वोटिंग

पार्टी नेता जयराम रमेश ने कहा कि पार्टी अध्यक्ष पद के लिए कोई भी नामांकन दाखिल कर सकेगा। केवल हमारी पार्टी में यह लोकतंत्र है। बैठक

( शेष पृष्ठ ९ पर )




## सीबीआई करेगी सोनाली फोगाट की हत्या की जांच

**पणजी** (एजेंसी)। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने रविवार को कहा कि उनकी सरकार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नेता सोनाली फोगाट की मौत के मामले को जरूरत पड़ने पर केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो को सौंपने के लिए तैयार है. फोगाट की 22 अगस्त को गोवा में रहस्यमयी परिस्थितियों में मौत हो गई थी. इस मामले में राज्य की पुलिस अब तक पांच लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है. इनमें फोगाट के दो सहयोगी शामिल हैं, जिन पर हत्या का आरोप लगाया गया है.



पणजी में पत्रकारों से बात करते हुए, प्रमोद सावंत ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर पहले ही उनसे बात कर चुके हैं और उन्होंने मामले की विस्तृत जांच का अनुरोध किया है. सावंत ने कहा कि खट्टर ने उन्हें बताया कि फोगाट परिवार चाहता है कि मामले की जांच सीबीआई से कराई जाए. गोवा के मुख्यमंत्री ने कहा, मुझे इसमें कोई परेशानी नहीं है. आज सभी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद यदि आवश्यक हुआ, तो इस मामले को सीबीआई को सौंप दिया जाएगा. सावंत ने यह भी कहा कि गोवा पुलिस

( शेष पृष्ठ ९ पर )

यहां भी पढ़ें
website :-
www.ajhindidaily.com
For e-Paper
www.ajhindidaily.com
नि:शुल्क ई-पेपर सब्सक्राइब करें

## राघोपुर में जहरीली शराब से 3 की मौत

**हाजीपुर ( आससे )।** वैशाली जिले के जुड़ावनपुर थाना क्षेत्र के बीरपुर गाँव मे कथित जहरीले शराब से तीन लोगों की मौत हो गयी, 6 लोग बीमार, एक को परिजन ने जल्दी में कर दिया अंतिम संस्कार। पुलिस ने दो शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा सदर अस्पताल। घटना के बाद ताबड़तोड़ छापेमारी, आधा दर्जन हुआ गिरफ्तार, जिसमे महिला भी है शामिल ,शराब भी बरामद, सदर एसडीपीओ राघव दयाल के नेतृत्व में चल रहा है छापामारी । मिली जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान जुड़ावनपुर थाना क्षेत्र के वीरपुर पंचायत के स्वर्गीय मखन महतो के 50 वर्षीय पुत्र रामा महतो, सुरेश महतो के 35 वर्षीय पुत्र राम प्रवेश महतो और जंगली महतो के रूप में हुई है। ग्रामीणों

( शेष पृष्ठ ९ पर )

## अरबों के फ्रॉड का मास्टरमाइंड पटना का अरुणेश गिरफ्तार

**पटना ( आससे )।** नॉन बैंकिंग कंपनी इंडस वेयर इंड्रस्टीज लिमिटेड बनाकर देश के 10 राज्यों के लोगों से ठगी करने वाले गिरोह के मास्टरमाइंड पटना के अरुणेश सीता को वाराणसी पुलिस ने लखनऊ से गिरफ्तार कर लिया है। अरुणेश व उसके साथी ने पूछताछ में बताया कि उसने 12 सालों में करीब तीन अरब से अधिक की ठगी की है। अरुणेश सीता के अलावा उसके गिरोह के अहम सदस्य बालचंद चौरसिया को भी बलिया से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस दोनों को कस्टडी रिमांड पर लेकर पूछताछ करने की तैयारी में है। दोनों ठगों को गिरफ्तार करने वाली टीम को 50 हजार रुपये का पुरस्कार देकर सम्मानित किया जायेगा।

### ठगी के पैसे से भोजपुरी फिल्म कर चुका है प्रोड्यूस

पुलिस कमिश्नर ए सतीश गणेश ने बताया कि पटना का मूल निवासी अरुणेश सीता पहले रिलायंस लाइफ इंश्योरेंस (आरएलआइ) में रीजनल मैनेजर के पद पर बिहार और पश्चिम बंगाल में काम करता था। वर्ष 2010 में उसने अपने साथियों अनिल त्रिवेदी और राशिद के साथ इंडस वेयर इंड्रस्टीज लिमिटेड और अन्य कंपनियां खोलकर पोंजी स्कीम का धंधा दिल्ली से शुरू किया। फिर देश के कई शहरों में इस नेटवर्क को फैलाया। अपनी कंपनी में कई डायरेक्टर्स, लीडर्स और एरिया मैनेजर जैसे पदों पर अपने खास लोगों को बैठा कर आमजन को चार साल में पैसा दोगुना करने का झांसा देकर ठगी का धंधा शुरू किया था।

पूछताछ में पुलिस को जानकारी मिली है कि अरुणेश बालचंद बिहार के पटना, यूपी के लखनऊ समेत विभिन्न राज्यों में अकूत संपत्ति बना चुका है। इस मामले में यूपी क्राइम

( शेष पृष्ठ ९ पर )

## डिजिटल इंडिया से बदल रही देश की तस्वीर

(आज समाचार सेवा)

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुपोषण के खिलाफ देश में चलाये जा रहे विभिन्न अभियानों का उल्लेख करते हुए देशवासियों से आग्रह किया है कि लोग आने वाले पोषण माह में कुपोषण को दूर करने के प्रयासों में जरूर हिस्सा लें।

प्रधानमंत्री ने आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले अपने मासिक संबोधन 'मन की बात' की ९२वीं कड़ी में देशवासियों से अपने विचार साझा करते हुए कई विशयों पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि जिस तरह स्वच्छता और टीकाकरण अभियान के दौरान देश की सामूहिक शक्ति की भावना दिखी, उसी प्रकार 'आजादी के अमृत' महोत्सव के तहत चलाये गये तिरंगा अभियान में भी देशभक्ति का जज्बा नजर आया।

मोदी ने कहा कि पूर्वोत्तर भारत के दूर-दराज



मन की बात

के इलाकों में ४जी के तौर पर एक नया सूर्योदय हुआ है और ''डिजिटल इंडिया'' के माध्यम से गांवों में इंटरनेट की सुविधा सुनिश्चित होने से देश में डिजिटल उद्यमियों की संख्या भी बढ़ी है। साथ ही उन्होंने देशवासियों से जल संरक्षण की दिशा में सरकार की ओर से किये जा रहे प्रयासों और कुपोषण के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को मजबूती देने का भी आह्वान किया।

तिरंगा अभियान के तहत देशभर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों का विस्तार से वर्णन करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि हमने स्वच्छता अभियान और टीकाकरण अभियान में भी देश की भावना को देखा था। अमश्त महोत्सव में हमें फिर देशभक्ति का वैसा ही जज्बा देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि इस दौरान सैनिकों ने जहां पहाड़ की ऊंची-ऊंची चोटियों पर, देश की सीमाओं पर और बीच समंदर में तिरंगा फहराया, वहीं लोगों ने तिरंगा अभियान के लिए

( शेष पृष्ठ ९ पर )



# सुबाष सिंह के श्राद्धकर्म में शामिल हुए मुख्यमंत्री

( आज समाचार सेवा )

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गोपालगंज जिला के ख्वाजेपुर गांव जाकर पूर्व मंत्री स्व. सुबाष सिंह के श्राद्धकर्म में शामिल हुये।




मुख्यमंत्री ने स्व. सुबाष सिंह जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी।

इस अवसर पर वित्त-सह-संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, जल संसाधन मंत्री संजय कुमार झा, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन मंत्री सुनील कुमार, सांसद आलोक कुमार सुमन, विधान पार्षद बिरेन्द्र नारायण यादव, पूर्व विधायक मंजीत सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

इस अवसर पर पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व. सुबाष सिंह से हमारा पुराना सम्पर्क और संबंध था। पिछली सरकार में वे हमारे साथ मंत्री भी थे। अक्सर हमलोगों की मुलाकात होती रहती थी। पिछले कुछ समय से उनकी तबीयत खराब थी जिसको लेकर हम एक-एक चीज की जानकारी लेते रहते थे, उनका ख्याल रखते थे। वे बीच में लगभग ठीक हो गये थे, लेकिन अचानक उनकी तबीयत ज्यादा खराब हो गयी और उनका निधन हो गया, यह काफी दुखद है।

उनके निधन से हमें काफी दु:ख हुआ है। हमलोग आज यहाँ उनके परिवार से मिलने आये हैं। दूरभाष पर भी उनके परिवार से बातचीत हुई थी।

# लहरों के बीच, धारा के उलट



## डागडर साहेब

डॉ. लक्ष्मीकान्त सजल

''रात के करीब बारह बजे थे। जाड़े की रात वैसे भी लम्बी होती है। मेरे लिए तो उस समय कुछ ज्यादा ही लम्बी हो गयी थी। एकाएक हॉस्टल में मेरे कमरे की खिड़की पर बीयर की खाली बोतलें एक-एक कर आठ-दस गिर कर टूट चुकी थीं। कुछ समझ में नहीं आया। बल्ब जलाया। बगल वाले हॉस्टल की छत से गालियों के साथ आवाजें मेरे कमरे की खिड़की की तरफ मुखातिब थीं। कोई गालियां देते हुए कह रहा था कि, बाहर से आकर पी. जी. की सीट हथिया लेते हैं।

सुर में सुर मिलाते हुए कोई दूसरा कह रहा था कि, चोरी से पी. जी. की सीट ले लेते हैं। एक साथ कई ने धमकी देते हुए कहा कि, बिहारी ! भाग जाओ ... जान मार देंगे ...।

आ रही आवाजों के बीच मेरी समझ में कुछ-कुछ आने लगा। आठ-दस अपराधी छवि के लड़के दारू पीकर मुझे धमकाने का प्रयास कर रहे थे। बोतलों और गालियों की बौछार के साथ मुझे धमकियां दी जा रही थीं। मैं अकेला था। सोच के साथ गहरे अवसाद से भर गया। पर, अपने गुस्से एवं उत्तेजना पर काबू नहीं पा सका। मच्छड़दानी का डंडा निकाल दौड़ पड़ा यह सोचे बिना कि आठ-दस से अकेले कैसे निपटेंगे। पर, हुआ उल्टा। नशे में धुत सभी गिरते-पड़ते भाग गये। लौट कर कमरे में आया, तो सो नहीं पाया। सबेरे दोस्तों को बताया, तो सभी परेशान हो उठे। कुछ सूझ नहीं रहा था कि, क्या करूं ? यह भी समझ में नहीं आ रहा था कि कौन मेरे विरोध में है और कौन साथ ? दिन में ऑपरेशन थिएटर पहुंचा। वहां कपड़े बदल कर ऑपरेशन थिएटर के अंदर गया। ऑपरेशन समाप्त करने के बाद जब चेंजिंग रूम में लौटा, तो पाया कि मेरा नया जींस पैंट ब्लेड से टुकड़ों में काट-काट कर फर्श पर फेक दिया गया है। एक ब्रांडेड कंपनी की वह जींस पैंट मैंने हफ्ते भर पहले ही खरीदी थी। मन अजीब तरह की वितृष्णा से भर गया।

गुस्सा, अपमान एवं घिनौनी हरकत की वजह से मन उबल रहा था। आगे की घटनाएं बड़ी आशंकाएं पैदा कर रही थीं। यह बात मेरी समझ में आ चुकी थी कि इस सबके पीछे कौन है। मैंने हेड ऑफ डिपार्टमेंट के घर की ओर रूख किया। पूरी बात सुनने के बाद हेड ने कहा कि, ... तो आप क्या करोगे ? मैंने कहा कि सर, मैं प्रताड़ित हो रहा हूं, अगर कुछ नहीं किया गया, तो मैं हथियार उठा लूंगा। हेड ने कहा कि अगर उन लोगों ने भी हथियार उठा लिया तो ? मैंने कहा कि, यह मैं नहीं जानता, पर मेरे पास कोई दूसरा उपाय नहीं है।

दूसरे दिन पूरे डिपार्टमेंट की मीटिंग हुई। तय हुआ कि अगर मुझ पर किसी प्रकार का हमला होगा, तो पी. जी. स्टूडेंट ही दोषी होंगे। एक सीनियर प्रोफेसर को जिम्मेवारी दी गयी। उन्हें हर तरह के एक्शन लेने के अधिकार भी दिये गये। इससे संबंधित आदेश भी जारी किया गया।

इस बीच हॉस्टल से अपने सारे सामानों के साथ वहां से दस-पंद्रह किलोमीटर दूर किराये के एक प्राइवेट मकान में शिफ्ट कर गया। विक्षोभ, आशंका एवं अपमान हर समय अन्तर्मन को उद्वेलित कर रहा था। पढ़ाई शुरू की। घंटों का कोई हिसाब-किताब नहीं। सुबह कैसे रात में तब्दील हो जाता, पता ही नहीं चलता।

पढ़ाई तो एमबीबीएस में भी की थी, पर यहां पढ़ना कुछ अलग तरीके का था। इस मायने में कि सारा सिस्टम एगेंस्ट था, फिर भी कोशिश करनी थी। लगा, कि गंगा की उदात्त लहरों के बीच धारा के उलट तैरना है। और, अगर जिंदा रहना है, तो पार उतरना है। ऐसा पटना मेडिकल कॉलेज के स्टूडेंट लाइफ में किया था, परंतु उस समय दो नावें अगल-बगल चलती थीं, ताकि किसी प्रकार की अनहोनी से बचा जा सके।

मैं ईश्वर का नाम लेकर इस विश्वास के साथ अपनी तैयारियों में जुटा था कि प्रभु ही बेड़ा पार लगयायेंगे। उनके सिवाय कोई भी नहीं। बहुत बार यह पता नहीं चलता है कि जो हमें बुरा लग रहा है, वह प्रभु मेरे अच्छे के लिए कर रहे हैं। कठिन मिहनत मेरे अगले मुकाम का रास्ता प्रशस्त करेगी, अभी मैंने सोचा भी नहीं था। एम. एस. की तैयारी, पीजीआई जो देश के अप्रतिम, प्रतिष्ठित संस्थानों में शुमार है, की इंट्रेंस परीक्षा के लिए वरदान साबित हुई, इस बात से उस समय मैं अनजान था।

एक बात और घटित हो रही थी, जिसे मैं नहीं जान रहा था। वह, यह कि डिपार्टमेंट में मेरे साथ हो रहे अत्याचार व अन्याय से एक सहानुभूति उपज रही थी। विशेषकर प्रोफेसर शर्मा में, जो मेरे पी. जी. थिसीस गाइड भी थे। एक दिन उनका बुलावा आया।''

# महागठबंधन ने केन्द्रीय एजेंसियों के इस्तेमाल के लिए मोदी सरकार को चेताया

## हरकतों से बाज आइये, नहीं तो गांधीवादी तरीके से करेंगे सत्याग्रह : मनोज

**पटना ( आससे )।** केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा बिहार में महागठबंधन की सरकार बनने के बाद ईडी, सीबीआई एवं इनकम टैक्स द्वारा महागठबंधन के दलों के नेताओं के घरों पर की जा रही छापेमारी एवं भाजपा नेताओं द्वारा किये जा रहे बयानबाजी के खिलाफ घटक दलों के जनांदोलन की चेतावनी दी एवं केन्द्र सरकार को सख्त लहजे में चेताया। राजद के राज्य सभा सांसद सह राष्ट्रीय प्रवक्ता ने जदयू कार्यालय में महागठबंधन द्वारा बुलाये गये संवाददाता सम्मेलन में कहा कि महागठबंधन से लड़ने में असफल रहने के बाद भाजपा ने केन्द्रीय एजेंसियों के माध्यम से विपक्षी दलों के नेताओं का चरित्र हनन करने के लिए स्क्रीप्ट तैयार कराया है। गुड़गांव के एक मॉल 'अर्बन क्यू' और एक प्रोजेक्ट 'वाइट लाईन' पर छापे पड़वाये गये मीडिया से प्रचार करवाया गया कि यह मॉल तेजस्वी का है। लेकिन कल इस मॉल के मालिक ने कहा दिया कि तेजस्वी का इससे कोई लेना-देना नहीं है। हमारी छवि खराब करने की कोशिश की जा रही है।

उन्होंने कहा कि जदयू-राजद ने मिलकर बिहार में राजनीति की जो तस्वीर बनायी है, उसके सामने बड़े-बड़े चाणक्य फेल हो गये। तब उन्होंने सोचा कि डरा-धमकाकर यहां परिवर्तन करा देंगे। लेकिन वे जान लें कि बिहार एक संदेश दे रहा है कि बाज आइये अपनी इन हरकतों से, नहीं तो हम यहां पर गांधीवादी तरीके से सत्याग्रह करेंगे। गुलाब का फूल लेकर घुमेंगे और आपकी राह मुश्किल कर देंगे। उन्होंने पूर्व उप मुख्यमंत्री व भाजपा नेता सुशील कुमार मोदी के लगातार किये जा रहे बयानबाजी पर कहा कि वे मेमोरी लांस के शिकार हैं। भाजपा नेतृत्व उन्हें कोई पद दे दें, तो वे ठीक हो जाएंगे।



इस अवसर पर जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने कहा कि राज्य में महागठबंधन की सरकार बनने से पटना से लेकर दिल्ली तक भाजपा नेताओं की नींद उड़ गयी। उन्हें इस बात का मलाल है कि वे महाराष्ट्र जैसा खेल यहां पर नहीं कर पाये। सत्ता में बने रहने के लिए वे ईडी, सीबीआई, ईटी का कितना भी दुरूपयोग कर लें, उनका खेल २०२४ में समाप्त होनेवाला है। जनता उनका खेल समझ चुकी है। लगातार बयान देनेवाले सुशील मोदी की मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का मित्र होने की वजह से ही साइड किया गया है। यह उन्हें समझना चाहिए। वे महागठबंधन पर लगातार कमेंट कर रहे हैं। लेकिन महागठबंधन का दही पूर्णत: अच्छे से जमा हुआ है। महागठबंधन ने पूरी एकजुटता के साथ आपके खिलाफ बिगुल फूंक दिया है। आप क्या-क्या करते रहे हैं, यह जनता जान चुकी है।

मंत्री मदन सहनी ने कहा कि भाजपा के जो नेता आज लोकसभा सदस्य, विधान सभा विधान परिषद् सदस्य व केन्द्र सरकार में मंत्री है, वे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की कृपा से ही चुनाव जीते थे। लेकिन आज मुख्यमंत्री से ही मुकाबला कर रहे हैं। यदि उनमें थोड़ी सी भी नैतिकता बची हुई है, तो अपने-अपने पदों से इस्तीफा दें और फिर मैदान में आवें और दो-दो हाथ कर लें। उनके पता चल जायेगा कि जनता किसके साथ है। उन्होंने बिहार में सत्ता परिवर्तन पर कहा कि यहां शिकारी खुद शिकार हो गया। केंन्द्र सरकार एवं केन्द्रीय एजेंसियों का कोई भी काला जादू यहां चलनेवाला नहीं है। वे विश्व गुरु बनने चले थे, लेकिन इन गुरु घंटालों का यहां दाल गलनेवाला नहीं है।

माकपा विधायक अजय कुमार ने कहा कि देश और संविधान की रक्षा करने की एकमात्र शर्त है भाजपा को सत्ता से बेदखल किया जाय। साहसिक कदम उठाने के लिए मुख्यमंत्री बधाई के पात्र हैं। मुख्यमंत्री और तेजस्वी ने मिलकर भाजपा के अश्वमेध के घोड़ा को लगाम लगाया है। अब २०२४ के चुनाव में वे वैसी सफलता हासिल नहीं कर सकते हैं। इसलिए भाजपा वाले बौखला गये हैं। बिहार की लड़ाकू जनता ईडी, सीबीआई, इन्कम टैक्स के सामने घुटना नहीं टेकेगी। भाकपा माले नेता केडी यादव ने कहा कि मोदी-शाह की जोड़ी लोकतंत्र को कुचलने की कोशिश कर अपने फासिस्ट चरित्र का परिचय दे रही है। उनका एक ही मकसद है लोकतंत्र एवं संविधान को कुचलना एवं इतिहास को अपने माफिक बदलना। नड्डा ने बिहार में आकर कहा था कि वे विपक्ष मुक्त भारत बनाना चाहते हैं। अपने प्रयोगशाला के तौर पर उन्होंने बिहार को ही चुना। लेकिन बिहार जेपी, समाजवादियों एवं कम्युनिस्टों के आंदोलन की धरती रही है। हम लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज को बुलंद करते रहेंगे। भाकपा विधायक रामजतन ने कहा कि २०२४ में मुकाबला आमने-सामने का होगा।

कांग्रेस के राजेश राठौर ने कहा कि बिहार में भाजपा काफी कमजोर हो चुकी है। इसीलिए ईडी, सीबीआई एवं ईटी अपना कार्यालय हमारे कार्यालयों में आकर खोल लें। हम उनका स्वागत करेंगे। संवाददाता सम्मेलन में मंत्री आलोक मेहता, जदयू प्रवक्ता पूर्व एमएलसी प्रो. रणवीर नन्दन सहित अन्य नेता भी उपस्थित थे।

# राज्यपाल ने उपेंद्रनाथ वर्मा को किया नमन



**पटना ( आससे )।** राज्यपाल फागू चौहान ने स्व. उपेन्द्र नाथ वर्मा की पुण्यतिर्थिि के अवसर पर राजभवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया तथा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# बिहार में संगठन को धारदार बनायेगी भाजपा

**पटना ( आससे )।** बिहार में भाजपा संगठन को धारदार और मजबूत बनायेगी। पार्टी गांव-गांव तक उतर कर संघर्ष का रास्ता अपनाने की रणनीति पर काम कर रही है। पार्टी ने अगले लोकसभा चुनाव में ३५ से ४० सीटें जीतने का लक्ष्य बनाया है। पार्टी अगले चुनाव में अकेले मैदान में उतरने की तैयारी कर रही है। सूत्रों के अनुसार सरजमीन पर उतारने के लिए पार्टी नेताओं को जिले आवंटित कर दिये गये हैं। सूबे में भाजपा के ४५ संगठनात्मक जिले हैं। इन जिलों की जिम्मेदारी तीन केन्द्रीय मंत्रियों के अलावा प्रदेश के १३ दिग्गजों को दी गयी हे। पार्टी ने जिलों में अपने नेताओं को सक्रिय कर दिया है। २४ अगस्त के बाद से ही पार्टी नेताओं का जिला दौरा शुरू हो गया है। नेताओं को जिलों की जिम्मेदारी भी दी जा चुकी है। उन्हें जिलों में हर दिन कम-से-कम छह बैठकें करनी हैं। उन्हें मंडल स्तर पर कार्यकर्ता-पदाधिकारियों के साथ संवाद करने को कहा गया है। बैठकों में जिला कार्य समिति सदस्य पार्टी पदाधिकारी, विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडलों के मोर्चा योजनाओं के लाभार्थियों, पंचायत और नगर निकाय के जनप्रतिनिधियों के साथ क्षेत्र भ्रमण करनेवाले नेताओं को बैठकें करनी हैं।

# 'मन की बात' लोगों को दिखाती है कामयाबी की नयी राह

## कहा- कार्यक्रम लोगों को अपनी जमीन और संस्कृति से जोड़ रहा

**पटना ( आससे )।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 'मन की बात' लोगों की दुविधा और शंकाओं को दूर कर कामयाबी की नयी राह दिखाती हे।



'मन की बात' सुनते भाजपाई।

उक्त बातें पूर्व मंत्री व भाजपा नेता नंद किशोर यादव ने कहीं। उन्होंने कहा कि नमों के 'मन की बात' विदेश में भी लोकप्रियता का इतिहास रच रहा है। देश-विदेश के लोगों को महीने के अंतिम रविवार को उनके कार्यक्रम का बेसब्री से इंतजार रहता है। उन्होंने कहा कि महिलाओं समेत हर वर्ग के लोग 'मन की बात' को बड़ी तन्मयता के साथ सुनकर उसे अपने जीवन में अंगीकार करते हैं। आज 'मन की बात' के ९२वें एपिसोड में उन्होंने कई ऐ मंत्र दिये, जो जीवन को सहज और सरल बनाने में मदद करेंगे।

उन्होंने अपने 'मन की बात' में कहा कि यदि बरसात में पानी को बर्बाद होने से बचाया जास, तो गर्मी में उसका सदुपयोग हो सकता है। पानी का बेहतर इस्तेमाल जीवन के लिए बहुत जरूरी है।

उन्होंने मोटे अनाज की महत्ता भी बतायी और उसकी उपयोगिता पर बल दिया। उनकी 'मन की बात' कार्यक्रम लोगों को अपनी जमीन और अपनी संस्कृति से जुड़ने को प्रेरित करता है।

# बिहार का अगला सीएम भाजपा का होगा : रविशंकर

**पटना ( आससे )।** लोकसभा चुनाव में भाजपा ३५ से ४० सीटें जीतेगी। विधानसभा चुनाव में पार्टी की न केवल जीत होगी, बल्कि अगला सीएम भाजपा का ही बनेगा। यह दावा पूर्व कानून मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता रवि शंकर प्रसाद ने किया। उनहोंने कहा कि नीतीश कुमार को अब भाजपा से कोई संबंध नहीं रहा। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ने एनडीए की उपेक्षा कर महा गठबंधन की सरकार बनायी हे। उन्होंने कहा कि भाजपा इस अप्राकृतिक संबंधों से बनी सरकार के शासन से बिहार को मुक्ति दिलायेगी।

उन्होंने कहा कि महागबंधन की सरकार तीन खंभों पर टिकी है। इनमें एक वो हैं, जो भ्रष्टाचार में सजा काट चुके हैं, दूसरे वे जो समा जानेवाले हैं और तीसरा वो जो भ्रष्टाचार करनेवालों को बचा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सीएम को तो अब खुद को सुशासन बाबू कहना छोड़ देना चाहिए।

# जमीन से जुड़कर काम करें कार्यकर्ता : संजय

## पटना जिला जदयू ग्रामीण के प्रखंड अध्यक्षों तथा प्रभारियों की संयुक्त बैठक

( आज समाचार सेवा )

**पटना।** रविवार को जनता दल (यू) पटना जिला ग्रामीण के प्रखंड अध्यक्षों तथा प्रभारियों एवं पटना महानगर जनता दल (यू) के सेक्टर अध्यक्षों एवं प्रभारियों की संयुक्त बैठक जनता दल (यू) के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पटना जिला जनता दल (यू) के प्रभारी विधान पार्षद संजय सिंह के आवास पर आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता, पूर्व विधायक एवं जिला अध्यक्ष अरुण माँझी तथा संचालन जदयू महानगर अध्यक्ष रविंद्र पटेल ने किया।

बैठक को संबोधित करते हुए विधान पार्षद संजय सिंह ने कहा कि पटना जिले में 23 प्रखंड और 14 विधानसभा क्षेत्र हैं। पटना जिला के कार्यकर्ताओं को कलम से मजबूत होने का सुझाव दिया और पार्टी की मजबूती के लिए कार्यकर्ताओं को संगठन के स्तर पर जमीन से जुड़कर काम करने का आवाहन किया।



हर प्रखंड में कार्यालय खोलने की आवश्यकता पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि सभी प्रखंड अध्यक्ष अपने प्रखंड में जनता दल (यू) का कार्यालय स्थापित करें, जरूरत पड़ने पर मुझसे भी सहयोग प्राप्त कर सकते हैं।

विधान परिषद के सदस्य जनता दल जनता दल (यू) के राष्ट्रय सचिव रवीन्द्र प्रसाद सिंह ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपने दूरदर्शी सोच से दलित, महादलित के टोला में स्वतंत्रता दिवस एवं गणतंत्रता दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री की उपस्थिति में उस टोला के बुजुर्ग महादलित समुदाय के व्यक्ति के द्वारा झंडोत्तोलन किया जाता है।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष नवीन आर्य चन्द्रवंशी एवं प्रदेश प्रवक्ता अरविन्द निषाद ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 को ध्यान में रखते हुए जनता दल (यू0) के कार्यकर्ता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को प्रधानमंत्री बनाने के लिए महागठबंधन की ओर से पटना साहिब लोकसभा क्षेत्र जीता कर पटना साहिब के कार्यकर्ता अपनी महती भूमिका का निर्वहन करने का संकल्प ले। बैठक में श्री रूबेल रविदास, शत्रुधन पासवान, चंदन पटेल, महेश पासवान, शम्मी कपूर एवं आर.के. रवि आदि उपस्थित थे।

# चार्जशीटेड को मंत्रिपरिषद से बरखास्त करे सरकार : सुशील

**पटना ( आससे )।** गंभीर आपराधिक मामलों के आरोपी और भ्रष्टाचार के आरोप में चार्जशीटेड लोगों को मंत्रिपरिषद से बर्खास्त करें बिहार सरकार।



यह मांग पूर्व डिप्टी सीएम सह सांसद सुशील मोदी ने की है। उन्होंने कहा कि सुरेन्द्र यादव जैसे आपराधिक रिकार्ड वाले लोगों को मंत्रिमंडल में शामिल कर बिहार को नीतीश जी ने शर्मसार कर दिया।

उन्होंने कहा कि वे बाल यौन अपराध, महिला आरक्षण बिल की कापी संसद में फाड़नेवाले, अतुल अपहरण कांड, मेडिकल छात्रों पर फायरिंग, तिलकुट व्यापारियों से हिंसक झड़प और कांग्रेस के पूर्व विधायक की निर्मम पिटाई के आरोपी रहे हैं ।वे भाजपा के प्रेस कांफ्रेंस में बोल रहे थे।

# उज्ज्वला का बुझ गया चूल्हा, जिम्मेदार कौन, बताये केंद्र सरकार

**पटना ( निप्र )।** जनता दल यूनाइटेड के प्रवक्ता और पूर्व विधान पार्षद प्रो. रणबीर नंदन ने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार से प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना पर बड़े सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने पूछा है कि उज्ज्वला का चूल्हा बुझ गया है। इसके लिए कौन जिम्मेदार है, यह केंद्र सरकार तय करे।



उन्होंने कहा कि केंद्र की ओर से माताओं और बहनों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने और लकड़ी से चूल्हे के धुएं से आजादी के लिए योजना शुरू की गई। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री ने लोकसभा में बताया था कि नवंबर 2021 तक 8.8 करोड़ कनेक्शन दिए गए हैं। ढिंढ़ोरा पीटा गया कि उज्ज्वला योजना के तहत बिहार में करीब 87 लाख कनेक्शन बांटे गए। लेकिन, क्या आज केंद्र सरकार में इतनी हिम्मत नहीं है कि वह बता सके कि जितने कनेक्शन बांटे गए हैं, उसमें से कितने रीफिलिंग में आ रहे हैं। आंकड़ा 10 फीसदी से उपर नहीं जाएगा। यानि 90 फीसदी जो कनेक्शन बंटे, उसका लाभ किसी को आगे मिला ही नहीं। सत्य ये है कि उज्जवला योजना पूरी तरह फ्लॉप हो चुकी है ।प्रो. रणबीर नंदन ने कहा कि उज्ज्वला योजना के तहत गरीब परिवारों को गैस कनेक्शन दिए गए। लेकिन, पहली बार फ्री कनेक्शन मिलने के बाद से महज 10 फीसदी लोगों ने उज्ज्वला योजना के गैस की रीफिलिंग कराई है। कारण भी स्पष्ट है। उज्जवला योजना मई 2016 में शुरू हुई। तब 425 रुपए का घरेलू सिलिंडर था। आज 1150 रुपए एक सिलिंडर का दाम हो गया है। कमाई किसी की नहीं बढ़ी। लेकिन खाना बनाने के लिए गैस की कीमत ढ़ाई गुना बढ़ गई ।उन्होंने कहा कि बिहार की सरकार की ओर से गरीब परिवारों की आय बढ़ाने की योजना पर लगातार काम किया जा रहा है, लेकिन गैस की महंगाई ने गरीबों की आय को छीनने का काम किया है। उज्ज्वला योजना के तहत केंद्र सरकार केवल गैस सिलिंडर बांटकर अपनी जिम्मेदारियों से भाग नहीं सकती है ।प्रो. नंदन ने कहा कि बिहार जैसे प्रदेश के लिए इस योजना के प्रारूप में बदलाव किया जाना चाहिए। केंद्र सरकार को रीफिलिंग न करा सकने वाली स्थिति के परिवारों के बारे में सोचना चाहिए था। लेकिन, उन्होंने गैस कनेक्शन देने के बाद उन्हें भुला दिया। उज्ज्वला योजना का क्रेडिट लूटने वाली भाजपा सरकार इस योजना के फेल होने पर कोई बात नहीं करती है। इस योजना के फ्लॉप होने का भी क्रेडिट उन्हें लेना चाहिए। प्रो. रणबीर नंदन ने केंद्र पर हमला करते हुए कहा कि मई 2014 में रसोई गैस के एक सिलिंडर की कीमत 414 रुपये थी। जुलाई 2022 में पटना में गैस सिलिंडर की कीमत 1151 रुपये थे। पिछले 8 वर्षों में गैस की कीमतों में करीब तीन गुना की वृद्धि हो गई है। एक गरीब आदमी एक गैस सिलिंडर की कीमत पर पूरे महीने का राशन खरीदता है। वह इतनी बड़ी राशि कहां से जुटा पाएगा।

# राजस्थान ने भारत की स्वाधीनता के संग्राम को कई नायक दिये : राजीव रंजन

( आज समाचार सेवा )

**पटना।** ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेन्स के ग्लोबल अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने भारत की आजादी के नायकों की स्मृति में आयोजित राष्ट्रव्यापी व्याख्यानमाला के अवसर पर राजस्थान के अनेक सरकारों में महत्वपूर्ण पदों पर आसीन रहे स्वतंत्रता सेनानी स्व. मथुरा दास माथुर को एक विराट व्यक्तित्व की संज्ञा देते हुए कहा कि राजस्थान की नवनिर्माण यात्रा में उनकी अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका रही है। जहां तक एक ओर वह आजादी के संग्राम के प्रथम पंक्ति के सेनानी थे, वहीं स्वतंत्र भारत में उनके अनेक यादगार फैसले आज के राजनेताओं के लिए अनुकरणीय है। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी स्व. गोबिंद लाल माथुर को भी उन्होंने श्रद्धांजिल दी।



श्री प्रसाद ने इस अवसर पर राजस्थान के प्रथम मुख्यमंत्री स्व. माणिक्य लाल वर्मा एवं स्व. शिवचरण माथुर को राष्ट्रीय नायक बताया। उन्होंने आजादी के योद्धाओं एवं सेना के जांबाज जवानों को मुश्किल से मिली इस आजादी की हिफाजत के लिए सराहा। मुख्य वक्ता प्रसिद्ध सर्जन डाक्टर जगमोहन माथुर ने स्व. माथुर को एक दूरदशी एवं लोकप्रिय राजनेता बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जीकेसी राजस्थान के अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव ने की। संचालन प्रदेश महासचिव सुश्री सपना वर्मा ने किया।

# ऑनलाइन लेखांकन की प्रणाली 'वामिस' 31 मार्च तक स्थगित

( आज समाचार सेवा )

**पटना।** राज्य सरकार के विभिन्न विभाग के लेखांकन को पूर्ण रूप से ऑनलाइन करनेवाली वामिस (डब्ल्यूएएमआईएस) प्रणाली को २६ अगस्त २०२२ के प्रभाव से ३१ मार्च २०२३ तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। अपर मुख्य सचिव, वित्त विभाग डा. एल. सिद्धार्थ ने एक पत्र जारी कर राज्य सरकार के विभिन्न विभागों को इसकी सूचना दी है।

ज्ञात हो कि वामिस प्रणाली को लागू करने का उद्देश्य विभिन्न प्रकार की प्रक्रियाओं को विहित मानक के अनुरूप संवर्द्धित कर, उन्हें लागू किया जाना था, जो वर्तमान लोक निर्माण संहिता एवं अन्य संगत प्रावधानों के अनुरूप हो।

इसे विभाग की अपनी आवश्यकताओं के आधार पर कस्टमाइज कर लागू किया जाना अपेक्षित नहीं है। इस प्रकार संहिता के प्रावधानों का विचलन कर त्रुटिपूर्ण प्रक्रियाओं/संव्यवहारों को वामिस प्रणाली में शामिल करने के बिंदु पर सहमति नहीं दी जा सकती है।

उपरोक्त परिप्रेक्ष्य में वित्त विभाग द्वारा निर्णय लिया गया है कि वामिस को कार्य विभागों के लिए दिनांक २६.०८.२०२२ से स्थगित किया जाता है ताकि वामिस में प्रतिदिन कमियों की वजह से कार्य विभागों का नियमित कार्य प्रभावित नहीं हो। वामिस प्रणाली को दिनांक ०१.०४.२०२३ से पुन: कार्यरत किया जायेगा। इस संबंध में सभी संबंधितों को शीघ्र विस्तृत दिशा-निर्देश निर्गत किया जायेगा।

वामिस प्रणाली के स्थगन के फलस्वरूप कार्य विभागों के कार्य संबंधी विपत्र पूर्व की भांति सीएफएमएस के माध्यम से तैयार किया जायेगा।

# तीज कल, दिन भर हुई खरीदारी, बाजारों में रौनक

**पटना** (आससे)। सनातन धर्मावलंबियों की सुहागिनों का प्रमुख पर्व तीज में अब मात्र एक दिन रह गया है। इसको लेकर महिलाएं तैयारी में जुट गयी हैं।

वे पर्व के लिए खरीदारी करने बाजारों में पहुंच रही हैं। इसके चलते राजधानी के सभी बाजारों में चहल-पहल बढ़ गयी है। रविवार होने के चलते बाजारों में और दिनों की बनिस्बत अधिक भीड़ दिखी। बाजारों में महिलाएं साड़ी, शृंगार व आभूषण की दुकानों पर खरीदारी करती दिखीं। पर्व के निमित्त दुकानदारों ने भी सभी चीजों के लेटेस्ट आइटम मंगा रखे हैं, ताकि उनकी दुकानों पर जो भी ग्राहक आये उन्हें निराश होकर नहीं लौटना पड़े।







राजधानी के कंकड़बाग, भूतनाथ रोड, अशोक नगर, बोरिंग रोड, बोरिंग केनाल रोड, शेखपुरा, शास्त्रीनगर, रामकृष्णानगर में दुकानदारों ने साड़ी के एक से बढ़कर एक कलेक्शन रखे हैं। इन इलाकों की दुकानों के शटर उठते ही महिलाएं समूह में पहुंचने लगीं। दुकानों पर पहुंचते ही वे नयी डिजाइन वाली साड़ियां दिखाने को कहतीं। इसके बाद दुकानदारों के द्वारा लेटेस्ट डिजाइन वाली साड़ियां दिखायी जाने लगीं।

इसमें कांजीवरम, शिफॉन, सिल्क और नक्काशीदार साड़ियां थीं। सुनीता ने कांजीवरम साड़ी पसंद की। उसने बताया कि वैसे तो इस पर्व को हर वर्ष मना ही रही थी, लेकिन इस बार इसे याादगार बनाऊंगी। क्योंकि, पिछले दो साल से कोरोना ने सबों को तबाह करके रख दिया था। अब जब मौका मिला है, तो इसे खास बनाने से कौन चूकना चाहेगी। वहीं रंभा और अनिता सिन्हा ने सिल्क और शिफॉन साड़ियां खरीदीं। इन दोनों की साड़ियों के कलर अलग-अलग थे। खरीदारी के समय दोनों ने अपने शरीर पर साड़ियों को रख कर आइने में देखा। आइने में देख दोनों फूले नहीं समा रही थी। हरतालिका तीज को लेकर आभूषण की दुकानों पर भी अच्छी-खासी भीड़ रही। यहां सुहागिनें पहुंचीं और अपनी-अपनी क्षमता के अनुसार जेवरात की खरीदारी की। कोई सोने का झुमका, तो किसी ने कर्णफूल खरीदी। वहीं कुछ लोगों ने चूड़ियों के सेट खरीदे। इसमें नवविवाहिताओं की संख्या ज्यादा रही। इसके अलावा कई महिलाओं ने चांदी के जेवरात खरीदे। महिलाओं ने चूड़ी, बिंदी, सिंदूर, कुमकुम, माहौर, नेल पॉलिश, बिछिया, मेहंदी, ऐनक, कंघी, लिपिस्टक, आलता, काजल सहित अन्य की खरीदारी कर रही थीं। पूजा के बाद दान में दी जानेवाली सामग्री भी वे खरीद रही थीं। इस दिन महिलाएं सोलह शृंगार कर शिव-पार्वती का व्रत रखती हैं। पारंपरिक त्योहार को ले महिलाओं का उत्साह देखते बन रहा है। हरे रंग की साड़ी, सूट, हरी चूड़ियों का इसमें विशेष महत्व है। दुकानदारों ने कहा कि इस त्योहार में हरे रंग की साड़ी, सूट के साथ हरी चूड़ियों का महत्व होता है। दुकानदार अनुज ने बताया कि हरे रंग में ही कई तरह के डिजाइन आ गये हैं। ज्यादातर महिलाएं चूड़ियों के सेट बनवा रही हैं, जिनकी कीमत पांच सौ से लेकर हजार रुपये तक है। दुकानदार शुभम के अनुसार हरे रंग की साड़ी शुभ मानी जाती है।


विद्वानों के मुताबिक अगर महिलाएं तीज व्रत रखती हैं, तो उनके पति को लंबी उम्र मिलती है। गीली काली मिट्टी या बालू रेत, बेलपत्र, शमी पत्र, केले का पत्ता, धतूरे का फल एवं फूल, अकांव का फूल, तुलसी, मंजरी, जनैव, नाडा, वस्त्र, फल, मां पार्वती के लिए सुहाग सामग्री, पंचामृत आदि से पूजा होती है।

| **साड़ी** | **कीमत** | ठेकुआ | 200 |
|---|---|---|---|
| शिफॉन | 1500-3500 | पेड़किया | 300 |
| सिल्क | 2500-5000 | **डलिया** | **कीमत** |
| कांजीवरम | 4500-10000 | साधारण | 100 |
| **मिठाई** | **कीमत** | अच्छा | 200-250 |
| अनरसा | 150-200 | उत्तम | 400-600 |
| अनरसा खोआ | 300-450 | | |

# 31 को सजेगा गणपति का दरबार

- महाराष्ट्र मंडल में 5.5 फुट की होगी प्रतिमा
- छह सिंतबर को निकाली जायेगी शोभायात्रा

**पटना** (आससें)। इस बार पटना में गणेशोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा। इसके लिए पूजा समितियों ने मुकम्मल तैयारी की है। विघ्नहर्ता गणेश का दरबार ३१ अगस्त (बुधवार) को सजेगा और अतंत पूजा (९ सितंबर) के दिन १० दिवसीय गणेशोत्सव का समापन होगा। खासकर, दारोगा राय पथ स्थित महाराष्ट्र मंडल के सदस्यों ने गणेशोत्सव को यादगार बनाने का निर्णय लिया है। यहां भगवान गणेश की प्रतिमा मुंबई से आयेगी। मुंबई से २६ अगस्त को ही सड़क मार्ग द्वारा प्रतिमा चल चुकी है। प्रतिमा यहां आने के बाद महाराष्ट्र मंडल के कार्यालय में रखी जायेगी। यहां सरस्यों के द्वारा प्रतिमा का स्वागत किया जायेगा। ३१ अगस्त को भगवान गणेश का जन्मोत्सव मनाया जायेगा। उनकी प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा कर पूजा-अर्चना, अभ्यर्थना की जायेगी। यहां इस वर्ष भगवान गणेश की प्रतिमा ५.५ फुट की होगी। ३१ अगस्त को सुबह में सबसे पहले कलश स्थापना होगी। उसके बाद प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा। तदुपरांत अन्य देवी-देवताओं की आरती होगी। यहां पूजा के लिए महाराष्ट्र से पांच पंडितों का समूह आ रहा है। दो सितम्बर को महिलाओं द्वारा हल्दी-कुमकुम का कार्यक्रम होगा। फिर यहां आनेवाले भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया जायेगा। संध्या में महाराष्ट्र के कलाकारों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जायेग। कलाकार विघ्नहर्ता गणेश की शान में एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत करेंगे। महाराष्ट्र के झांजपथक की भी कलाकारों द्वारा प्रस्तुति की जायेगी। छह सितम्बर को नगर में शोभायात्रा निकाली जायेगी, जिसमें भगवान गणेश यहां के भक्तों से अगले साल फिर आने का वादा लेकर विदा लेंगे।



**पूजा का शुभ मुहूर्त**

अमृत योग सुबह 7.5 - 8.40 बजे तक

शुभ योग सुबह 10.15 - 11.15 बजे तक बजे तक

चर व लाभ योग - शाम 2.59 -6.9 बजे तक

# घाट के पथ वे पर पहुंचा पानी

**पटना** (आससे)। गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ने से रविवार को घाट के पथ-वे पर चढ़ गया। जलस्तर बढ़ने से दियारा में रहने वाले लोग चिंतित हो रहे है। कहीं ऐसा न हो जाएं कि 2016 वाला दृश्य दिखने को मिले।



पटना के गांधी घाट के पथ पर पानी चढ़ गया है। यहां पर रविवार को आरती होती है। घाट के प्रबंधन ने रस्सी बांधकर आरती का आयोजन कियो है। वहीं, जलस्तर बढ़ने के साथ-साथ शाम को घाटों पर श्रदालुओं को भीड़ जुटने लगी। हालांकि, पुलिस बल की तैनाती कर दी गई। पुलिस बल लोगों को घाट पर उतरने के लिए मना भी करते रहे। पुलिस की बात कुछ लोग माने तो कुछ लोग नहीं भी। हालांकि, एक ओर रविवार की दिन और दूसरी ओर आरती का आयोजन। लोगों की भीड़ भी चरम सीमा पर। रविवार को छात्रों को कोचिंग-क्लास बंद होने और स्थानीय लोग को जॉब से छुट्टी होने के कारण लोग घूमने के लिए बच्चों संग घाट पर आये हुए थे। इससे और भी ज्यादा भीड़ जुटने लगी। वहीं, बात करें तो दियारा से पटना आने वाले लोगों ने कहा कि दियारा में पानी लगातार बढ़ रही है। जलस्तर थोड़ा और बढ़ेगा, तो हमलोग वहां से पलायन कर जायेंगे। अभी हालात नियंत्रण में है।

उन्होंने बताया कि हमलोग गंडक के उसपार रहते है। वहां पर सरकार द्वारा बालू भराई गई थी। इस वजह से अभी तक वहां पानी चढ़ नहीं पाया। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों से जिस तरह से जलस्तर बढ़ रहा है। लगता है कि जल्द ही हमलोग वहां से पलायन कर जायेंगे।

## कदमकुआं में चेन झपटी कंकड़बाग में पर्स छीना

**पटना** (निप्र)।कदमकुआं थाना क्षेत्र के साहित्य सम्मलेन के पास फल खरीदने आयी महिला के गले से बदमाशों ने डेढ़ लाख के सोने की चेन झपट ली। यहां सालीमपुर अरहरा से संगीता नाम की एक महिला फल खरीदने के लिए आयी थी। उसका पीछा कर रहे एक काले रंग की बाइक पर सवार दो अपराधियों ने महिला के गले से डेढ़ लाख के सोने की चेन झपट कर फरार हो गया है। वहीं भीड़ भार वाले इलाके में इस तरह की वारदात से पुलिस की गश्ती पर लोग सवाल खड़े कर रहे हैं। हालांकि घटना के बाद मिली सुचना पर पुलिस घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला है। पुलिस का कहना है कि अपराधियों को जल्द पकड़ लिया जाएगा।वहीं दूसरी घटना पटना के कंकड़बाग थाना क्षेत्र के पीसी कॉलोनी की है। यहां राशि कुमारी से बदमाशों ने पर्श झपट कर भाग गया। महिला ख़रीदारी कर रही थी।

# सजा दीवान, शबद-कीर्तन से संगत निहाल

**पटना सिटी** (आससे)। गायघाट स्थित बड़ी संगत गुरुद्वारा में श्री गुरु ग्रंथ साहिब के प्रकाश पर्व को लेकर विशेष दीवान सजा। इस अवसर पर सजे विशेष दीवान में कथा वाचक ज्ञानी सुखदेव सिंह ने गुरु ग्रंथ साहिब के प्रकाश के बारे में बताया, तब रागी जत्थों में भाई नविंदर सिंह, भाई जोगिंदर सिंह व जालंधर से आ रहे रागी जत्था भाई रजिंदर सिंह अरजानी ने शबद कीर्तन से संगत को निहाल किया। विशेष दीवान की समाप्ति हुकुमनामा व शस्त्र दर्शन के साथ विश्व बंधुत्व के लिए तख्त साहिब के अतिरिक्त मुख्य ग्रंथी भाई ज्ञानी बलदेव सिंह ने अरदास, हुकुमनामा और वरीय मीत ग्रंथी ज्ञानी दिलीप सिंह ने दीवान का संचालन किया.इससे पहले बीते दो दिनों से ग्रंथी श्याम सिंह व संतोख सिंह की देखरेख में चल रहे श्री गुरु ग्रंथ साहिब के अखंड पाठ की समाप्ति हुई. इसके बाद दीवान सजा. विशेष दीवान में प्रबंधक कमेटी के पदधारकों व सिख संगत उपस्थित होकर श्रद्धा अर्पित की. इसके बाद गुरु का लंगर भी चला. गुरुवाणी प्रचार सेवा केंद्र में प्रो लाल मोहर उपाध्याय की रची पुस्तक आदि श्री गुरु ग्रंथ साहिब की महिमा का विमोचन पूर्व महासचिव महेंद्र पाल सिंह ढिल्लन ने की.संचालन बेबी कुमारी व अतिथियों का स्वागत छोटू तिवारी ने की. दूसरी ओर तख्त साहिब में चौथे गुरु रामदास जी के ज्योतिजोत पर्व को लेकर श्री गुरु ग्रंथ साहिब का अखंड पाठ रखा गया. जबकि पांचवें गुरु अजरुन देव जी महाराज के गुरुता गद्दी दिवस का अखंड पाठ हुआ।



रेल भर्ती बोर्ड, पटना
महेन्द्रूघाट, पटना - 800004
वेबसाइट : http://www.rrbpatna.gov.in, ई-मेल : rrbpatna@nic.in
फोन : 0612-2677680

केंद्रीकृत रोजगार सूचना सं. (CEN) RRC-01/2019 (लेवल-1)
उम्मीदवारों के लिए महत्वपूर्ण सूचना

यह देखा गया है कि वर्तमान में चल रही रेल भर्ती बोर्ड लेवल - 1 परीक्षा के प्रश्न पत्रों के लीक होने के बारे में भ्रामक खबरें फैलाई जा रही हैं। इस संदर्भ में सर्व संबंधित को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि रेलवे परीक्षा की प्रक्रिया को इस प्रकार डिजाइन किया गया है कि इसमें लीक की कोई गुंजाइश नहीं है। सभी उम्मीदवारों के प्रश्न पत्र और विकल्प अनियमित क्रम में व्यवस्थित रहते हैं। प्रश्न पत्र केवल अधिकृत उम्मीदवार द्वारा परीक्षा अवधि में ही देखे जा सकते हैं।
इसलिए यदि कोई दावा करता है कि उसके पास प्रश्न पत्र या उत्तर कुंजी की पूर्व सूचना है, तो वह धोखा देने का प्रयास कर रहा है। सभी उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे न केवल ऐसे बिचौलिये/दलालों पर अविश्वास करें बल्कि इसके बारे में तुरंत रिपोर्ट भी करें।
ऐसी घटनाओं की सूचना निम्नलिखित माध्यमों से रेलवे को दी जा सकती है-
1) रेल भर्ती बोर्ड, महेंद्रूघाट, पटना कार्यालय में आकर
2) फ़ोन नंबर 0612-2677680 पर डायल करके
3) मेल आईडी rrbpatna@nic.in पर विवरण भेजकर
4) निकटतम पुलिस स्टेशन में रिपोर्ट करके।
सूचना देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी।
अध्यक्ष, रेलवे भर्ती बोर्ड, पटना एवं मुजफ्फरपुर
सूचना सं. आरआरबी / पैट / आरआरसी-01 / 19 / 2022 / 11. दिनांक : 28.08.2022

## एयरपोर्ट पर महिला के बैग में मिला कारतूस, हड़कंप

**पटना** (निप्र)।एयरपोर्ट पर एक महिला के बैग में कारतूस मिलने से हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि महिला अपने बेटे के साथ दिल्ली जा रही थी। इस दौरान एयरपोर्ट पर जांच के दौरान उसके बैग में गोली मिली। इसके बाद एयरपोर्ट पर सुरक्षा में तैनात सीआईएसएफ की टीम ने महिला और उसके बेटे को अपनी कस्टडी में ले लिया। शुरुआती पूछताछ के बाद दोनों को एयरपोर्ट थाना के हवाले कर दिया गया। महिला समस्तीपुर की रहने वाली है।महिला की पहचान समस्तीपुर निवासी श्रद्धा झा के रूप में हुई है। वह अपने बेटे शैल कश्यप के साथ इंडिगो की फ्लाइट 6ई-178 से दिल्ली जाना था। सुरक्षा जांच के दरम्यान बोर्डिंग से पहले उनके रजिस्टर्ड बैग की स्क्रीनिंग हुई। जब बैग स्कैनर मशीन में था, तब उसमें से आवाज आने लगी। शक होने पर बैग को खोला गया। फिर उसमें से 315 और 12 बोर के दो जिंदा गोली बरामद हुई।

# गार्ड की हत्या कर डकैती डालने में 10 गिरफ्तार

## मिला हथियार, पूर्व स्टाफ साजिश में था शामिल, दो लाख 13 हजार रुपये बरामद

**पटना सिटी** (आससे)। मालसलामी थाना क्षेत्र के दीदारगंज सिमली टॉल प्लाजा के समीप स्थित बुद्धा टोयटा के शो रु म मे बदमाशो गार्ड की चाकू मार हत्या करने व दूसरे को बंधक बनाकर लगभग नौ लाख रुपए से अधिक की राशि लूटकर ले जाने के मामले का खुलासा किया है।. पुलिस ने इस मामले में दस लोगों को गिरफ्तार किया है. इसमें बुद्धा टोयोटा का पूर्व स्टाफ मनीष भी शामिल है। इस मौके पर आयोजित प्रेस वार्ता में वरीय पुलिस अधीक्षक मानवजीत सिंह ढिल्लो ने बताया कि वैज्ञानिक व तकनीकी अनुसंधान से मामले की गुत्थी सुलझाने में जुटी थी। इसी क्रम में गुप्त सूचना मिली कि इसी थाना के मगध सरिया प्लांट के समीप में कुछ अपराधी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने में एकत्रित हुए है. सूचना के बाद सादे लिवास में पुलिस टीम पहुंच कर घेराबंदी की और हुलिया के आधार पर दस को गिरफ्तार किया. गिरफ्तार लोगों की तलाशी में पुलिस ने तीन देसी पिस्टल, छह गोली, बड़ा चाकू तीन बरामद किया गया. एसएसपी ने बताया कि गिरफ्तार लोगों में मनीष पासवान, मनीष कुमार, चंदन कुमार शेट्टी, सूरज कुमार, सतीश कुमार, सूरज कुमार, रंजीत कुमार, दीपक कुमार, राजा कुमार और जीतेंद्र कुमार है. पूछताछ में इन लोगों ने स्वीकार किया कि बुद्धा मोटर्स में डकैती व गार्ड की हत्या, आशियाना में हुंडई के शो रूम में डकैती, महेंदीगंज, गोपालपुर, व गौरीचक में लूट व डकैती की घटना को अंजाम दिया है. घटना को अंजाम देकर ये टाल एवं दियारा में अपना ठिकाना बना लेते थे. इनकी निशानदेही पर लूटे हुए दो लाख 13 हजार रुपये व आपतिजनक सामिग्रयां बरामद किया गया है. पुलिस पकड़े गये आरोपियों से पूछताछ कर रही है. संवाददाता सम्मेलन में डीएसपी अमित शरण व थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार समेत अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित थे।




# सेतु पर बस में लगी आग, अफरा-तफरी

**पटना सिटी** (आससे)। महात्मा गांधी सेतु के हाजीपुर से पटना आने वाले पूर्वी लेन पर बस मे धुआ के साथ आग लग गई। घटना महात्मा गांधी सेतु की पाया संख्या 36 से 37 के बीच घटी है. आग लगने की वजह से सेतु पर अफरा-तफरी मच गई. इसी बीच बस पर सवार लगभग एक दर्जन से अधिक यात्री सुरक्षित नीचे उतर गये।. सूचना मिलते ही मौके पर आलमगंज, गंगा ब्रिज और यातायात थाना की पुलिस पहुंची और फायर बिग्रेड को बुलाया. इसके बाद पटना सिटी फायर स्टेशन से मौके पर पहुंची तीन यूनिट ने आग को बुझाया. घटना के बाद कुछ देर के लिए वाहनो का परिचालन उस लेन पर प्रभावित हो गए थे. बताया जाता है कि मुजफ्फरपुर से यह बस पटना आ रही थी. इसी दौरान सेतु पर इंजन के पास चिंगारी निकली, चालक ने स्थिति की गंभीरता को देख बस को साइड कर ब्रेक लगा रोक दिया. इसके बाद यात्री को नीचे उतारा गया. इसी बीच धीरे-धीरे बस में आग फैल गया. यातायात थानाध्यक्ष कुमार वीरेंद्र ने बताया कि आग बुझा दिया गया है. कोई हताहत नही है. जले बस को क्रेन की मदद से यातायात थाना लाया गया है. आग लगी की वजह स्पष्ट नहीं है. बस का नंबर प्लेट भी जल गया है. ऐसे में यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है कि बस किसका है. थानाध्यक्ष के अनुसार बस चालक व मालिक पुलिस के सामने नहीं आया है. चालक की तलाश की जा रही है. मामले में जांच पड़ताल चल रहा है।





## जमीन मालिक और राइस मिल मालिक में मारपीट, गोलीबारी



**फुलवारीशरीफ।** पटना के गौरीचक थाना क्षेत्र के खुशहाल चक में राइस मिल के पास रविवार को जमीन मालिक व राइस मिल संचालक के बीच मारपीट हो गयी। मारपीट का विवाद इतना बढ़ा कि जमीन मालिक पर दूसरे गुट ने गोली चला दी। हालांकि गोलीबारी में कोई जख्मी नहीं हुआ। इस संबंध में गौरीचक थाना में रविंद्र सिंह व मुन्ना सिंह ने गौरीचक थाना में मारपीट किये जाने, रुपये नहीं देने एवं गोली चलाने का मामला दर्ज कराया है।

रविंदर सिंह ने बताया कि 20 वर्ष के लिए उन लोगों ने फुलपतीया देवी एवं सहजनी देवी को राइस मिल चलाने के लिए बजाप्ता एक एग्रीमेंट कराकर 46 डिसमिल जमीन दिये थे। रविंद्र सिंह व मुन्ना सिंह का कहना है कि कुछ महीनों तक करार किये गये किराया की राशि मिलता रहा। इधर जब किराये की राशि मांगने गये तो टालमटोल किया जाने लगा। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार 28 अगस्त को समय करीब 12:30 बजे राइस मिल के पास वाली जमीन नापी करने गये तो वहां राजेश कुमार एवं निखिल कुमार उर्फ छोटू दोनों पिता स्व. गजेंद्र कुमार सिंह आकर मारपीट करने लगे। इस बीच राजेश कुमार ने पिस्तौल से गोली चला दिया। हालांकि गोली उनके सर के पास से गुजर कर निकल गया और वह बाल-बाल बच गये। उनका कहना है कि किसी तरह जान बचाकर थाना आये और शिकायत दर्ज कराया। वहीं पुलिस का कहना है कि गोलीबारी की घटना निराधार है।

गौरीचक थानाध्यक्ष कृष्ण कुमार सिंह ने कहा कि दो पक्षों के बीच मारपीट का मामला है। उन्होंने फायरिंग की घटना से साफ इंकार किया है। पुलिस इस मामले में हर पहलू पर तहकीकात कर रही है।

## प्राइवेट स्कूलों के शिक्षकों को किया जायेगा सम्मानित

**पटना सिटी (आससे)।** प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन के बैनर तले आगामी 31 अगस्त को पटना के रविंद्र भवन में आयोजित होने वाले दसवे शिक्षक सम्मान समारोह में देश भर से आए हुए दो हजार से ज्यादा शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। इस बात की जानकारी प्रेस वार्ता में प्राइवेट स्कूल एन्ड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शमायल अहमद, पटना महानगर के अध्यक्ष पंकज किशोर सिंह संयुक्त रूप से कही। श्री अहमद ने कहा कि कार्यक्रम का उद्घाटन विश्व के रोटरी अध्यक्ष 2021-22 के रोटेरियन शेखर मेहता खासकर इस कार्यक्रम के उद्घाटन के लिए कोलकाता से आएंगे इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बिहार के शिक्षा मंत्री प्रोफेसर चंद्रशेखर ,एनिमल हसबेंडरी मिनिस्टर अफाक आलम, इंडस्ट्री मिनिस्टर संजीव कुमार महासेठ, आपदा मंत्री मोहम्मद शाहनवाज, पंचायती राज मंत्री मुरारी गौतम, नालंदा लर्निंग के डायरेक्टर तिमिर मुखर्जी, एवं सीईओ तमल मुखर्जी उपस्थित रहेंगे। शमायल अहमद ने कहा इस अवसर पर सभी सम्मानित होने वाले शिक्षकों को एसोसिएशन के द्वारा मोमेंटो एवं एक वृक्ष दिया जाएगा ताकि वह उस वृक्ष को लगाकर अपने सम्मानित होने के दिन को सदा याद रखेंगे। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से उपस्थित होने वाले लोगों में से एसोसिएशन के संयुक्त सचिव,कन्हैया प्रसाद, मोहम्मद साबिर,सुशीला सिंह, कुमार प्रणय,तुलिका घोशाल,मोहम्मद अम्मर रिजवी,प्रोजेक्ट हेड नेहा सुमन, एवं एसोसिएशन की प्रधान कार्यालय सचिव फौजिया खान विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## एक ही रात तीन दुकानों में लाखों की चोरी



**फुलवारीशरीफ।** राष्ट्रीय गंज इलाके में बिरला कॉलोनी गेट के पास कंप्यूटर इलेक्ट्रॉनिक सेल सर्विस व मनी ट्रांसफर, एक भुजा दुकान और एक साइकिल दुकान में चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। पीड़ित दुकानदारों ने फुलवारीशरीफ थाना में चोरी का मामला दर्ज कराया है। कंप्यूटर सेल एंड सर्विस व मनी ट्रांसफर करने वाले दुकान का दुकानदार आशीष कुमार ने बताया कि रविवार को सुबह जब दुकान पहुंचा, तो दुकान का ताला टूटा हुआ था।

दुकान में पूरा सामान बिखरा हुआ देख उसके होश उड़ गये। लेटेस्ट आईटी सॉल्यूशन दुकान के संचालक आशीष ने बताया कि उनके दुकान में रखा हजारों रुपये नगद समेत भारी मात्रा में कंप्यूटर पार्ट्स भी चोरों ने उड़ा लिया। काउंटर खोल देखा तो सारा रुपया चोरी हो गया था, जो कि करीब 41 हजार 500 व 70 हजार का कंप्यूटर पार्ट्स गायब हुआ है। वहीं इसके बाद चोरों ने नया टोला निवासी मोहम्मद सगीर के बेटे मोहम्मद शमशेर का साहिल साइकिल स्टोर दुकान में दीवार में सेंधमारी कर हजारों का सामान व नगद राशि लेकर फरार हो गये। दुकानदार शमशेर ने बताया कि उनके दुकान में रखा 40 हजार का सामान गला में रखा 45 हजार नगद एवं इसके अलावा करीब 8 हजार का पुराना सामान चोरों ने ले भागा। वहीं इसके बाद चोरों ने बगल के भूंजा दुकान में भी चोरी की वारदात को अंजाम दिया है, ढूंढो दुकानदार मदन अग्रहरि ने बताया कि हजारों रुपये का सामान चोरी हुआ है। वहीं फुलवारीशरीफ थाना की पुलिस ने चोरों का पता लगाने के लिए टीम गठित कर दिया है।

## गंगा का बढ़ा जल स्तर सड़क पर आया पानी

**पटना सिटी (आससे)।** अनुमंडल के भद्र घाट व महावीर घाट गंगा पथ पर गंगा का पानी आने से



यातायात बाधित हो गई। गंगा के जलस्तर में बढ़ाओ के बाद गंगा पथ पर पानीआ गई बाद में प्रशासन ने परिचालन को रोक दिया गया। इस संबंध में अनुमंडल अधिकारी ने बताया कि गंगा के पानी महावीर घाट,भद घाट और कंगन घाट सड़कों पर आने से अगले आदेश तक यातायात को रोक दिया गया। गौरतलब है कि गंगा पथ पर पानी आने से बाढ़ का खतरा बढ़ गया है।

## तारेगना स्टेशन पर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

(निजप्रतिनिधि)

**पटना।** पटना-गया रेलखंड के तारेगना स्टेशन पर पुलिस मुख्यालय के इनपुट के आधार पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। इसी क्रम में रविवार को तारेगना स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक और प्लेटफार्म नंबर दो पर जी आर पी तारेगना पुलिस और आर पी एफ पुलिस के द्वारा संयुक्त रूप से फ्लैग मार्च किया गया। फ्लैग मार्च पूरे रेलवे परिसर में किया गया। साथ ही फ्लैग मार्च के दौरान स्टेशन परिसर में यात्रा करने के लिए आते जाते लोगों पर भी विशेष नजर रखी जा रही है। इस दौरान तारेगना स्टेशन पर भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती कर दी गयी है। पूरे मामले में तारेगना रेल थानाध्यक्ष ने कहा कि हमें पुलिस मुख्यालय से ये निर्देश मिला है कि स्टेशन परिसर में सुरक्षा बढ़ा दें। साथ ही स्टेशन पर हर छोटी बड़ी गतिविधियों पर पैनी नजर रखें।

## बजरंग दल ने निकाला जुलूस

**पटना सिटी (आससे)।** राष्ट्रीय बजरंगदल पटना साहिब के तत्वाधान में अखंड भारत दिवस पर जुलूस इससे पहले जीतू लाल लेन में भारत माता के चित्र पर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने फूलमाला चढ़ाकर



निकाली। जुलूस जीतू लाल लेन होते हुए शहीद भगत सिंह चौक पहुंची जहां भगत सिंह की प्रतिमा पर फूलमाला चढ़ाकर देश की एकता अखंडता का संकल्प लिया। जुलूस का नेतृत्व वार्ड 62 के अध्यक्ष अशोक सिन्हा ने करते हुए कहा कि बजरंग दल देश की एकता अखंडता के लिए कटिबद्ध है। अखंडता का संकल्प लिया। इस मौके पर बजरंगदल,के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ सुलेंद्र सिंह, पटना साहिब अध्यक्ष अजय कुमार,वार्ड. 62 अध्यक्ष अशोक सिन्हा,निरंजन,विनीत मनोज भादानी,राजकुमार,पप्पू जी ,दिल्लू ,गुपेष,छोटू, नीरज,उषा जी,इत्यादि सभी बजरंगी भाई शामिल हुए।

## कोविड के बाद सदाचार की भूमिका अहम हो गयी है: रामाशीष

**पटना (आससे)।** कोरोना काल के बाद मानव जीवन शैली भंग होकर दो वर्षों के बाद फिर से जुड़ने लगी है। अकल्पनीय बन्दी से न सिर्फ जन जीवन ठप हुआ, बल्कि पुरुषार्थ का विधान बच्चों की क्रियाशीलता, युवाओं का शक्ति संचय, कर्तव्य कर्म भी बन्द रहा। वर्तमान काल बन्दी से निकलकर मुक्ति की ओर बढ़ रही है। ऐसे समय में भोजन, वस्त्र, आवास के साथ सदाचार को अनिवार्य आवश्यकता में शामिल किया जाय तो एक सवस्थ जीवन शैली के विकास को गति दी जा सकती है।

इस आशय की भावना साझा करते हुए सदाचार समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामाशीष सिंह ने कहा वर्तमान में व्याप्त वैचारिक प्रदूषण को सदाचार और गीता ज्ञान से ही प्रदुषण मुक्त बनाया जा सकता है।

## 300 से अधिक लोगों ने हड्डी चर्म रोगों की करायी जांच

**पटना (आससे)।** अग्र भारत फाउण्डेशन का तीसरा नि:शुल्क हड्डी रोग एवं चर्म रोग जांच शिविर फाउण्डेशन के संस्थापक अध्यक्ष गणेश कुमार खेतड़वाल की अध्यक्षता में अग्रसेन भवन शक्ति धाम में आयोजित हुआ। पूर्वाह्न १० बजे से अपराह्न ३ बजे तक आयोजित इस शिविर में ३०० से अधिक मरीजों ने हड्डी एवं चर्म रोग की जांच करायी। हड्डी रोग के मरीजों की जांच एम्स नई दिल्ली के एसिस्टेन्टट प्रोफेसर डा. विवेक शंकर ने की। अपना अनुभव साझा करते हुए उन्होंने जीवन को तीन आयु वर्गों में बांटकर कहा कि कोविड काल का लॉकडाउन भी हड्डी रोग का कारण बना है। १५ वर्ष तक के बच्चों में क्रियाशीलता की कमी के कारण हड्डी रोग की शिकायत देखने को मिलती है। लॉकडाउन में लैपटाप और मोबाइल का अधिक उपयोग करने से भी उसकी हड्डियों में दोष उत्पन्न हुआ है। १५ से ५० वर्ष तक के आयु वर्ग के लोगों में वर्क प्रॉम होम के कारण जो गतिशीलता में कमी आयी उसके कारण भी घुटने, कमर, पीठ, गर्दन दर्द की परेशानी उत्पन्न हुई है। ५० वर्ष से अधिक उम्र के लोग जिन्होंने काम करना छोड़ दिया, कम काम करने की आदत पड़ गयी, उन्हें भी कमर और जोड़ों में दर्द की समस्या उत्पन्न हुई है। रोग के प्रकोप को कम करने एवं बचने कके लिए प्रात:काल सबेरे जागना, टहलना, योग, व्यायाम करना, समय पर पौष्टिक लेना और वजन कम करना चाहिए।

## बिहार में अपराधियों का बढ़ा मनोबल : तारकिशोर

**पटना (आससे)।** बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने समस्तीपुर में स्वर्ण व्यवसायी की निर्मम हत्या पर प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि समस्तीपुर में बेखौफ अपराधियों ने सरेशाम भाजपा नेता और स्वर्ण व्यवसायी रघुनाथ कुमार स्वर्णकार उर्फ नाथो साह की गोली मारकर की गई हत्या बिहार में व्याप्त अराजकता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि इस घटना में उनके सहयोगी को भी गोली लगी है, जिसकी हालत गंभीर बतायी जा रही है। घायल सहकर्मी का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। स्वर्ण व्यवसायी रघुनाथ कुमार स्वर्णकार समस्तीपुर जिला भाजपा कार्यसमिति के सदस्य थे।

## महिलाओं के लिए नि:शुल्क मेहंदी कैंप

**पटना सिटी (आससे)।** सुहागिन महिलाओं के लिए होने वाली हरितालिका तीजव्रत के अवसर पर स्वास्तिक इवेंट के द्वारा हैप्पी तीज महोत्सव का आयोजन रेनफोर्ड प्ले स्कूल, सदर गली परिसर में की गयी। इस मौके पर तीजव्रती महिलाओं व अन्य को नि:शुल्क मेहंदी लगाकर शुरुआत गती।कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व वार्ड पार्षद सह राजद नेता बलराम चौधरी ने किया। इस अवसर पर सूर्य कान्त गुप्ता, शिक्षक कृष्णा कुमार , निशा कुमारी, आरती कुमारी, रानी कुमारी, प्रीति कुमारी, निशा कुमारी द्वितीय, अंजली कुमारी, तनु कुमारी, अंशु कुमारी, आरती कुमारी नेता लोग उपस्थित थे।



## पौधा लगा लिया हरियाली का संकल्प

**पटना सिटी (आससे)।** बहादुरपुर हाउसिंग कॉलोनी में रोटेक्ट्र क्लब कंकड़बाग की ओर से पौधारोपण का अभियान अध्यक्ष नवनीत की अध्यक्षता में हुई. इसमें एक सौ से अधिक पौधे लगा हरियाली का संकल्प लिया गया।

आयोजन में क्लब के पूर्व अध्यक्ष आदित्य कृष्ण,सदस्य अंजली, रोटरी के अध्यक्ष शंभूनाथ सिंह, पूर्व अध्यक्ष डॉ विभा रानी,अंजना कुमारी, रोहित कुमार, सहायक जिलापाल उमेश कुमार, राजकिशोर सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।

## प्रतिपक्ष के नेता पहुंचे कुशवाहा के घर

**पटना सिटी (आससे)।** बिहार विधान परिषद के नेता प्रतिपक्ष सम्राट चौधरी पटना



सिटी के निवासी व पूर्व विधान पार्षद स्वर्गीय सत्यनारायण कुशवाहा के घर पहुंचकर परिवार से कुशल क्षेम जाना। इस मौके पर स्वर्गीय कुशवाहा के पुत्र विनीत कुशवाहा ने बताया कि प्रतिपक्ष के नेता परिवार के हाल-चाल जानने के लिए घर पहुंचे हैं साथ ही उनका संबंध पिताजी के समय से अच्छा रहा है।

## गोलक से रुपये चुराता सेवादार गिरफ्तार



**पटना सिटी (आससे)।** चौक थाना अंतर्गत तख्त श्री हरमंदिर जी पटना साहिब परिसर के एक कमरे से गोलक में रखे रुपया चोरी करते सेवादार सरदार जयराज सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है कि गोआ के रहने वाले सेवादार हाल के दिनों में सेवादार के रूप में सेवा देने के दौरान गोलक से 1 लाख 20 हजार रुपए चोरी कर जेब में रख रहा था इसी बीच अन्य सेवादारों ने अधीक्षक के सहयोग से रुपया चोरी करते रंगे हाथ पकड़ लिया बाद में चौक पुलिस को सौंप दी। इस संबंध में चौक पुलिस ने बताया कि कमेटी के लिखित शिकायत पर सेवादार को हिरासत में रखकर पूछताछ की जा रही है बाद में उसे गिरफ्तार कर लिए जाएगा। आरोपी सेवादार से दो हजार का 1, पांच सौ के 81,दो सौ के 33,सौ के 6, पचास के 5,दस के 7 नोट बरामद किया गया है।

## हजरत इमाम हुसैन की शहादत पर निकला ताबूत

**पटना सिटी (आससे)।** हजरत इमाम हुसैन की शहादत को लेकर मजलिस का आयोजन रविवार को काठ के पुल स्थित इमामबाड़ा डॉ सफदर अली खान में हुई. सोजखानी से आरंभ हुए मजलिस में जरार हुसैन व शमीम अहमद ने सोजखानी पढ़ी, तब मर्सिया अख्तर हुसैन और अलविदाई डॉ सैय्यद सिकंदर अली खान ने पढ़ा. इसके बाद मौलाना मुजफ्फर रजा साहब ने तकरीर की। जिसमें कहा गया कि हजरत इमाम हुसैन की शहादत इंसानियत की रक्षा के लिए हुई. तकरीर के बाद हजरत इमाम हुसैन की ताबूत निकाली गयी. जिसमें अंजुमन ए पतंजलि की ओर से नौहाख्वानी की गयी. मजलिस का संचालन सैयद मो अली और सैयद अहमद अली ने की. आयोजन में दरगाह चमडोरिया के सचिव सैयद शाह जौहर इमाम जौनी, सरबर अली, अली हसन के पटना, मुजफ्फरपुर, छपरा, दरभंगा और सिवान के साथ प्रदेश के अन्य जिलों से जायरीन शामिल हुए. महिलाओं के लिए भी मजलिस का आयोजन किया गया.

## दुकान में तोड़फोड़, सामान फेंका

**पटना सिटी (आससे)।** थानांतर्गत मछरहटा स्थित चौधरी गली के मोड़ पर धागे की दुकान में अपराधियों दुकान में तोडफ़ोड़ कर सामान को बाहर फेंक दिया मौके पर पुलिस पहुंच कर स्थिति को नियंत्रित की। इस संबंध में



ने तोड़फोड़ किया। बताया जाता है कि आपसी विवाद में एक गुट के लोगों ने पुलिस एक दुकानदार के बयान पर पुलिस छानबीन कर रही है।

## नाटक के जरिये तंबाकू से खतरों के प्रति आगाह किया

**फुलवारीशरीफ।** सर्वमंगला सांस्कृतिक मंच के साप्ताहिक नुक्कड़ नाटक के श्रृंखला में महेश चौधरी द्वारा लिखित एवं निर्देशित नाटक 'तंबाकू का सेवन जनस्वास्थ्य के लिए खतरा' की प्रस्तुति वाल्मी में की गयी।नाटक की शुरुआत सौरभ राज के स्वरबद्ध गीत- छोड़ दिही पियल सिगरेट आ तंबाकू ई खराब होला हो... से की गयी।



नाटक के माध्यम से दिखाया गया कि पान मसाला, खैनी, जर्दा और गुटका उपयोग नहीं करना चाहिए, इसको खाकर यत्र-तत्र थूकने से कोरोना वायरस फैलने का खतरा बढ़ता है। पान मसाला में मैग्नीशियम कार्बोनेट निकोटीन पाये जाने के कारण पान मसाला के विनिर्माण, भंडारण एवं बिक्री पर प्रतिबंध है। तंबाकू का सेवन स्वास्थ्य के लिए बड़े खतरों में से एक है। थूकना एक सार्वजनिक स्वास्थ्य खतरा है और संचारी रोग फैलने का एक प्रमुख कारण है। तंबाकू सेवन करने वालों की प्रकृति यत्र-तत्र थूकने की होती है। थूकने के कारण कई गंभीर बीमारी जैसे कोरोना, इंसेफलाइटिस, यक्ष्मा, स्वाइन फ्लू आदि का संक्रमण फैलने की आशंका रहती है। राज्य के सभी सरकारी, गैर सरकारी कार्यालय एवं परिसर सभी स्वास्थ्य संस्थान, सभी शैक्षणिक संस्थान, थाना परिसर आदि में किसी भी प्रकार का तंबाकू, पदार्थ सिगरेट, खैनी, गुटखा,पान मसाला, जर्दा का उपयोग आदि को पूर्णत: प्रतिबंध है।

Play Raja Rani Damini

28.08.2022

| Draw Time | Damini | Result |
|---|---|---|
| 8.30 | PAHLA DAW | 56 |
| 9.00 | SUBHA | 42 |
| 9.30 | KIRAN | 09 |
| 10.00 | HINDUSTAN | 06 |
| 10.30 | PRABHAT | 71 |
| 11.00 | LAJAWAB | 97 |
| 11.30 | SAMRAT | 60 |
| 12.00 | DELUXE | 82 |
| 12.30 | NOON | 61 |
| 1.00 | KING | 15 |
| 1.30 | MILLENIUM | 07 |
| 2.00 | HUNDRED | 68 |
| 2.30 | DIAMOND | 01 |
| 3.00 | SONA | 26 |
| 3.30 | EXPRESS | 43 |
| 4.00 | SPECIAL | 51 |
| 4.30 | SANDHIYA | 70 |
| 5.00 | CHANDNI | 65 |
| 5.30 | SHAM | 19 |
| 6.00 | SHAM | 90 |

http: www.rajaranidamini.com

MAHARAJA LOTTERY

28.08.2022

| Draw Time | Coupon Name | Result |
|---|---|---|
| 08.30 | M-One | 36 |
| 09.00 | M-Two | 60 |
| 09.30 | M-Three | 28 |
| 10.00 | M-Four | 54 |
| 11.00 | M-Six | 08 |
| 12.00 | M-Eight | 97 |
| 12.30 | M-Nine | 17 |
| 01.00 | M-Ten | 82 |
| 01.30 | M-Eleven | 54 |
| 02.00 | M-Twelve | 08 |
| 02.30 | M-Fourteen | 64 |
| 03.00 | M-Fifteen | 36 |
| 03.30 | M-Seventeen | 70 |
| 04.00 | M-Eighteen | 48 |
| 04.30 | M-Nineteen | 91 |
| 05.00 | M-Twenty | 32 |
| 05.30 | M-Twenty-one | 95 |
| 06.00 | Mahajara Twenty | 50 |
| 06.30 | Mahajara Twenty | 71 |
| 07.00 | Mahajara Twenty | 62 |

Contact Number : 7798391668
www.maharajalottery.com

10 साल से लगातार विश्वास रखने वालों का धन्यवाद
ORIGINAL
NAVRATNA YANTRA

| 28.08.22 | नवरत्ना | राजरानी | रॉयल | चेतक |
|---|---|---|---|---|
| 08:30 | 57 | 38 | 23 | 32 |
| 09:00 | 16 | 95 | 71 | 33 |
| 09:30 | 36 | 58 | 63 | 58 |
| 10:00 | 89 | 34 | 79 | 10 |
| 10:30 | 43 | 08 | 08 | 89 |
| 11:00 | 79 | 89 | 83 | 78 |
| 11:30 | 74 | 86 | 91 | 09 |
| 12:00 | 86 | 18 | 65 | 29 |
| 12:30 | 59 | 82 | 16 | 15 |
| 01:00 | 41 | 73 | 09 | 06 |
| 01:30 | 98 | 86 | 46 | 82 |
| 02:00 | 78 | 86 | 04 | 89 |
| 02:30 | 94 | 71 | 56 | 15 |
| 03:00 | 09 | 11 | 40 | 67 |
| 03:30 | 92 | 30 | 58 | 50 |
| 04:00 | 26 | 29 | 17 | 71 |
| 04:30 | 72 | 96 | 70 | 71 |
| 05:00 | 60 | 76 | 97 | 37 |
| 05:30 | 99 | 21 | 37 | 03 |
| 06:00 | 37 | 50 | 81 | 17 |
| 06:30 | 63 | 31 | 99 | 07 |

ट्रेड इन्क्वायरी के लिए संपर्क करे
9833255244
हर 15 मिनट में शुभ अंक और यंत्र और जानने के लिए संपर्क करें:
022-66677666
Ph.: 8657216263, 9136183911, 9967910136, 9967793681
Website : navratnayantracoupon.com
Website : goldennavratnacoupon.com

SHREE GOLDWIN
RASHI BHAVISHYA
तारीख - 28.08.2022 के शुभ अंक

| TIME | शुभ अंक | | TIME | शुभ अंक | |
|---|---|---|---|---|---|
| 09:00 | 6082 | 7070 | 01:45 | 6084 | 7070 |
| 09:15 | 6017 | 7068 | 02:00 | 6049 | 7012 |
| 09:30 | 6024 | 7066 | 02:15 | 6076 | 7047 |
| 09:45 | 6030 | 7019 | 02:30 | 6065 | 7014 |
| 10:00 | 6011 | 7028 | 02:45 | 6068 | 7002 |
| 10:15 | 6078 | 7068 | 03:00 | 6028 | 7031 |
| 10:30 | 6045 | 7087 | 03:15 | 6051 | 7021 |
| 10:45 | 6047 | 7076 | 03:30 | 6001 | 7039 |
| 11:00 | 6080 | 7067 | 03:45 | 6040 | 7068 |
| 11:15 | 6048 | 7040 | 04:00 | 6063 | 7075 |
| 11:30 | 6090 | 7045 | 04:15 | 6096 | 7065 |
| 11:45 | 6081 | 7041 | 04:30 | 6094 | 7048 |
| 12:00 | 6090 | 7034 | 04:45 | 6030 | 7050 |
| 12:15 | 6096 | 7039 | 05:00 | 6063 | 7047 |
| 12:30 | 6088 | 7021 | 05:15 | 6068 | 7055 |
| 12:45 | 6000 | 7023 | 05:30 | 6039 | 7028 |
| 01:00 | 6083 | 7058 | 05:45 | 6007 | 7038 |
| 01:15 | 6066 | 7026 | 06:00 | 6012 | 7068 |
| 01:30 | 6094 | 7040 | | | |

फोन या WhatsApp ग्रुप पर शुभ अंक जानने के लिए संपर्क करें
ट्रेड इन्क्वायरी के लिए संपर्क करें
8450981670
हर 15 मिनट में शुभ अंक और यंत्र और जानने के लिए संपर्क करें:
022-66677688
7400058032
7400058042
9819026124
WATCH LIVE ON WEBSITE
60 और 70 के शुभ अंक देखने के लिए हमारी वेबसाइट पर भी आप देख सकते हैं।
www.shreerashibhavishya.com
www.goldwinrashi.com

संगम
Date : 28.08.2022

| Draw Time | 2nd Pr.No. | Draw Time | 2nd Pr.No. |
|---|---|---|---|
| 09.00 a.m. | 82 | 02.30 p.m. | 52 |
| 09.30 a.m. | 40 | 03.00 p.m. | 49 |
| 10.00 a.m. | 11 | 03.30 p.m. | 86 |
| 10.30 a.m. | 98 | 04.00 p.m. | 63 |
| 11.00 a.m. | 53 | 04.30 p.m. | 31 |
| 11.30 a.m. | 39 | 05.00 p.m. | 07 |
| 12.00 noon | 39 | 05.30 p.m. | 35 |
| 12.30 a.m. | 76 | 06.00 p.m. | 70 |
| 01.00 p.m. | 05 | 06.30 p.m. | 42 |
| 01.30 p.m. | 88 | 07.00 p.m. | |
| 02.00 p.m. | 90 | Contact for result : | |

011-40451774, 011-40451775

चेतक

| | | | |
|---|---|---|---|
| 09.00 a.m. | 35 | 02.30 p.m. | 38 |
| 09.30 a.m. | 79 | 03.00 p.m. | 30 |
| 10.00 a.m. | 36 | 03.30 p.m. | 21 |
| 10.30 a.m. | 04 | 04.00 p.m. | 12 |
| 11.00 a.m. | 56 | 04.30 p.m. | 57 |
| 11.30 a.m. | 04 | 05.00 p.m. | 17 |
| 12.00 noon | 51 | 05.30 p.m. | 04 |
| 12.30 a.m. | 40 | 06.00 p.m. | 40 |
| 01.00 p.m. | 22 | 06.30 p.m. | 06 |
| 01.30 p.m. | 43 | 07.00 p.m. | |
| 02.00 p.m. | 75 | Contact for result : | |

011-40451770, 011-40451771, 011-40451772

सुपर

| | | | |
|---|---|---|---|
| 09.00 a.m. | 96 | 02.30 p.m. | 40 |
| 09.30 a.m. | 80 | 03.00 p.m. | 93 |
| 10.00 a.m. | 63 | 03.30 p.m. | 84 |
| 10.30 a.m. | 64 | 04.00 p.m. | 66 |
| 11.00 a.m. | 78 | 04.30 p.m. | 24 |
| 11.30 a.m. | 08 | 05.00 p.m. | 04 |
| 12.00 noon | 23 | 05.30 p.m. | 81 |
| 12.30 a.m. | 72 | 06.00 p.m. | 53 |
| 01.00 p.m. | 53 | 06.30 p.m. | 74 |
| 01.30 p.m. | 18 | 07.00 p.m. | |
| 02.00 p.m. | 31 | Contact for result : | |

011-40451993, 011-40451994
www.playindialottery.com
Contact No. : 09 555 999 608

राजरानी कूपन

| Name | Time | 2nd Pr.No. | Name | Time | 2nd Pr.No. |
|---|---|---|---|---|---|
| PAHLA DAO | 8.30 a.m. | 68 | MILLENNIUM | 2.00 p.m. | 76 |
| SUBEHA | 9.00 a.m. | 29 | 100 | 2.30 p.m. | 52 |
| KIRAN | 9.30 a.m. | 37 | DIAMOND | 3.00 p.m. | 20 |
| HINDUSTAN | 10.00 a.m. | 23 | SONA | 3.30 p.m. | 48 |
| PRABHAT | 10.30 a.m. | 42 | EXPRESS | 4.00 p.m. | 25 |
| LAJBAB | 11.00 a.m. | 93 | SPECIAL | 4.30 p.m. | 82 |
| SAMRAT | 11.30 a.m. | 02 | SANDHYA | 5.00 p.m. | 79 |
| DELUX | 12.00 noon | 87 | CHANDANI | 5.30 p.m. | 11 |
| AFTERNOON | 12.30 a.m. | 42 | SHAM | 6.00 p.m. | 22 |
| KING | 1.00 p.m. | 23 | EVENING | 6.30 p.m. | 47 |
| ROYAL | 1.30 p.m. | 74 | [illegible] | | |

Cont. for result : 011-40451995
020-27413666, 020-27414666
www.playrajarani.com

राजश्री
Date : 28.08.2022

| Time | Pr. No. | Time | Pr. No. |
|---|---|---|---|
| 09.00 a.m. | 90 | 02.00 p.m. | 38 |
| 09.30 a.m. | 50 | 02.30 p.m. | 45 |
| 10.00 a.m. | 63 | 03.00 p.m. | 15 |
| 10.30 a.m. | 08 | 03.30 p.m. | 68 |
| 11.00 a.m. | 24 | 04.00 p.m. | 97 |
| 11.30 a.m. | 81 | 04.30 p.m. | 11 |
| 12.00 noon | 72 | 05.00 p.m. | 29 |
| 12.30 p.m. | 20 | 05.30 p.m. | 90 |
| 01.00 p.m. | 95 | 06.00 p.m. | 52 |
| 01.30 p.m. | 46 | 06.30 p.m. | 36 |

Contact for result :
011-40451992, 020-27416009
www.playrajshree.com

ऑनलाइन कैसीनो खेलिए
www.playindiagame.com
Contact No. : 09555999608

# श्रीकृष्णापुरी पुलिस के हत्थे चढ़े दो शराब डिलीवरी ब्वाय

## एक बोतल अंग्रेजी शराब बरामद, एक स्कूटी जब्त

( निज प्रतिनिधि )

**पटना।** श्रीकृष्णापुरी थाना की पुलिस ने शराब की डिलेवरी करने वाले दो युवको को एक स्कूटी के साथ गिरफ्तार किया है। पकडे गये युवको के स्कूटी के डिग्गी से टीचर्स ब्रांड की एक बोतल विदेशी शराब बरामद किया गयो है।



थानाध्यक्ष धीरज कुमार ने बताया की रविवार की शाम ५.३०बजे गुप्त सूचना मिली की एक काले रंग की स्कूटी जिसका नंबर बीआर-०१आईसी-८५९८ से दो व्यक्ति शराब की डिलेवरी के लिए बोरिग रोड चौराहा के तरफ से अटलपथ से गुजरने वाले है। इस सूचना के बाद अंटलपथ के समीप नाकेबंदी कर दी गयी। इसी बीच देखा गया की एक काले रंग की स्कूटी जिसपर दो लोग सवार थे बोरिग रोड के तरफ से आ रहा है। अचानक पुलिस को देखकर गाडी छोडकर भागने लगे जिसे पुलिस बल ने दोनो व्यक्तियो को पकड लिया गया। पूछताछ के दौरान दोनो ने अपना नाम क्रमश:विक्की कुमार पिता संजय प्रसाद एवं शिवम कुमार पिता पप्पू कुमार दोनो साकिन फ्रेजर रोड अमागा कोठी थाना कोतवाली बताया। स्कूटी की तलाशी लेने पर डिग्गी से एक बोतल टीचर्स ब्राड की विदेशी शराब बरामद हुई। पुलिस ने इनकी स्कूटी जप्त कर ली है। जबकि पकडे गये दोनो युवको के खिलाफ मद्य निषेध उत्पाद अधिनियम के तहत कारवाई की जा रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि जो शराब युवको के पास से पकडी गयी है जिस पर फॉर डिफेंस सर्विस ऑनली लिखा हुआ है।

# महिषी की खुदाई के लिए प्रधानमंत्री को पत्र

**पटना ( आससे )।** सहरसा जिले के महिषी की खुदाई कराने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को श्रीउग्रतारा माता मंदिर न्यास समिति के उपाध्यक्ष प्रमील कुमार मिश्रा ने पत्र लिखा है।

अपने पत्र में श्री मिश्रा ने कहा है कि महिषी की पावन भूमि अपने गर्भ में कई काल खंडों की उन्नत, समृद्ध सभ्यता, अपूर्व ज्ञान केंद्रों के अवशेषों को संजोये हुए है। पुरातात्विक महत्व के ठोस सूबत मिलते रहने के कारण 1904 में तत्कालीन ब्रिटिश सरकार ने महिषी को संरक्षित क्षेत्र घोषित किया था। आजादी के पहले से ही महिषी में उत्खनन कराना मिथिलावासियों का चिर-प्रतीक्षित सपना रहा है। वर्ष 2008 में भारत सरकार के भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के निदेशक (अन्वेषण एवं उत्खनन) ने महिषी में उत्खनन कराने की सकारात्मक पहल की थी। 2015 में प्रधानमंत्री कार्यालय ने समुचित कारवाई कराने का निर्देश दिया था, लेकिन उत्खनन कार्य अब तक शुरू नहीं हो पाया है। पत्र में प्रधानमंत्री से आग्रह किया गया है कि महिषी की मिट्टी में दबे प्राचीन सभ्यता-संस्कृति के अवशेषों को विश्व पटल पर उजागर करने के लिए तत्काल उत्खनन कराया जाय। इससे कई नयी चीजें सामने आयेंगी और पर्यटन उद्योग का विकास होगा।

# भारतीय संस्कृति संस्कृत में बसती है : डॉ. मुकेश

## संस्कृत सम्मान समारोह

**पटना ( आससे )।** समग्र संस्कृत विकास समिति के तत्वावधान में सिन्हा लाइब्रेरी रोड़ स्थित बीआईए सभागार में महान नीतिज्ञ चाणक्य के विचारों का दार्शनिक अध्ययन विषय पर सेमिनार का आयोजन गुरु गोविंद सिंह महाविद्यालय के पूर्व संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ मिथिलेश कुमार तिवारी के संयोजकत्व में हुआ।

कार्यक्रम का प्रारंभ मोनिका झा के मंगलाचरण से हुआ। अपने स्वागत भाषण में डॉ मिथिलेश कुमार तिवारी ने कहा कि सभी भारतवासियों को संस्कृत भाषा में अपने विचारों को व्यक्त करने की आवश्यकता है।

चाणक्य के जीवन से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। विषय प्रवर्तन करते हुए आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विहार संस्कृत संजीवन समाज पटना के महासचिव डॉ मुकेश कुमार ओझा ने कहा कि भारतीय संस्कृति संस्कृत में बसती है संस्कृत की रक्षा भारत की आत्मा की करने जैसा है।

उद्घाटन करते हुए विनोद बिहारी महतो कोलांचल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो सुखदेव भोई ने कहा कि आज के संदर्भ में चाणक्य की महती आवश्यकता है। चाणक्य को समझे बिना भारत की अर्थव्यवस्था ठीक नहीं हो सकती। मुख्य अतिथि के रूप में पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आर के सिंह ने कहा कि भारतीय नेताओं एवं जनता को चाणक्य का अर्थशास्त्र पढ़ना चाहिए।पद्मश्री विमल कुमार जैन चाणक्य नीति विश्व प्रसिद्ध है। भारत तिब्बत सहयोग मंच के राष्ट्रीय सचिव श्री शिवाकांत तिवारी ने कहा कि संस्कृत को केवल भाषा नहीं समझें। संस्कृत का विकास होगा तो बच्चों में संस्कार विकसित होगा। अपने अध्यक्षीय भाषण में पटना विश्वविद्यालय के पूर्व दर्शन विभागाध्यक्ष डॉ रमेश चंद्र सिन्हा ने कहा कि चाणक्य शांति के पुजारी थे। चाणक्य दर्शन में सभ्यता और राष्ट्रीय अस्मिता की रक्षा के लिए संघर्ष का मार्गदर्शन है। इस अवसर पर विधान पार्षद डॉ नवल किशोर यादव,प्रो कनक भूषण मिश्र, डॉ हृदय नारायण यादव,आर एन सिंह, डॉ सुबोध कुमार सिंह, डॉ ज्योति शंकर सिंह, डॉ रागिनी वर्मा, गौतम जितेंद्र, शैलेश त्रिपाठी, डॉ सुरेश द्विवेदी ने भी अपने विचार में चाणक्य की प्रासंगिकता रेखांकित की।नीतू कुमारी नूतन, मोनिका झा, डॉ संजय कुमार सिंह आदि के संस्कृत एवं हिंदी गीतों की प्रस्तुति से संस्कृत प्रेमियों का दिल जीता। समिति की ओर से 40संस्कृत सहित अन्य भाषाओं में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संस्कृत भाषा में संचालन डॉ मुकेश कुमार ओझा ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ ज्योति शंकर सिंह ने किया।




# पटना के 404 स्कूलों ने नहीं दिया साइकिल की राशि का हिसाब

## 30 तक यूटिलाइजेशन सर्टिफिकेट नहीं देने वाले प्रधानाध्यापकों पर होगी कारवाई

( आज शिक्षा प्रतिनिधि )

**पटना।** जिले के 404 स्कूलों ने वर्ष 2016-17 एवं 2017-18 में साइकिल योजना की राशि का यूटिलाइजेशन सर्टिफिकेट नहीं दिया है। शिक्षा विभाग की सख्ती के बाद संबंधित स्कूलों को 30 अगस्त तक यूटिलाइजेशन सर्टिफिकेट जमा करने का निर्देश इस हिदायत के साथ दिया गया है कि ऐसा नहीं होने पर इसे वित्तीय अनियमितता मानते हुए संबंधित प्रधानाध्यापकों पर कारवाई होगी।

इस बाबत जिला शिक्षा पदाधिकारी अमित कुमार द्वारा संबंधित स्कूलों के प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिये गये हैं। जिन स्कूलों द्वारा यूटिलाइजेशन सर्टिफिकेट नहीं सौंपे गये हैं, उनमें राजकीय, राजकीयकृत, प्रोजेक्ट, उत्क्रमित, अल्पसंख्यक, प्रस्वीकृत एवं स्थापना की अनुमति प्राप्त माध्यमिक व उच्च माध्यमिक विद्यालय शामिल हैं। इनमें बाढ़ के 53, दानापुर के 55, मसौढ़ी के 53, पालीगंज के 52, पटना सिटी के 59 एवं पटना सदर के 72 स्कूल शामिल हैं।

जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा दिये गये निर्देश में प्रधानाध्यापकों से कहा गया है कि वित्तीय वर्ष 2016-17 एवं 2017-18 में मुख्यमंत्री बालक साइकिल योजना एवं मुख्यमंत्री बालिका साइकिल योजना के अंतर्गत उपलब्ध करायी गयी राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने का निर्देश 16 जून को ही दिया गया था। बावजूद, अधिकांश विद्यालयों द्वारा आज तक उपयोगिता प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं कराया गया है, जबकि इसके लिए विभाग द्वारा बार-बार स्मारित किया जा रहा है।

निर्देश में कहा गया है कि उत्क्रमित, अल्पसंख्यक, प्रस्वीकृत एवं स्थापना की अनुमति प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों को मुख्यमंत्री बालक साइकिल योजना एवं मुख्यमंत्री बालिका साइकिल योजना के अंतर्गत राशि अंतरण किया गया है, जिसे बच्चों को खाते के माध्यम से भुगतान की कारवाई करते हुए उपयोगिता प्रमाण पत्र सौंपा जाना है।

निर्देश के तहत उपयोगिता प्रमाण पत्र तय प्रावधान के अनुरूप तय फॉर्मेट में 30 अगस्त तक सौंपने के लिए प्रधानाध्यापकों से कहा गया है। निर्देश में प्रधानाध्यापकों को दी गयी हिदायत में कहा गया है कि जिन विद्यालयों द्वारा निर्धारित समय के अंतर्गत उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा करने की कारवाई नहीं की जायेगी, उन विद्यालयों के मामले में यह समझा जायेगा कि मुख्यमंत्री बालक साइकिल योजना एवं मुख्यमंत्री बालिका साइकिल योजना की राशि में वित्तीय अनियमितता की गयी है। इस मामले में होने वाली कारवाई के लिए संबंधित प्रधानाध्यापक स्वयं जिम्मेवार होंगे।

### पांच को स्मरण दिवस मनायेंगे शिक्षक

**पटना ( आशिप्र )।** शिक्षक दिवस पर पांच सितंबर को टीईटी-एसटीईटी शिक्षक स्मरण दिवस के रूप में मनायेंगे। शिक्षक दिवस को स्मरण दिवस के रूप में मनाने का आह्वान टीईटी-एसटीईटी उत्तीर्ण नियोजित शिक्षक संघ (गोपगुट) ने किया है। उस दिन स्मरण दिवस मनाते हुए शिक्षक नवगठित सरकार को स्थानीय निकायों के शिक्षकों को समान काम के बदले समान वेतन के उसके वायदे का स्मरण करायेंगे। आगामी रणनीतियों के निर्धारण हेतु 11 सितंबर को संगठन ने राज्य कार्यकारिणी की बैठक भी बुलायी है।

प्रदेश अध्यक्ष मार्कण्डेय पाठक एवं प्रदेश प्रवक्ता अश्विनी पाण्डेय ने रविवार को बताया कि बदले राजनैतिक हालातों के बीच शिक्षकों को नए शिक्षा मंत्री से काफी उम्मीद जगी है। शिक्षा मंत्री ने झंझारपुर में कहा है कि शिक्षकों के समान काम के बदले समान वेतन की मांग पर सरकार चिंता कर रही है तथा सभी कर्मियों के पुरानी पेंशन योजना के प्रति भी सरकार गंभीर है। इसका टीईटी-एसटीईटी उत्तीर्ण नियोजित शिक्षक संघ (गोपगुट) ने स्वागत किया है तथा सरकार पर भरोसा जताया की वह जल्द ही शिक्षकों की मांग पूरा करेगी।

# पुजारी को मिली जान से मारने की धमकी

( निज प्रतिनिधि )

**पटना।** राजीव नगर स्थित रोड नम्बर 24 में शिव मंदिर के पुजारी को गला काट कर हत्या कर देने का धमकी मिला है। इस मामले को लेकर पुजारी ने राजीव नगर थाने में आवेदन दिया है।



पुजारी विनयकान्त पाठक ने बताया की वे मंदिर में पिछले डेढ़ साल शिवधाम मंदिर मे पुजारी का काम कर रहे हैं। मुहल्ले के लोगो से भी सहयोग प्राप्त है।लेकिन पिछले कई दिनों से बांस कोठी के रहनेवाले जवाहर प्रसाद द्वारा उन्हें मंदिर में पूजा करने से रोका जा रहा है। कई बार मंदिर से भी धक्का मार कर निकाल दिया गया है और मूझे जान से मार देने की धमकी दी गई है। यह भी चेतावनी दी गयी है कि अगर इस मंदिर मे तुम पूजा करोगे तो तुम्हारा गला काटकर हत्या कर देगे। पुजारी ने विनयकांत पाठक ने बताया की वे लोग अपराधिक छवि के लोग है इसलिए मूझे भय है कि ये लोग मेरी हत्या भी करवा सकते है।

# निगमकर्मियों ने रविवार को भी निगम मुख्यालय पर किया प्रदर्शन

( आज समाचार सेवा )

**पटना।** बिहार लोकल बॉडीज इम्प्लाइज फेडरेशन बिहार स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर 27 अगस्त से बिहार के निकायकर्मियों के अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरु है। हड़ताल के समर्थन में पटना नगर निगम संयुक्त कर्मचारी समन्वय समिति ने पटना नगर निगम मुखयालय पर रविवार को भी प्रदर्शन और सभा किया। सभा का संचालन समन्वय समिति के संयोजक मंगल पासवान ने किया। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओ ने कहा की नगर निगम प्रशासन दंडात्मक कारवाई का धमकी देकर हड़ताल को कमजोर करने का साजिश कर रहा है लेकिन निगम प्रशासन की यह कारवाई हड़तालीकर्मियों के लिये आग में घी का काम करेगा। प्रशासन की इस धमकी से हड़ताली कर्मचारी थोड़ा सा भी भयभीत होने वाले नहीं हैं और मजबूती से हड़ताल में शामिल रहेंगे। सभा को संचालन समिति के सदस्य मुकेश ठाकुर, दुर्गा गोंड, मालती देवी, सुजीत पासवान, रामयत्न प्रसाद ने संबोधित किया। सभा की अध्यक्षता करते हुए अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश सिंह ने कहा की नगर विकास विभाग और नगर निगम प्रशासन और जो हड़ताल के विरोध में दलाली कर रहे हैं वो अपनी हरकतो से बाज आये अन्यथा हम अभी शांतिपूर्ण तरीके से आँदोलन पर है। हमे आंदोलन का और भी तरीका अपनाना होगा तो हम वो भी करेंगे। प्रवक्ता जितेन्द्र कुमार ने मांगो की पूर्ति तक हड़ताल जारी रखने का आह्वान किया।

## दो पालियों में स्वच्छ हो रहा है शहर

**पटना ( आससे )।** पटना नगर निगम द्वारा शहर को स्वच्छ बनाने के लिए हड़ताल के दौरान भी सुचारू रूप से सफाई व्यवस्था की जा रही है। पदाधिकारियों द्वारा स्वयं शनिवार की रात्रि में निरीक्षण कर सफाई कार्य का जायजा लिया गया। शहर के प्रमुख सड़क अटल पथ, बेली रोड, गांधी मैदान, बोरिंग रोड, दिनकर गोलंबर, बाजार समिति, अशोक राजपथ एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों से कूड़ा उठाव किया जा रहा है। इसके साथ ही जेटिंग मशीन, स्प्रिंकलर आदि मशीनों द्वारा सड़को की धुलाई कर शहर को स्वच्छ बनाया जा रहा है। नगर आयुक्त द्वारा स्वयं सफाई कार्य का जायजा लिया गया। नगर आयुक्त के साथ अपर नगर आयुक्त सफाई एवं सभी अंचलों के कार्यपालक पदाधिकारी भी अपने क्षेत्र में मौजूद रहे। रविवार सुबह से ही सफाई व्यवस्था दूसरी पाली में पुन: शुरू हो गए जिसमें डोर टू डोर गाड़ियों का परिचालन जेसीबी द्वारा सार्वजनिक स्थलों से कूड़ा उठाव एवं मशीनों द्वारा सड़को की सफाई सहित निगम की नियमित सफाई व्यवस्था सुचारू रूप से चली। नगर निगम द्वारा हड़ताली ऊपर लगातार नजर रखा जा रहा है वर्तमान में नगर निगम के वाहनों की कोई क्षति सामने नहीं आई है। आगे अगर किसी भी तरह की अनुशासनहीनता होती है तो नगर निगम द्वारा कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# गीता का ज्ञान मनुष्य को विजयी लक्ष्य तक पहुंचाता है : सम्राट

**पटना ( आससे )।** बिहार विधान परिषद में प्रतिपक्ष के नेता सम्राट चौधरी ने कहा है कि श्रीमद्भगवदगीता हमें नैतिकता और सदाचार की सीख देती है। गीता का ज्ञान हर मनुष्य के जीवन के लिए आवश्यक है।ये बातें विधान परिषद में विरोधी दल के नेता सम्राट चौधरी ने बिहार भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, बीजेपी के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता, श्रीमद्भगवदगीता आपके द्वार अभियान के संस्थापक, बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के पूर्व प्रवक्ता तथा पटना हाई कोर्ट के अधिवक्ता संजीव कुमार मिश्र से गीता प्रेस, गोरखपुर द्वारा प्रकाशित श्रीमद्भगवदगीता सम्मान के रूप में सप्रेम भेंट ग्रहण करने के पश्यात कही।



इससे पूर्व भाजपा नेता श्री मिश्र द्वारा श्री चौधरी का शान्ति कुंज, हरिद्वार के उपवस्त्र से स्वागत व अभिनंदन किया गया। बिहार विधान परिषद में प्रतिपक्ष के नेता सम्राट चौधरी ने कहा की भारतीय संस्कृति में गीता का स्थान सर्वोच्च है।महात्मा गाँधी कहा करते थे की जब मुझे समस्याएँ सताती हैं, तो मैं गीता माता की गोद में चला जाता हूँ।गीता जी सबको छाया और ज्ञान का प्रकाश देने वाली माता है।गीता का ज्ञान मनुष्य को विजयी लक्ष्य तक पहुँचाता है।

# अंतरधार्मिक समझ से सुन्दर व एकीकृत समाज का निर्माण संभव : डॉ. शाइस्ता

**पटना ( आससे )।** खुद बख्श लाइब्रेरी में प्रिंस द्वारा शिकोह अंतरधार्मिक समझ के प्रतीक और उनकी सूफियाना रचना मजमउल बहरैन के विषय पर रविवार को व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. शाइस्ता बेदार, निदेशक, खुदा बख्श लाइब्रेरी ने कहा कि जैसा कि सभी जानते हैं कि किसी भी राष्ट्र के विकास के लिए शांतिपूर्ण, सामंजस्यपूर्ण समाज आवश्यक है। अंतधार्मिक समझ का वातावरण एक तत्व है। एक ऐसा साधन है, जो एक सुंदर एकीकृत समाज का निर्माण कर सकता है। जहां हम में से प्रत्येक एक-दूसरे के विश्वासों, धर्मों, आदर्शों, यानी दूसरों का सम्मान करता है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए खुदा बख्श लाइब्रेरी लगातार काम कर रहा है। अंतधार्मिक समझ खुदा बख्श लाइब्रेरी के मुख्य उद्देश्यों में है। यह बात भाषणों, व्याख्यानों, समूह चर्चाओं और पुस्तकों के प्रकाशन के द्वारा बराबर की जा रही है। दारा शिकोह अंतरधार्मिक समझ का प्रतीक है यही कारण है कि उन्हें आज भी याद किया जाता है। दारा शिकोह जिसने सूफीवाद और भक्ति के विकास और इस तरह अंतरधार्मिक समझ के लिए बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभायी जिससे विभिनन धर्मों और समुदायों के लोगों के बीच निकटता बढ़ी। दारा ने सांसारिक मामलों के बजाय जीवन और जीवन के बाद की वास्तविकताओं तक पहुंचने की कोशिश की। इसलिए वह सांसारिक युद्ध तो हार गया, लेकिन दिल जीत लिया। उन्होंने कई सूफियाना और दार्शनिक काम अपनी यादगार छोड़े हैं जैसे मजमउल बहरैन जो दो समुद्रों का मिलाप है, सफीनतुल ऑलिया, सकीनतुल औलिया जो सूफियों की जीवनियां हैं और प्राचीन भारतीय ज्ञान का महान खजाना उपनिषद का यादगार अनुवाद। उपनिषद आज दुनिया भर में अपने पाठकों द्वारा अनुवाद के माध्यम से जीवित है। फारसी पाठ को सिर्र अकबर कहा जाता है यानी महान रहस्य खुदा बख्श लाइब्रेरी में दारा निकोह के लगभग सभी कार्य पांडुलिपि के रूप में सुरक्षित है।



कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के स्कॉलर हिनेश शाह ने इस अवसर पर कुछ दुर्लभ चित्र प्रस्तुत किये। एक में शाहजहां और दारा शिकोह और दारा शिकोह के गुरु मियां मीर और मुल्ला शाह बदख्शी हैं। इन प्रतिमाओं की व्याख्यान करने के बाद, उन्होंने कहा कि दारा शिकोह, कादरी वंश के सूफी थे। उनमें असाधारण क्षमताएं थीं। उन्होंने भारतीय सभ्यता और संस्कृति को व्यापक संदर्भ में समझने और फैलाने का प्रयास किया। दारा शिकोह ने सभी धर्मों की पुस्तकों का अध्ययन किया। उन्होंने हिंदू धर्म को समझने के लिए संस्कृत भाषा भी सीखी। काशी के ब्राह्मणों के साथ भी समय बिताया। दारा शिकोह ने अंतरधार्मिक सद्भाव को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। उनके शासनकाल के दौरान सूफियों ने धाम्रिक घृणा के खिलाफ एक ताकत के रूप में काम किया। उन्होंने लोगों के प्रति उदार और मिलनसार आदर्शों को लागू किया। दारा शिकोह ने उपनिषदों का संस्कृत से फारसी में अनुवाद किया ताकि वे भारत और अन्य जगहों के धार्मिक विद्वानों द्वारा पढ़े जा सकें। उन्होंने उपनिषदों को कुरान पर अच्छी टिप्पणी माना। उनकी प्रसिद्ध रचनाओं में मजमा अल बहरीन है जो सूफीवाद और वेदांत दर्शन के बीच संबंध और संबंध को प्रकट करने के लिए समर्पित है। इस संबंध में स्पीकर ने लॉस एंजिल्स में मौजूद मजमा अल बहरीन की १६५५ में लिखी पांडुलिपि का भी परिचय दिया। अन्य पांडुलिपियों के साथ इसका तुलनात्मक अध्ययन प्रस्तुत किया।

# यातायाता दारोगा के घर चोरी मामले में पुलिस ने 11 संदिग्धों को उठाया

## कइयों के पास से गांजा, चिलम, व्हाईटनर और कई मोबाइल बरामद

**पटना ( निप्र )।** शास्त्रीनगर थाना परिसर के स्टाफ क्वार्टर मे रहने वाली यातायात विभाग के दारोगा ललीता देवी के घर दिनदहाडे चोरी के मामले में पटना पुलिस ने अपराधियो के गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान शुरू किया गया है।इस विशेष अर्भियान के तहत शास्त्रीनगर थाना की पुलिस ने एक दर्जन से उपर संदिग्धो को हिरासत मे लिया है। पुलिस ने इन संदिग्धो के पास से कई मोबाइल, गांजा का चिलम और व्हाइटनर बरामद किया है।



शनिवार को दिनदहाडे बेखौफ चोरो ने पुलिस के घर मे सेध लगा दिया था। चोरो की निडरता इसी से देखा जा सकता है कि शास्त्रीनगर थाना परिसर मे स्थित स्टाफक्वार्टर मे रहने वाली दारोगा ललीता देवी के घर चोरी की घटना को अंजाम दिया था। इस चोरी की घटना के बाद पुलिस महकमे मे हडकंप मच गया था। इस मामले को लेकर शास्त्रीनगर थाना की पुलिस ने एसएसपी के निर्देश पूरी रात विशेष अभियान चलाया और इस दौरान तकरीबन १दर्जन से उपर संदिग्धो को हिरासत मे लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस ने इन संदिग्धे के पास से गांजा का चिलम,कई मोबाइल,गांजा की पुडिया और व्हाइटनर बरामद किया है। इसके बारे मे भी पुलिस सभी संदिग्धो से पूछताछ कर रही है। थानाध्यक्ष रामशंकर प्रसाद ने बताया कि पुलिस को एक सीसीटीवी फुटेज मिला है इसके अलावें कई और बिन्दूओ पर कारवाई की जा रही है।

# कैंसर के प्रति स्कूल और मोहल्ले में चलाया जायेगा जागरूकता कार्यक्रम

( आज समाचार सेवा )

**पटना।** कैंसर अवेयरनेस सोसाइटी के 23वें वार्षिक अधिवेशन का आयोजन किया गया। इसमें चिकित्सक, समाजसेवा, कानून एवं स्वास्थ्य सेवा से जुड़े राज्य के 40 से ज्यादा विशेषज्ञों ने भाग लिया। सोसाइटी के अध्यक्ष डा.एए हई की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। सोसाइटी के राष्ट्रीय सचिव डा.शेखर कुमार केसरी ने बताया कि कार्यक्रम में कई मुद्दों पर काम करने के लिए सदस्यों के बीच आम सहमति बनी। बैठक में निर्णय लिया गया कि स्कूल और मोहल्ले में जाकर लोगों को कैंसर और तंबाकू निषेध से जुड़े जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाएगा। इसके अलावा कैंसर और तंबाकू निषेध कार्यक्रमों को बढ़ाने के लिए सरकार की ज्यादा से ज्यादा सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए पहल करने पर सहमति बनी। सोसाइटी ने कुछ गांव को गोद भी लिया। इसके तहत उन गांवों में जहां कैंसर के मामले अब आम हो चुके है। वहां घर-घर जाकर लोगों को जागरूक किया जाएगा। वहां मामलों की जांच की जाएगी। बैठक में सोसाइटी के उपाध्यक्ष पटना हाईकोर्ट के सेवानिवृत जज जस्टिस समरेन्द्र प्रताप सिंह, डीबी गुप्ता, डा.पूनम दीक्षित, जयप्रभा मेदांता अस्पताल के कार्यपालक निदेशक डा.रविशंकर सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# अपराधियों ने महिला के बैंक खाते से निकाले 1 लाख 9 हजार 500 रुपये

( निज प्रतिनिधि )

**पटना।** नेहरू नगर की रहने वाली महिला के बैक खाते से अपराधियो ने निकाल लिये १लाख ९हजार ५सौ रूपये। इस संबंध मे पीडित महिला ने श्रीकृष्णापुरी थाना मे प्राथमिकी दर्ज करायी है।

तारा गिरी पति स्व रामेश्वर गिरी साकिन ३६७ नेहरू नगर ने बताया कि उनका खाता एसबीआई आनदंपुरी मे है। उन्होने बताया कि वे ए.एन.कॉलेज के समाने पेट्रोल पम्प के बगल में स्थित एचडीएफसी एटीएम के पैसा निकालने गयी थी। उन्होने बताया की पैसा निकालने के दौरान मेरा एटीएम कार्ड मशीन मे फंस गया जो काफी प्रयास के बाद भी नही निकला।

इसके बाद मै यमुना अपार्टमेंट के समीप एचडीएफसी बैक गयी इसी दौरान मेरे मोबाइल पर ४९५००, २०,०००, १००००, १००००, १०००० एवं १०००० रूपये की निकासी का मैसेज आ गया जो कुल राशि १लाख ९हजार ५सो रूपये की निकासी हो गयी। इसके बाद मै तत्काल एसबीआई आंनंदपुरी शाखा मे गयी और अपना कार्ड और एकाउंट को बंद करवायी।

इसके बाद मै एचडीएफसी बैके के टेकनिकल टीम को लेकर एटीएम गयी तो पत्ता चला की पहले से ही एटीएम मशीन मे छेडखानी की गई थी जिससे मेरा कार्ड फंस गया। उन्होने बताया कि मैने अज्ञात अपराधियो के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है।

# विशेष कैम्प में डेढ़ लाख लोगों ने कराया आधार का प्रमाणीकरण

**पटना ( आससे )।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी पटना डॉ. चंद्रशेखर सिंह के निर्देश पर निर्वाचक सूची में आधार को जोड़ने एवं प्रमाणीकरण हेतु स्वैच्छिक आधार पर निर्वाचकों से आधार डाटा के संग्रहण के लिए जिला में विशेष कैम्प का आयोजन किया गया। निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त प्राथमिक आंकड़ों के अनुसार रविवार को इस विशेष शिविर में लगभग 1,50,000 (एक लाख पचास हजार) मतदाताओं का आधार संग्रहण एवं प्रमाणीकरण किया गया। सभी बीएलओ द्वारा अपने-अपने मतदान केंद्र पर उपस्थित रहकर आधार संग्रहण तथा प्रमाणीकरण का कार्य संपन्न किया गया। डीएम डॉ सिंह ने कहा कि आधार को जोड़ने एवं प्रमाणीकरण हेतु स्वैच्छिक आधार पर निर्वाचकों से आधार डाटा के संग्रहण के निमित प्रत्येक माह विशेष कैम्प का आयोजन किया जा रहा है।

# रेलवे ग्रुप डी परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक नहीं


**पटना ( आससे )।** पूर्व मध्य रेल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि शुक्रवार को आयोजित ग्रुप डी की परीक्षा में प्रश्नपत्र लीक नहीं हुआ था। किसी भी परीक्षा केन्द्र से प्रश्नपत्र लीक होने की सूचना नहीं आयी थी। रामकृष्णा नगर थाना क्षेत्र के जकरियापुर स्थित एक परीक्षा केन्द्र पर फुलवारीशरीफ का रहने वाला परीक्षार्थी रंजीत हल किया हुआ आंसर शीट लेकर पहुंच गया था। परीक्षा केन्द्र संचालक द्वारा रामकृष्णा नगर थाना को इसकी सूचना दी गयी। सूचना के आधार पर रामकृष्णा नगर थाना द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है।

## अतिथि शिक्षकों की सेवा नियमित करने की मांग

**पटना ( आशिप्र )।** राज्य के सरकारी प्लस-टू स्कूलों में कार्यरत सभी 4,200 उच्च माध्यमिक अतिथि शिक्षकों की सेवा नियमित करने की मांग राज्य सरकार से बिहार उच्च माध्यमिक अतिथि शिक्षक संघ ने की है।

संगठन के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र यादव ने राज्य सरकार से आग्रह किया है कि वह पांच सितंबर को शिक्षक दिवस पर अतिथि शिक्षकों की सेवा नियमित करने की घोषणा करे। इससे स्कूलों में प्लस-टू के विज्ञान शिक्षकों की कमी दूर होगी। उन्होंने नियोजन प्रक्रिया बंद करते हुए पुराने वेतनमान पर शिक्षकों की बहाली की प्रक्रिया शुरू करने की भी मांग की है।

कपिलदेव प्रसाद उर्फ राही बाबू
जन्मतिथि : 9.10.1946 पुण्य तिथि : 17.08.2022



शोक-संदेश

अपार दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पिताजी श्रद्धेय श्री कपिलदेव प्रसाद जी उर्फ राही बाबू का निधन 17 अगस्त, 2022 की रात्रि में हो गया है। पूज्य बाबूजी की स्मृति में 29 अगस्त, 2022 (सोमवार) को दिन में शांति पूजा और सांय 6 बजे से स्मृति भोज का आयोजन मेरे निज निवास पर किया जा रहा है। इसमें आप सब की उपस्थिति और भागीदारी प्रार्थनीय है।

-: निवेदक :-

श्रीमती बिंदा देवी ( मां ) उषा किरण-अनिल कुमार ( दीदी एवं जीजाजी ), सरिता किरण-अरविंद कुमार रंजन ( दीदी एवं जीजाजी ) अनामिका आर्या ( पत्नी ) एवं समस्त शोकाकुल परिवार, मित्र रंजन कुमार

स्थायी आवास पता

शिवाजी नगर ( मखदुमपुर बगीचा ) रोड नंबर 2
( देव आईटीआई के पास ), दीघा, पटना - 800011
संपर्क नं. 9717965840

**सुभाषित** *जो मनुष्य किसीके साथ जिस प्रकारका व्यवहार करे उसको भी उसके साथ उसी प्रकारका व्यवहार करना चाहिए। यही धर्म है।* ❐ *विदुर नीति*



## ट्विन टावर ध्वस्त

उत्तर प्रदेशमें नोएडाके सेक्टर ९३ए में स्थित ट्विन टावरको रविवारको पूर्व निर्धारित समय दोपहर ढाई बजे विस्फोटके माध्यमसे नौ सेकेण्डके अन्दर ही ध्वस्त कर दिया गया। भ्रष्टाचार कर बनाये गये ४० मंजिला ट्विन टावर अब मलबेमें तब्दील हो गया है। पूरे क्षेत्रमें धूलका गुबार इतना अधिक था कि कुछ भी दिखायी नहीं दे रहा था। दिल्लीके कुतुब मीनारसे भी ऊंची इन इमारतोंको गिरानेके लिए ३७ सौ किलोग्रामसे अधिक विस्फोटकका इस्तेमाल किया गया था। ध्वस्तीकरणकी पूरी काररवाई अत्यन्त ही सावधानी और सतर्कतासे की गयी थी, जिसकी तैयारी कई दिनोंसे चल रही थी। सन्तोषकी बात है इसमें न तो कोई व्यक्ति घायल हुआ और न ही किसीकी मृत्यु हुई। सर्वोच्च न्यायालयके आदेशसे ही ट्विन टावरको ढहानेका कार्य किया गया है। ट्विन टावरकी दो सबसे नजदीकी सोसायटी एमराल्ड कोर्ट और एटीएस विलेजके पांच हजारसे अधिक निवासियों और उनके पालतू जानवरोंको रविवारको सबेरे सात बजेतक वहांसे निकाल दिया गया था। दोनों परिसरोंके लगभग तीन हजारसे अधिक वाहन भी हटा दिये गये थे। ट्विन टावरको ध्वस्त करना अत्यन्त ही जोखिमभरा काम था। इसके लिए दक्षिण अफ्रीकाकी जेट डिमालिशंससे सहयोग लिया गया था। दोनों टावरोंको इस तरहसे गिरानेकी रणनीति बनायी गयी थी जिससे कि मात्र नौ मीटरकी दूरीपर स्थित आवासीय भवनोंको कोई क्षति नहीं पहुंचे। ध्वस्तीकरण टीममें शामिल विशेषज्ञोंने सफलतापूर्वक कार्यको अंजाम दिया, जिसके लिए वे बधाईके पात्र हैं। स्वतंत्र भारतके इतिहासमें आवासीय भवनोंको ध्वस्त करनेकी यह बड़ी घटना है। इससे एक बड़ा सख्त सन्देश उन बिल्डर कम्पनियोंको दिया गया है, जो कानून और नियमोंको ताकपर रखकर भ्रष्टाचारका सहारा लेकर भवन निर्माण करती हैं जिससे कि वे अधिकसे अधिक धन अर्जित कर सकें। ट्विन टावरके खिलाफ लम्बी कानूनी लड़ाई भी लड़ी गयी, जिसमें सत्यकी जीत हुई। यह भ्रष्टाचारियोंको कड़ा जवाब भी है। कानूनके हाथ इतने लम्बे हैं कि वे बच नहीं पाये। इस बड़ी घटनासे बिल्डर कम्पनियोंको सबक लेनेकी जरूरत है।

## संविधान पीठ जरूरी

न्यायमूर्ति उदय उमेश ललितने शनिवारको देशके ४९वें मुख्य न्यायाधीशके रूपमें शपथ ग्रहण की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मूने राष्ट्रपति भवनमें उन्हें शपथ दिलायी। शपथ ग्रहणके बाद सीजेआई ललितने भारतीय सभ्यता और संस्कृतिका निर्वहन करते हुए अपने ९० वर्षीय पिता एवं बाम्बे उच्च न्यायालयके पूर्व जज उमेश रंगनाथ ललितके पैर छूकर आशीर्वाद लिया। न्यायमूर्ति यूयू ललित देशके पहले ऐसे सीजेआई हैं जिनका कार्यकाल सबसे कम मात्र ७४ दिन होगा, जो अत्यन्त महत्वपूर्ण है। यद्यपि कार्यकाल छोटा अवश्य है लेकिन अपने अनुभव और कुशाग्र बुद्धिसे बहुत बड़ा काम कर सकते हैं। यह उनका गुरुतर दायित्व बनता है कि अल्प अवधिमें न्यायमें अवरोधक बने कमियोंको दूर करते हुए कीर्तिमान स्थापित करें। सीजेआईने भी इस दिशामें ठोस और सार्थक कदम उठानेका संकेत दिया है। शपथ ग्रहणके बाद अपने पहले सम्बोधनमें प्राथमिकताको रेखांकित करते हुए संविधान पीठ (पांच जजोंकी) के गठनकी मंशा जतायी, जो संवैधानिक मुद्दोंपर स्पष्टतासे फैसला दे। शीर्ष न्यायालयने हालमें ही निर्देश दिया है कि २९ अगस्तसे संविधान पीठवाले २५ महत्वपूर्ण मामलोंकी सुनवाई की जायगी। सीजेआई यूयू ललित शीर्ष न्यायालयमें न्यायाधीशके रूपमें अपने कार्यकालके दौरान जहां एक ओर अयोध्या विवाद सहित कई मामलोंकी सुनवाईसे स्वयंको अलग कर लिया था वहीं दूसरी ओर तीन तलाक और 'स्किन टू स्किन टच' समेत कई अहम फैसलोंका हिस्सा भी रहे। लम्बित मामलोंको गम्भीरतासे लेते हुए न्यायमूर्ति ललितने कहा कि वह मुकदमोंकी सूचीबद्धताको पारदर्शी और आसान बनायेंगे। देशकी जनताको उम्मीद ही नहीं विश्वास है कि नये सीजेआई अपने अल्पकालमें न्यायपालिकाको नयी ऊंचाई देंगे।

## लोक संवाद

### शब्दबाणोंकी बौछार

महोदय,- कुछ दिन पूर्व बिहारके मुख्य मंत्री मोदीके साथ थे। मोदीकी नीतियोंका विरोध किया जा रहा है। जबकि लालूको सबसे अच्छे राजनीतिक भागीदार बता रहे हैं। समयकी बलिहारी है। जब लालू सत्तामें थे तब लालू प्रसाद यादवके कार्यकालमें अपराधको बढ़ावा देनेके आरोप लगे थे। फिर वह बाहुबली माफियाओंके संबंधोंका आरोप हो या फिर हत्या और अपहरणको बढ़ावा देनेके। बाहुबलियोंका उभार का दौर था। बिहारमें उपद्रवियोंकी खुली छूटका माहौल था। राज्यमें कई गुट बन गये थे। बिहारमें लालू प्रसाद और राबड़ीके शासनकालमें क्राइम बहुत बढ़ गया था। नीतीशके पद भार संभालनेके बाद क्राइम कम हुआ था। लालूने नीतीश कुमारपर दो सौ करोड़ रुपयेका भ्रष्टाचारका आरोप नीतीशपर लगाया था। यह राजनीति है यहा आरोप-प्रत्यारोप चलते रहते हैं। लालूने शब्दबाणोंकी बौछारमें मोदीको भी नहीं बक्शा है। लालूका जो भी विरोध करते था। वह उनके पीछे पड़ जाते थे। तेजस्वी यादव उपमुख्यमंत्री है। उनके बिहारमें ११५ विधायक हैं। सरकार बनानेके लिए १२५ की जरूरत है। लालूकी गणित इस बार नीतीशको भारी पड़ सकती है। ११५ के साथ स्पीकर भी उनका ही है। नीतीशको ज्यादा गफलतमें नहीं रहना चाहिए। ये राजनीतिका अखाड़ा है। यहा कोई किसीका नहीं होता है। इस अखाड़ेसे बेटा-बापसे हिसाब मांग सकता है। लालूने नीतीशको साफ तौरपर कह दिया था कि आप बिहारकी फिक्र मत करिये। बिहार हम सम्भाल लेंगे। **-कांतिलाल मांडोत, सूरत।**

# मताधिकारको लेकर घमासान

**देशभरमें जो मतदाता सूचियां तैयार होती हैं, वे इसी आधारपर तैयार होती हैं। जो व्यक्ति जिस स्थानपर रहता है, उसी स्थानपर मतदान करनेका अवसर मिलता है। लेकिन प्रश्न उठता है कि कानून और नियम व्यवस्थाको जाननेके बावजूद कांग्रेसके साथ मिलकर अब्दुल्ला और महबूबा शोर क्यों मचा रहे हैं।**

❐ **कुलदीप चंद अग्निहोत्री**

जम्मू-कश्मीरमें अनुच्छेद ३७० के हटनेसे देशके सभी केन्द्रीय कानून राज्यमें लागू हो गये हैं। यह साधारण-सी बात शेख अब्दुल्ला परिवारके फारूक अब्दुल्ला भी अच्छी तरह जानते हैं। मुफ्ती मोहम्मद सैयदकी बेटी महबूबा सैयद भी जानती हैं। यदि उनको इसका इल्म नहीं था तो उनके वकीलोंने अबतक उन्हें बता ही दिया होगा। कांग्रेस इसको नहीं जानती, इसका तो सवाल ही नहीं उठता। लेकिन इसके बावजूद ये तीनों दल पिछले दिनों श्रीनगरमें एकत्रित हुए और इन्होंने कहा कि राज्यमें उन लोगोंका नाम भी मतदाता सूचीमें लिखा जा रहा है जो आम तौरपर जम्मू-कश्मीरमें रहते हैं। देशभरमें जो मतदाता सूचियां तैयार होती हैं, वे इसी आधारपर तैयार होती हैं। जो व्यक्ति आम तौरपर जिस स्थानपर रहता है, उसी स्थानपर उसकी वोट बनती है और उसे मतदान करनेका अवसर मिलता है। उदाहरणके लिए महबूबा मुफ्तीके पिताजी मुफ्ती मोहम्मद सैयद एक बार उत्तर प्रदेशसे लोकसभाका चुनाव लड़े थे और जीत भी गये थे। जाहिर है उस प्रदेशकी मतदाता सूचीमें उनका नाम शामिल रहा होगा। अब यह तो महबूबा मुफ्ती ही बता पायंगी कि उनके पिताजी वहां आम तौरपर रहते थे या नहीं। लेकिन कानूनने उनको यह अधिकार दिया था कि यदि आप आम तौरपर वहां रह रहे हो तो केवल वोट देनेका अधिकार ही नहीं, बल्कि चुनाव लड़नेका अधिकार भी मिलता है। लेकिन प्रश्न उठता है कि कानून और नियम व्यवस्थाको जाननेके बावजूद कांग्रेसके साथ मिलकर अब्दुल्ला और महबूबा शोर क्यों मचा रहे हैं। वैसे उन्होंने शोर मचानेके लिए राज्यके राजनीतिक दलोंको जो निमंत्रण भेजा था, उसमें इन तीनोंको छोड़कर और कोई राजनीतिक दल शामिल नहीं हुआ। न तो सज्जाद लोनकी पीपुल्स कान्फ्रेंस और न ही बुखारीकी अपनी पार्टी। अलबत्ता रिक्त स्थानोंकी पूर्तिके लिए शिवसेना, सीपीएम बैठाये गये थे। जम्मू-कश्मीरमें आगामी विधानसभा चुनावोंके लिए मतदाता सूचियां तैयार की जा रही हैं। उनमें दो ऐसे वर्ग हैं जिनको आजतक मतदाता सूचियोंमें शामिल नहीं किया जाता था। पहला वर्ग तो उन लोगोंका है, जो किन्हीं कारणोंसे जम्मू-कश्मीरमें रह रहे हैं। कोई मजदूरी कर रहा है, कोई नौकरी कर रहा है। कोई किसी प्रोजेक्टमें काम कर रहा है। अभीतक उनको वोट देनेका अधिकार नहीं था। अपने गांव या शहरमें वे इसलिए वोट नहीं डाल सकते थे, क्योंकि वहां वे रहते नहीं हैं, जम्मू-कश्मीर सरकार उन्हें इसलिए वोट नहीं डालने देती थी क्योंकि वे इस राज्यके स्थायी निवासी नहीं हैं। लेकिन अनुच्छेद ३७९ के समाप्त हो जानेसे स्थायीकी शर्त खत्म हो गयी और बाकी प्रांतोंकी तरह आम तौरपर रहनेकी शर्त लागू हो गयी। इसलिए यह वर्ग जो अभीतक अपनी रोजी-रोटीके चक्करमें लोकतांत्रिक प्रक्रियासे ही बाहर हो गया था, वह फिर उस प्रक्रियाका हिस्सा बन गया है। दूसरा वर्ग ऐसा है जो जम्मू-कश्मीरमें ही स्थायी तौरपर रहता है। लेकिन फिर भी उन्हें विधानसभा चुनावमें वोट देनेका अधिकार नहीं है। ये वे लोग हैं जो १९५७ के विभाजनके कारण पंजाबके स्यालकोट, जो जम्मूसे महज बीस मील दूर था, से भाग कर जम्मूमें आ गये थे। पंजाबके ये लोग १९४७ से लेकर अबतक स्थायी तौरपर जम्मू-कश्मीरमें ही रहते हैं। लेकिन अब्दुल्ला और महबूबाकी नजरमें ये स्थायी



**जम्मू-कश्मीरमें आगामी विधानसभा चुनावोंके लिए मतदाता सूचियां तैयार की जा रही हैं। उनमें दो ऐसे वर्ग हैं जिनको आजतक मतदाता सूचियोंमें शामिल नहीं किया जाता था। पहला वर्ग तो उन लोगोंका है, जो किन्हीं कारणोंसे जम्मू-कश्मीरमें रह रहे हैं। कोई मजदूरी कर रहा है, कोई नौकरी कर रहा है। अभीतक उनको वोट देनेका अधिकार नहीं था। अपने गांव या शहरमें वे इसलिए वोट नहीं डाल सकते थे, क्योंकि वहां वे रहते नहीं हैं, जम्मू-कश्मीर सरकार उन्हें इसलिए वोट नहीं डालने देती थी क्योंकि वे इस राज्यके स्थायी निवासी नहीं हैं।**

नहीं हैं। कारण पूछनेपर बताते हैं कि ये पंजाबी हैं। १९४७ में जम्मू-कश्मीरके जो लोग भाग कर पंजाबमें पहुंच गये, उनको पंजाबमें मतदानका अधिकार मिल गया लेकिन पंजाबके जो लोग भाग कर जम्मू-कश्मीर गये उनके मतदानका विरोध आज भी अब्दुल्ला और महबूबा कर रहे हैं। नयी मतदाता सूचियोंमें इन दोनों वर्गोंको कानूनके अनुसार शामिल किया जा रहा है। इसीका विरोध सैयद और शेख मिलकर कर रहे हैं। ये शेख और सैयद इस विरोधका जो कारण दे रहे हैं, वह और भी हास्यास्पद है। उनका कहना है कि इससे राज्यकी जनसंख्याका अनुपात बदल जायगा। जनसंख्या अनुपात बदलनेका अभिप्राय शायद यह है कि राज्यमें इस्लाम मत और शिया मतको माननेवाले मतदाताओंकी संख्या कम हो जायगी। अब इन भले मानुसोंसे कोई पूछे कि राज्यमें इस्लाम मत और शिया मतको माननेवालोंका नाम क्या मतदाता सूचीसे काटा जा रहा है। यदि नहीं काटा जा रहा तो उनकी जनसंख्या कम कैसे हो जायगी। वे कह सकते हैं कि अनुपात बिगड़ जायगा। उनका यह प्रचार शरारतपूर्ण है, क्योंकि जम्मू-कश्मीरमें जो मजदूर बाहरसे आकर काम कर रहे हैं और वहां आम तौरपर रह रहे हैं वे ज्यादातर इस्लाम मतको या फिर शिया मतको माननेवाले ही हैं। इसलिए अनुपात बिगड़नेका खतरा भी नहीं है। जम्मू-कश्मीरके इन शेखों और सैयदोंको एक बात और ध्यानमें रखनी चाहिए कि मतदाता सूचियोंमें जिनके नाम दर्ज होंगे वे ज्यादातर देसी मुसलमान हैं, शेख और सैयद नहीं हैं। दरअसल सैयदोंकी बड़ी चिंता यही है कि अनुच्छेद ३७० की समाप्तिके बाद कश्मीरका देसी मुसलमान उनके नियंत्रणसे बाहर हो रहा है। शेखों, सैयदों, तुर्कों एवं मुगलोंकी संख्या कश्मीर घाटीमें आटेमें नमकके बराबर भी नहीं है। महज एक या दो प्रतिशत। लेकिन अबतक वे धारा ३७० के कारण देसी कश्मीरी मुसलमानोंपर नियंत्रण बनाये रखते थे। लेकिन उनका यह नियंत्रण ढीला पड़ता जा रहा है। अब नयी व्यवस्थामें तो गुज्जरोंके लिए ही विधानसभाकी नौ सीटें आरक्षित कर दी गयी हैं। गुज्जरोंने चाहे अरसा पहले इस्लाम मतको स्वीकार कर लिया था, लेकिन ये शेख और सैयद उनको अपने नजदीक खड़े होनेके काबिल भी नहीं मानते थे। लेकिन अब धारा ३७० के हटनेसे हालात बदल गये हैं। शेखों और सैयदोंकी यही चिंता है। या खुदा अब गुज्जरोंके आगे हाथ फैलाने पड़ेंगे। इतना ही नहीं, अब तो इनको वातलोंके आगे भी नाक रगडना पड़ेगा।

शेखों और सैयदोंकी असली चिंता यही है। लेकिन अब अंदरका यह दर्द सार्वजनिक रूपसे बता नहीं सकते। इसलिए जम्मू-कश्मीरमें रहनेवालोंको पहली बार उनके सांविधानिक अधिकार वापस मिलेंगे, इसको लेकर वहांके देसी मुसलमानोंको गुमराह करनेके लिए वे यह निराधार ही नहीं, बल्कि शरारतपूर्ण प्रचार कर रहे हैं। श्रीनगरकी गुपकार रोडपर रहनेवाले शेखों और सैयदोंका कहना है कि यदि पंजाबसे विस्थापित होकर आये पंजाबियोंको वोटका अधिकार दे दिया तो राज्यमें डोगरों और सिखोंकी पहचान खतरेमें पड़ जायगी। डोगरोंकी पहचान जम्मूसे लेकर पठानकोटसे होती हुई कांगड़ातक फैली हुई है। स्यालकोटसे विस्थापित जिन पंजाबियोंको वोटका अधिकार दिया जा रहा है, उनकी तो पहचान और रहन-सहन ही जम्मूके डोगरोंसे मिलता है। इसलिए पंजाबके विस्थापितोंको वोटका अधिकार दे देनेसे डोगरोंकी पहचान खतरेमें नहीं पड़ेगी, बल्कि और मजबूत होगी। रही पहचान सिखोंकी, क्या सैयद बतायंगे कि सिखोंकी पहचान पंजाबियोंको अधिकार मिलनेसे मजबूत होती है या कमजोर। सबसे बड़ी बात तो यह कि इन सब प्रश्नोंपर फतवा देनेका अधिकार शेखों और सैयदोंको किसने दिया। ये प्रश्न कश्मीरके देसी कश्मीरियोंसे ताल्लुक रखते हैं, वहांके गुज्जरों, पहाड़ियों, शिया पंथियों, वातलों, हाजियोंसे ताल्लुक रखते हैं। अनुच्छेद ३७० के हटनेसे वे इतने सक्षम हो गये हैं कि खुद इनपर निर्णय कर सकें।

# खाद्य सुरक्षाकी चुनौती

**खाद्य सुरक्षाकी जरूरतोंको पूरा करनेके लिए आगामी वर्षोंमें आयात बढ़ानेकी दरकार है। इसके साथ हमें रणनीतिक योजनपर काम करना है। लेकिन तबतक हमें खाद्य सुरक्षाकी चुनौतियोंका सामना करना है।**

❐ **डा. अजीत रानाडे**

उत्तर भारतमें मार्चमें पड़ी असाधारण गर्मीके कारण गेहूं उत्पादन घटा था। उत्तरी यूरोपमें तो स्थिति और खराब थी और उसका असर भी गेहूंकी पैदावार पर पड़ा। गर्मी और यूक्रेनसे निर्यात बंद होनेसे वैश्विक बाजारमें लगभग १.४० करोड़ टन गेहूंकी कमी होनेका अनुमान है। बड़े आयातक- कूटनीतिक और व्यावसायिक दोनों, पिछले सालके भंडारोंसे गेहूं हासिल करनेकी पुरजोर कोशिशमें हैं। भारतीय प्रधान मंत्रीने भरोसा दिलाया था कि हमारा देश दुनियाको खाना खिला सकता है क्योंकि हमारे यहां बहुत अच्छी पैदावार हुई है। लेकिन मार्चकी गर्मीके बाद हुए आकलनोंके मद्देनजर तुरन्तमें गेहूं निर्यातपर रोक लगा दी गयी, जिससे किसानोंको निराशा हुई क्योंकि वे अंतरराष्ट्रीय बाजारमें बढ़ीं कीमतोंसे बड़ी कमाईकी आसमें थे। लेकिन अब स्थिति और चिंताजनक हो सकती है। इस सालकी पैदावार पिछले सालकी तुलनामें दस फीसदी कम हो सकती है। कम खरीद तथा सार्वजनिक वितरण प्रणाली एवं प्रधान मंत्री गरीब कल्याण अन्न योजनाके लिए अधिक आवंटनके कारण मौजूदा भंडार बहुत कम हैं। वितरण प्रणाली और मुफ्त राशनकी अन्न योजनाकी कुल सालाना जरूरत लगभग ३.५० करोड़ टन है। इसके अतिरिक्त कमसे कम ८० लाख टन अनाजका भंडार होना चाहिए ताकि आपात स्थितियोंसे निबटा जा सके और दाम स्थिर बने रहें।

पिछले सालके भंडार और दो करोड़ टनकी ताजा खरीदके बाद भी अभी संग्रहण कम है। खाद्य एवं जनवितरण विभागने ऐसी संभावित कमीसे इनकार किया है। किसी आसन्न कमीका सबसे अच्छा सूचक कीमतें होती हैं। गेहूं मुद्रास्फीति अभी १२ फीसदी है। व्यापारी मानकर चल रहे हैं कि सालाना उत्पादन ९.५० करोड़ होगा, जो पिछले सालके ११.१० करोड़ टनसे बहुत कम है। अमेरिकी कृषि विभागका भी आकलन है कि भारतमें इस बार उत्पादन ९.८० करोड़ टन होगा। अन्न योजनाकी अवधि छह बार बढ़ायी जा चुकी है और यह सितंबरतक चलेगी। मुफ्त अनाज देनेकी इस योजनाने न केवल कुछ हदतक खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की है, बल्कि लाभार्थियोंको अन्न मुद्रास्फीतिसे भी संरक्षित किया है। सरकार इस योजनामें धीरे-धीरे कमी ला सकती है, परन्तु इसे यकायक बंद नहीं करना चाहिए। इस संदर्भमें यह रेखांकित किया जाना चाहिए कि गेहूंका आयात न तो राष्ट्रीय शर्मकी बात है और न ही इसका राजनीतिकरण होना चाहिए। हरित क्रांतिकी प्रारंभिक सफलताके बादसे कई दशकोंतक भारत गर्वके साथ आत्मनिर्भर रहा है। सरकारी खरीदके जरिये किसानोंको उत्पादनके लिए प्रोत्साहित भी किया गया है। परन्तु बीते वर्षोंमें भारतीयोंके उपभोगका तौर-तरीका बदला है। लोग ज्वार-बाजरा जैसे मोटे अनाजोंकी जगह गेहूं-चावल जैसे महीन अनाज अधिक खाने लगे हैं। मांस और दूधसे बनी चीजोंका उपभोग बढ़ा है। ऐसेमें अधिक अनाजके उत्पादनकी जरूरत है। जानवरोंके भोजनके लिए मक्के और सोयाकी खेती भी बढ़ानी पड़ी है। पशु आहारकी मांग और कीमत बढ़नेसे दूधमें भी मुद्रास्फीति बहुत अधिक है। उपभोगमें बदलावका तीसरा रुझान यह है कि रेस्तरां और सामुदायिक रसोईमें बना-बनाया खाना अधिक परोसा जा रहा है।

ऐसी स्थितिमें यह स्पष्ट है कि उत्पादनमें वृद्धिकी वर्तमान दरसे घरेलू उपलब्धता हमारे लिए पर्याप्त नहीं होगी। इसलिए देर-सबेर भारतको खाद्य सुरक्षाकी ऐसी योजना बनानी होगी, जिसमें आयातपर या भारतीय कम्पनियोंको दूसरे देशोंमें खाद्य उत्पादनके लिए प्रोत्साहित करनेपर बहुत जोर दिया गया हो। खाद्य सुरक्षाकी वर्तमान स्थिति चिंताजनक है। वैश्विक खाद्य सुरक्षा और पोषणकी स्थितिपर हालमें प्रकाशित एक रिपोर्टमें कहा गया है कि २०१९-२१ के बीच भारतकी आबादीका ४०.६ फीसदी हिस्सा औसत या गम्भीर खाद्य असुरक्षासे ग्रस्त रहा। यह १०.७ फीसदीके वैश्विक औसतसे बहुत अधिक है। इस तरह दुनियाके एक-तिहाईसे अधिक भूखे और कुपोषित लोग भारतमें हैं, जो कि चिंताजनक ही नहीं, अफसोसनाक भी है। वैश्विक भूख सूचकांकमें ११६ देशोंमें भारत १०१वें स्थानपर आ गया है। हालांकि इस सूचकांकमें भारतकी स्थिति कुछ वर्षोंसे सुधर रही है, परन्तु अब भी यह गम्भीर है तथा संबंधित आंकड़े शोचनीय स्तरपर हैं। वैश्विक भूख सूचकांकमें देशोंकी स्थितिका आकलन तीन आयामों- शिशु मृत्यु दर, बाल कुपोषण तथा खाद्य आपूर्तिका स्तरके आधारपर किया जाता है। खाद्य अर्थव्यवस्थाके अन्य पहलूको देखें तो खाद्य तेलोंके आयातपर भारतकी बहुत अधिक निर्भरता है। दाल, जो प्रोटीनका एक महत्वपूर्ण स्रोत है, का उत्पादन भी अपेक्षित गतिसे नहीं बढ़ रहा है और हमें अपनी आवश्यकताका १० से १५ प्रतिशत हिस्सा बाहरसे खरीदना पड़ता है। भविष्यमें इसमें वृद्धिकी संभावना भी है। हमारा देश दूधका सबसे बड़ा उत्पादक है, लेकिन प्रति व्यक्ति उपभोगके वैश्विक औसततक पहुंचनेके लिए उत्पादनमें व्यापक वृद्धिकी आवश्यकता है। दूध उत्पादन बढ़ानेके लिए मक्के जैसे पशु आहारकी पैदावारमें भी भारी वृद्धिकी दरकार है। साथ ही कृषि उत्पादनमें वृद्धिकी गति बढ़ानेका दबाव भी स्वाभाविक है। इस विवरणसे स्पष्ट है कि निकट भविष्यमें खाद्य आयातपर भारतकी निर्भरतामें वृद्धि होगी। अब यह अपने-आपमें न तो राष्ट्रीय प्रतिष्ठाका मामला है और न ही अपमानका। आखिरकार हम ऊर्जा स्रोतोंके बड़े आयातक हैं, जिसे स्वच्छ ऊर्जाके अधिकाधिक उपयोगसे कम होनेकी हमारी उम्मीद है। इसी तरहसे हमें खाद्य सुरक्षाकी जरूरतोंको पूरा करनेके लिए आगामी वर्षोंमें आयात बढ़ानेकी दरकार है। इसके साथ हमें रणनीतिक योजना और समन्वयपर भी काम करना है। पैदावार बढ़ाने और फसलोंमें विविधता लानेमें तकनीककी भी एक भूमिका होगी। लेकिन तबतक हमें खाद्य सुरक्षाकी चुनौतियोंका सामना करना है, उत्पादनमें वृद्धिके लिए उन्नत तकनीकी क्षमता हासिल करना है तथा आयातको लेकर समुचित रणनीति बनानी है। खाद्य सुरक्षा तथा मूल्य स्थायित्वके लिए हमें बड़े पैमानेपर गेहूं आयात करना होगा।




## संघर्ष और समर्पण

❐ **बाबा हरदेव**

जीवनके केवल दो ही ढंग हैं, एक संघर्षका और दूसरा संपर्णका। अब संघर्षका अर्थ है मनुष्यकी अपनी मर्जी और समर्पणका भाव है सृष्टिको चलानेवाले सृजनहारकी रजा। अब संघर्ष मनुष्यकी आम आदत है, क्योंकि इस सारे संसारमें मनुष्य जो भी दुनियावी वस्तुएं प्राप्त करना चाहता है, वह इसे अधिकतर चेष्टा और संघर्षसे मिलती हैं। उदाहरणके तौरपर यदि इसे धन कमाना हो तो बैठे बिठाये नहीं मिलेगा। इसको प्राप्त करनेके लिए मेहनत और संघर्षकी आवश्यकता है, दौड़-धूप करनी होगी। इसी प्रकार यदि यश कमान हो तो भी भागदौड़ जरूरी है, परेशनी उठानी होगी, यानी कि कोई भी सांसारिक पदार्थ पाना हो तो मेहनत और कोशिश जरूरी है। अत: भूल वश मनुष्य इस परंपरासे यह परिणाम निकाल बैठा है कि जब छोटीसे छोटी वस्तुओंकी प्राप्तिके लिए संघर्ष करना पड़ता है तो इस विराटको पानेमें तो इससे भी ज्यादा दौड़-धूपकी जरूरत होगी। अत: मनुष्य यह भूल अपनी सांसारिक गणितको सन्मुख रखते हुए अकसर कर बैठता है, परन्तु आध्यात्मिक जगतमें बिलकुल इसके विपरीत हैं। संसारमें इनसानको जो कुछ पाना होता है, वह परमात्माको पीछे करके पाया जाता है यानी परमात्माकी तरफ पूरी पीठ करनी पड़ती है, इसके लिए संघर्ष चाहिए। इस सूरतमें कर्ता होनेके सभी कष्ट सहन करने पड़ते हैं, लेकिन परमात्माको पानेके लिए मनुष्यकी अपनी चेष्टाकी जरूरत नहीं है। वास्तवमें संघर्षसे अहंकारका जन्म होता है। अत: परमार्थमें संघर्ष ऐसे ही है जैसे कोई प्राणी हवाके रुखके विपरीत चप्पू चलाकर नावको पार करनेकी कोशिशमें जुटा हो। दूसरे मायनोंमें परमार्थमें संघर्ष करनेवाले मनुष्य वास्तवमें इस भ्रमका शिकार होता है कि हर वस्तु अपनी इंद्रियोंकी मददसे प्राप्तकी जा सकती है। मानो ऐसे मनुष्य भगवानसे भी लड़ाई करता हुआ दिखाई देता है और अपनी आकांक्षाओंको पूरा करवाना चाहता है, चाहे इसकी कामनाओंकी प्राप्ति प्रार्थनासे हो। मानों मनुष्य रावणकी तरह अपने ही अहमसे भारी होता चला जाता है। ऐसा मनुष्य अहंकार रूपी पत्थर अपने गलेमें लटकाये हुए हैं। अत: जब मनुष्य भारी होता है तो इससे दूसरोंको भी चोट पहुंचती है, क्योंकि ऐसा मनुष्य हर समय आशा रखता है कि दूसरे लोग खास तौरपर इसका सत्कार करें।

# जीवनमें खेलोंका महत्व अतुलनीय

❐ **डा. प्रितम भि. गेडाम**

भारतीय इतिहासके सबसे महान खिलाड़ीके रूपमें प्रसिद्ध मेजर ध्यानचंदजीका जन्मदिन, हर साल २९ अगस्त, पुरे देशमें राष्ट्रीय खेल दिवसके रूपमें मनाया जाता है। वह वर्ष १९२८, १९३२ और १९३६ में तीन ओलंपिक स्वर्ण पदक अर्जित करनेके अलावा, अपने असाधारण गेंद नियंत्रण हुनर और गोल-स्कोरिंग कारनामोंके लिए जाने जाते रहे, भारतने १९२८ से १९६४ तक आठमेंसे सात ओलंपिकमें फील्ड हॉकी स्पर्धा जीती। उनके इसी असाधारण प्रतिभाके कारण उन्हें हॉकीके जादूगरके नामसे जाना जाता है। उन्होंने अपने पुरे करियरमें कुल मिलाकर १००० से अधिक गोल किये। भारत सरकारने १९५६ में भारतके तीसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान, पद्म भूषणसे उन्हें सम्मानित किया। भारतका सर्वोच्च खेल सम्मान, मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कारका नाम उनके ही नामपर रखा गया है। राष्ट्रीय खेल दिवसपर देशभरमें खेलोंके महत्वके बारेमें जागरूकता फैलाने और खेलोंको बढ़ावा देनेके उद्देश्यसे बड़े उत्साहके साथ विभिन्न खेल स्पर्धाओं और सेमिनारोंका आयोजन किया जाता हैं। आनन्द राठी इन्वेस्टमेंट बैंकिंगकी रिपोर्ट अनुसार खेल उद्योगके रूपमें २०२० में २७ बिलियन डालरसे २०२७ तक सौ बिलियन डालरके मूल्यतक पहुंचनेके लिए यह व्यवसाय पांच गुना बढ़नेकी सम्भावना है।

आज आधुनिकताके चक्करमें अधिकतर लोग व्यस्थ नजर आते हैं। आलस्य, प्रदुषण, मिलावटखोरीके कारण शारीरिक और मानसिक बीमारियां अत्यधिक तेजीसे बढ़ रही है। आधुनिक संसाधन और सोशल मीडियाने युवा वर्गको आउटडोर खेलोंसे काफी दूर कर दिया है। समाजमें खेलोंकी भूमिका न केवल व्यक्तिके लिए, बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्यके लिए भी महत्वपूर्ण हो गयी है। खेल शारीरिक और मानसिक रूपसे व्यक्तिको मजबूत बनाता हैं, इससे अनुशासन और भागीदारीकी भावना बढ़ती है, स्फूर्तिवान बनते हैं। खेलसे अच्छे स्वास्थ्यवर्धक खान-पानकी आदत पड़ती है, बीमारीको रोकने या कम करनेमें शारीरिक गतिविधि और व्यायामका महत्वपूर्ण सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। खेल, तनावको प्रबंधित करनेमें मदद करता हैं, अवसाद और चिंताको कम करके एकाग्रता बढ़ाता है, दिमागको तेज रखनेके लिए खेलोंमें सक्रिय बने रहना चाहिए। हर दिन ३० मिनटका व्यायाम भी तन-मनको सुकून दिलाता है। खेल, व्यक्तिके मूड और नींदकी गुणवत्तासे लेकर संचार और नेतृत्व कौशलको भी प्रभावित करता है। खेलमें भाग लेनेसे दोस्तोंके साथ जुड़ सकते हैं, समयका सदुपयोग करके बुरी आदतोंसे बचे रहते है। खेलोंमें भाग लेनेसे सोच और विश्लेषण कौशलमें सुधार होता है और अच्छे निर्णय लेनेमें मदद मिलती है। मस्तिष्कको सतर्क रखकर कार्योंमें सुधार करने और ध्यान केंद्रित करनेकी क्षमतामें सुधार होता है। खेल द्वारा आत्मविश्वास बढ़कर सामाजिक कौशलमें सुधार होता है, संतुलित वजन बनाये रखकर स्वस्थ जीवनशैली जीनेकी संभावना बढ़ती है। खेलोंसे एकजुटता और सहयोगी भावनाका विकास होता है, स्वस्थ व्यक्ति या खिलाड़ीसे स्वस्थ समाजका निर्माण होता है और स्वस्थ समाजसे स्वस्थ देश बनता है। यथासंभव हर रोज प्रत्येक व्यक्तिने आउटडोर खेल खेलने चाहिए।

आबादीके मामलेमें हमारा देश विश्वमें दूसरे क्रमांकपर है, लेकिन हमेशा विश्वस्तरीय खेल महोत्सव प्रतियोगिताओंके पदक तालिकाओंमें हम पीछे रह जाते है और छोटे-छोटे देश पदक तालिकाओंमें शीर्षपर नजर आते है। ऐसा नहीं है कि हम खेलोंमें पिछड़ते जा रहे हैं, पहलेके मुकाबले हमारा खेल प्रदर्शन बेहतर हो रहा है। देशमें खेल प्रतिभाओंकी कोई कमी नहीं है, देशके हर शहर, हर गली-मोहल्लेसे हुनरबाज निकलते हैं, कमी है तो बस इन हुनरबाजोंको निखारनेकी और उनकी योग्यताओंको पहचानने की। जीवनमें समयकी कीमत खिलाड़ी बेहतर समझते है क्योंकि प्रतियोगितामें विजेता माइक्रो सेकंडके अंतरसे बदलते है। आज भी सम्पूर्ण विश्वमें अपने खेल प्रतिभासे देशका नाम रोशन करनेवाले अधिकतर खिलाड़ी अति सामान्य परिवार और ग्रामीण क्षेत्रसे आते हैं। खिलाडी अपने जीवनमें अनेक आर्थिक समस्याओंसे लड़ते हुए आगे बढे है। खेलोंको बढ़ावा और खेल प्रतिभाओंको प्रोत्साहन देनेके लिए सरकारकी ओरसे अनेक योजनाएं और कार्यक्रम चलाये जाते हैं। शिक्षा और नौकरियोंमें खिलाड़ियोंके लिए तय कोटा होता है, खेल प्रतिभाओंका विशेष सम्मान होता है, विशेष उपलब्धिपर खिलाड़ियोंको पुरस्कार और धनराशि प्रदान की जाती है। फिर भी देशकी आबादीके मुकाबले खेलोंको प्रोत्साहन कम ही है, अनेक प्रतिभावान खिलाडी आर्थिक तंगीके कारण खेलोंसे दूर हो जाते हैं।

खेल हमारे जीवनका महत्वपूर्ण हिस्सा है, खेलोंके बिना जीवन अधूरा है। खेल गतिविधियोंमें पारंगत कुशल शारीरिक शिक्षककी शैक्षिक केंद्रमें कमी मुख्य चुनौती है। यह सुनिश्चित करना होगा कि खेल और शारीरिक शिक्षा प्रदान करनेवाले स्कूलोंके साथ प्रत्येक स्कूलमें शारीरिक शिक्षकोंकी भर्ती लगातार होनी चाहिए। शिक्षण संस्थानोंमें कुशल खेल शिक्षक होना समयकी मांग है। ये केवल शिक्षण संस्थानोंमें ही सीमित नहीं हैं, बल्कि प्रशिक्षण केंद्रमें भी शारीरिक शिक्षकों और प्रशिक्षकोंकी कमी है। शारीरिक शिक्षा या खेल शिक्षाके लिए मार्गदर्शनकी आवश्यकता होती है। उचित मार्गदर्शनके अभावमें खिलाड़ी कैसे तैयार होंग। एक कुशल शारीरिक शिक्षककी कमी खेल शिक्षाके भविष्यके लिए बहुत बड़ी समस्या है। शिक्षक बच्चोंको उनके पसंदीदा खेलोंकी पहचान करने, उनके हुनरको समझकर और फिर उनमें महारत हासिल करनेमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। खेलके माध्यमसे एक स्कूल छात्रोंमें नेतृत्व, विवाद प्रबंधन, टीम निर्माण, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और अनुशासन जैसे गुण पैदा करता है। खेल, व्यक्तिको सामान्यसे सम्पूर्ण व्यक्तिमत्व बननेका मार्ग प्रशस्त कर देता है।

अनेक अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ी एवं पैरालंपिक खिलाड़ी आज आर्थिक स्थितिसे जूझ रहे है, परिवारका भरण-पोषण करनेके लिए छोटा-मोटा जो मिले, वह कार्य कर रहे है तो कोई गुमनामीकी जिन्दगी काट रहे है। सरकारकी ओरसे उन्हें नौकरी, सरकारी सहायता या उन्हें कोचिंग सेंटर खोलनेके लिए आर्थिक मदद करनी चाहिए। हमारे देशमें क्रिकेटके अलावा भी अब अन्य अनेक खेल लोगोंका ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। देशमें सभी तरहके खेलोंको उचित मंच उपलब्ध करवाना चाहिए, उन्हें राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तरपर प्रोत्साहन मिलना चाहिए। देशमें नयी खेल प्रतिभाओंको ढूंढ़कर उनको समाजके सामने लाकर उचित प्लेटफार्म देनेके लिए राष्ट्रीय खेल प्रतिभा टीवी चैनल शुरू होना चाहिए, जो सम्पूर्णत देशके कोने-कोनेसे नये खिलाड़ियोंको खोजनेके लिए समर्पित हों। देशके प्रत्येक जिलेमें सरकारकी ओरसे संचालित अंतरराष्ट्रीय स्तरके खेल प्रशिक्षण केंद्र होने चाहिए। ऐसे सभी केंद्रोंपर विश्वस्तरीय पदक विजेता खिलाड़ियोंने प्रशिक्षककी भूमिका निभानी चाहिए। ऐसे केंद्र द्वारा विश्वस्तरीय प्रशिक्षण जिलेके सभी गांव-कस्बोंके नये खिलाड़ीको मिलेगा। आजकल पढ़ाईके साथ खेल बहुत जरूरी है। पालकोंने अपने बच्चोंकी प्रतिभाको पहचान कर खेलोंमें सक्रिय होनेके लिए बढ़ावा देना चाहिए। बच्चे खेलोंमें नाम कमानेके साथ अच्छा करिअर बना सकते हैं। खूब खेलें, स्वस्थ रहें, सशक्त देश बनायें।

# दुल्हिन बाजार में वाहन चोर पूरी टीम के साथ गिरफ्तार

**दुल्हिन बाजार।** थाना क्षेत्र के उलार सूर्य मंदिर तलाब के समीप शनिवार रात वाहन चोर की टीम गिरफ्तार किया गया है।

मामला हैं कि ढाई माह पूर्व पटना-पालीगंज एसएच टू मुख्य पथ पर स्थित लाला भदसारा पेट्रोल पंप के समीप खड़ी दस चक्का हाईवा ट्रक को अज्ञात चोरों के द्वारा गायब कर दी गई थीं। पुलिस जांच में वाहन चोर पटना जिला के भगवानगंज स्थित बेदौली गांव निवासी सुजीत कुमार उर्फ आँधी का नाम सामने आया था। जिसकी गिरफ्तारी के लिये एएसपी अवधेश सरोज दीक्षित के निर्देश पर थानाध्यक्ष मनोज कुमार के नेतृत्व में टीम गठित की गई थीं।

डिजिटल जांच में पता चला कि सुजीत कुमार उर्फ आँधी अपने दोस्त जहानाबाद जिला के कल्पा ओपी के बुधना टाली गांव निवासी संदीप कुमार, अशोक कुमार, चुनचुन कुमार व कड़ौना ओपी के लोदीपुर गांव निवासी रंजन कुमार के साथ एक उजले रंग बोलेरो पर सवार होकर किसी घटना का अंजाम देने जा रहे थें तभी पुलिस ने उलार के समीप से घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया गया। जिसमें दो मास्टर चाभी व उजला रंग का बोलेरो, चार मोबाईल जब्त किया गया हैं।



वहीं थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया सुजीत कुमार के नेतृत्व में टीम हाईवा व ट्रक चोरी करने वाली टीम को अगली घटना की रणनीति तैयार करने के साथ गिरफ्तार कर लिया गया हैं इनके पास उजला रंग का बोलेरो जब्त किया गया हैं जो चोरी के घटना में इस्तेमाल किया जाता था। दो मास्टर चाभी व चार मोबाईल फोन जब्त किया गया हैं।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार घायल

**फतुहा ( आससे )।** थाना क्षेत्र के फतुहा पटना फोरलेन पर सुकुलपुर गांव के समीप रविवार को एक बाइक सवार युवक को एक अज्ञात वाहन ने धक्का मार दी जिससे युवक गम्भीर रूप से घायल हो सड़क किनारे गिर गया। आसपास के लोगो की मदद से घायल युवक को इलाज के लिए पटना भेजा गया जहां उसकी स्थिति अब भी गम्भीर बनी हुई है। घायल युवक की पहचान उसके पॉकेट से मिले कागजात के आधार पर फतुहा थाना क्षेत्र के वरुणा गांव निवासी सोनू कुमार के रूप में हुई। स्वजनों ने बताया कि सोनू आज अपने घर वरुणा से निजी काम से बाइक से पटना जा रहा था तभी रास्ते मे फोरलेन पर छपाक वाटर पार्क के समीप अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी जिससे वो गम्भीर रूप से घायल हो गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## वनदेवी में महाआरती सम्पन्न

**बिहटा ( आससे )।** आज वन देवी में महा आरती का आयोजन किया गया। साथ ही लोगो ने सन्ध्या काल मे भजन किया। पुजारी हरिओम जीने मा का सिंगार और विधिवत पूजा पाठ किया। काफी श्रद्धालु ने आज दर्शन किया। अमिताभ उर्फ मोनू, शशि भूषण आदि ने मा का आरती किया। वनदेवी के दर्शन से सारे कष्ट मिट जाते है। रविवार और मंगलवार को काफी संख्यामे लोग दर्शन करते है।



# बिहटा के लोगों को आंखों की रोशनी लौटाना लक्ष्य : अमिताभ मोन

**बिहटा ( आससे )।** अखंडज्योति आई हॉस्पिटल के द्वारा नेत्र जांच शिविर का आयोजन बिहटा नगर परिषद के भावी अध्यक्ष कुमार अमिताभ मोनू के द्वारा आज बिहटा के मीरा झा के पास आशीष मेडिकल हॉल के पास किया गया, जिसमे सैकड़ो लोगों ने इस स्वास्थ्य जांच शिविर का लाभ उठाया, वहा लोगों पे पूछने पे की ये शिविर के माध्यम से जिस तरह से आँखो का इलाज हर माध्यम से बारीकी से हो रहा है उसपे लोगों ने बोला की हमलोगो को पहली बार ये सुविधा आसानी से उपलब्ध हो पा रहा है। जांच के बाद जिनको आँख मे समस्या है और चस्मा चाहिए उनको चस्मा भी उपलब्ध कराया जायेगा!! जिन मरीजों को मोतियाबिंद की बीमारी होगी उन मरीजों को मुफ्त मे बस के द्वारा उनका पटना मे निःशुल्क ऑपरेशन भी किया जायेगा!! उनका कहना है की हमसे पहले भी जितना हो पाया है मदद हमने की है वजह कोई भी हो, और आगे भी यह मदद हमेशा जारी रहेगी।



## प्रखंड वार्ड संघ का चुनाव

**बिहटा ( आससे )।** प्रखण्ड के भगवान भवन परिसर में प्रखण्ड वार्ड संघ का चुनाव नवनिर्वाचन पदाधिकारी अशोक कुमार एवं सहायक निर्वाचन पदाधिकारी भगवान सिंह के देख रेख में सम्पन्न हुआ. वार्ड के सभी सदस्यों ने बैठक की जिसकी अध्यक्षता असगर अंसारी ने की जिसमें कई लोगो ने पर्चा दाखिल किया. अंत में सभी सदस्यों के विमर्श के बाद अध्यक्ष पद पर आनंदपुर पंचायत के वार्ड सदस्य ललिता देवी पर आम सहमति बनी और अन्य सदस्यों ने अपना नाम वापस ले लिया. जिसे सर्वसम्मति से ललिता देवी को अध्यक्ष चुना गया. उपाध्यक्ष पद पर चुन्नू कुमार, महासचिव श्याम प्रकाश कुमार राम, सचिव राकेश कुमार, कोषाध्यक्ष बबीता देवी कार्यकारी सदस्य अंजु देवी, शम्भू कुमार, शैलेश कुमार, सुनिता सिन्हा, एवं कृष्ण कुमार को सर्वसम्मति से सदस्य चुना गया. मौके पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने फूल माला देकर शुभकामनाएं दी।

# बर्थडे पार्टी मनाते छह गिरफ्तार

**बिहटा ( आससे )।** रविवार को बिहटा पुलिस ने शराब मामले में कुल 6 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



गिरफ्तार लोगों की पहचान मोहित कुमार, मुकेश कुमार, रंजीत कुमार, विनोद नट, सूरज कुमार एवं आलोक कुमार के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बिहटा थानाक्षेत्र के श्रीरामपुर सूर्य मंदिर के पास एक मकान में चल रहे बर्थडे में शराब पार्टी में छापेमारी किया गया।

जहां पुलिस ने शराब के नशे में पांच लोगों को गिरफ्तार कर थाना ले आई। जबकि गश्ती के दौरान पुलिस ने गोकुलपुर गांव से एक शराबी युवक को गिरफ्तार कर थाना ले आई।

सभी की जांच की गई जहां शराब की पुष्टि होने पर मामला दर्ज कर सभी को न्यायालय भेजा गया। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि शराब मामले में कुल 6 लोग गिरफ्तार किया गया जहां शराब की पुष्टि होने के बाद सभी को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है और आगे करवाया पुलिस जुट गई है।

# कुख्यात दीपक गिरफ्तार, तीन थाने की पुलिस कर रही थी तलाश

**नौबतपुर ( आससे )।** नौबतपुर थाना की पुलिस ने शाहपुर पुलिस के सहयोग से शाहपुर थाना क्षेत्र में छापेमारी कर लूट, डकैती, गोलीबारी, आर्म्स एक्ट समेत अन्य संगीन मामलों में फरार एक कुख्यात अपराधी को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। पकड़ा गया अपराधी दीपक कुमार नौबतपुर के टिड्डा टोला निवासी रामदीप राय का पुत्र है। थानेदार रफीकुर रहमान ने बताया कि दीपक नौबतपुर में लूट के एक मामले ( थाना कांड संख्या 392/19 ) का फरार अभियुक्त है इसके अलावे उस पर बिहटा, मनेर और शाहपुर थाने में लूट, डकैती, गोलीबारी, आर्म्स एक्ट, दहेज प्रताड़ना के मामले दर्ज है। उन्होंने बताया कि वह नौबतपुर से भागकर नेऊरा और शाहपुर इलाके में अपना ठिकाना बना रखा था।



# सोन नदी के जलस्तर में वृद्धि, सड़क मार्ग में पानी आने से ग्रामीण परेशान

**मनेर ( आससे )।** गंगा और सोन के जलस्तर में लगातार वृद्धि हो रही है। सोन नदी के जलस्तर बढ़ने से सोन-सोता में पानी भर गया है। दियारा के छिहतर और महावीर टोला गांव जाने वाले सड़क मार्ग में पुल के पास पानी भर गया हैं। जिससे ग्रामीणों को छाती भर पानी में घुस कर मनेर बजार आना-जाना पड़ रहा हैं। मजदूर वर्ग के लोग गांव से मनेर काम करने पाने में घुसकर आ रहे हैं, वहीं गांव से बच्चों को स्कूल आने में कठीनाईयों का सामना करना पड़ रहा हैं। छोटे बच्चें स्कूल आना बंद कर दिया है। वहीं ग्रामीणों का कहना हैं प्रशासन कि ओर से अभी तक नाव नहीं दी गई है। अंचलाधिकारी दिनेश कुमार सिंह ने बताया की सोन नदी के जलस्तर में वृद्धी के कारण सोन-सोता में पानी भर आया हैं, जहां सड़क निचे हैं वहां पानी भर गया हैं। छिहतर और महावीर टोला पुल के पास सोन-सोता में पानी आ गया हैं लेकीन अभी चिंता की कोई बात नहीं है। दियारा क्षेत्र के सभी मुखिया से संपर्क किया गया हैं।



# कलम देकर राजद कार्यकर्ताओं ने किया अध्यक्ष का स्वागत

**मसौढ़ी ( आससे )।** मसौढ़ी के राजद कार्यकर्ताओं ने राजद के वरीय नेता संतोष कुमार यादव के नेतृत्व में पंचायती राज प्रकोष्ठ के अध्यक्ष को कलम देकर जोरदार चौरसिया मोड़ पर किया इस मौके पर अध्यक्ष ने कहा कि आप सभी कार्यकर्ता संगठन को मजबूत करने में लगे। सरकार के द्वारा किए जा रहे कार्यों को जन-जन तक पहुंचाएं। राजद पंचायतीराज प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र प्रसाद विद्यार्थी के जहानाबाद दौरा के दौरान दमडीचक मोड बाइपास पर मसौढी, राजद कार्यक्रताओ ने तेजस्वी जी के मॉडल पेन देकर कार्यक्रताओ ने प्रदेश अध्यक्ष का को सम्मानित किये। मौके राजद पंचायतीराज प्रखण्ड अध्यक्ष संतोष यादव, मंटू यादव, मंगली रज्जक, मांझल चौधरी, मंटू, विद्दू, आदित्य, बब्लू इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस मौके पर उपस्थित राजद कार्यकर्ताओं को महेंद्र प्रसाद विद्यार्थी ने कहा कि विपक्ष के लोगों को करारा जवाब देने के लिए आप लोग तैयार रहें आने वाले दिनों में मुख्यमंत्री के पद पद तेजस्वी प्रसाद यादव का मनोनयन तय है।

## शराब पीकर हो हंगामा करने का आरोप

**मसौढ़ी ( आससे )।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के पटेल नगर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराया। वादी का कहना है कि मेरी बेटी के साथ प्रेम विवाह किया था उसके बाद संजीत कुमार मुझे शराब पीकर गाली गलौज हंगामा करता है और पैसे का डिमांड करता है पुलिस पूरे मामले की छानबीन करने की बात कही है।

# संदिग्ध परिस्थिति में महिला की मौत, परीजनों में मचा कोहराम

**मनेर ( आससे )।** थाना क्षेत्र के सुअरमरवा गांव में संदिग्ध स्थिति में महिला की मौत हो गई। घटना के बाद परीजन ने पुलिस को सूचना दी है। इस मामले में पुलिस का कहना है सुअरमरवा गांव के रहने वाले बिरजू राय की पत्नी फुलवंती देवी की अचानक मौत हो गई थी। हालांकि ससुराल वाले पक्ष का कहना है कि तबीयत खराब होने की वजह से मौत हुई है।



वहीं मृतक महिला के मायके पक्ष के लोगों ने अभी तक इस मामले में कोई लिखित आवेदन नहीं दिया है। मृतक महिला का मायके मनेर के हल्दी छपरा में है। उधर पुलिस ने महिला का शव को जप्त कर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल दानापुर भेज दिया है।

इस मामले में थानाध्यक्ष राजीव रंजन का कहना है मामले की जांच की जा रही है। अगर कोई पक्ष लिखित आवेदन देता है। उसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# दनियावां प्रमुख एवं उप-प्रमुख के बीच तल्खी बढ़ी

**दनियावां ( आससे )।** दनियावां प्रखंड के प्रमुख व उप प्रमुख के बीच योजना को लेकर तल्खी बढ़ गयी है। दरअसल मामला प्रखंड के शाहजहांपुर पंचायत के मकसुदपुर गांव में एक योजना को लेकर जुड़ी है। वर्ष 2021-22 की एक योजना का कार्यादेश की तिथि घोषित किए जाने के बाद प्रखंड प्रमुख ब्रजेश किशोर सिन्हा ने योजना को रद्द करने को लेकर जिला अधिकारी तक चिट्ठी लिखी है। वहीं उप प्रमुख ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह ने उक्त योजना को फलीभूत करने के लिए जिलाधिकारी से लेकर ग्रामीण कार्य विकास विभाग तक को चिट्ठी भेजी है। उप प्रमुख ज्ञानेन्द्र कुमार की माने तो पंचायत समिति योजना के तहत 15 वें वित्त योजना में शाहजहांपुर पंचायत के महादलित टोला में छह लाख 28 हजार 7 सौ रुपये की लागत से नाली व पीसीसी पथ का निर्माण होना था। इसको लेकर बीडीओ व पंचायत सचिव ने बीते 13 मई को कार्य आदेश की तिथि भी घोषित कर दिया था। लेकिन इस योजना का कार्य शुरु होने से पहले ही प्रखंड प्रमुख ने इस योजना को रद्द कराने की अनुशंसा कर दी। कार्य योजना के पूर्ण होने से उन्हें कोई परेशानी नहीं हैं। उप प्रमुख ने प्रमुख पर जानबूझकर कार्य योजना को रद्द करा उन्हें प्रताड़ित करने का आरोप लगाया हैं। उन्होंने बीडीओ से इस कार्य योजना को पुरा कराने के लिए मांग किया है। जब इस सन्दर्भ में प्रखंड प्रमुख ब्रजेश किशोर सिन्हा से पुछा गया तो उन्होने प्रताड़ित करने के आरोप को गलत बताते हुए कहा कि शाहजहांपुर पंचायत में अन्य पंचायत के अपेक्षा अधिक कार्य हुए हैं। योजना का ज्यादातर पैसा शाहजहांपुर पंचायत में ही लगा है। इसलिए उक्त योजना को रद्द कर दुसरे पंचायत में कार्य योजना को पुरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

# श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**फतुहा ( आससे )।** रविवार को आचार्य गद्दी कबीर मठ फतुहा में कबीरपंथ के सतलोकवासी यशस्वी संत आचार्य श्री धर्मस्वरूप साहेब का श्रद्धांजलि सभा आयोजन किया गया इस मौके पर मठ के संरक्षक आचार्य महंत ब्र?? ज्ञेश मुनि महाराज ने साधु-संतो को बताया कि आचार्य श्री धर्म स्वरूप साहेब जी का आध्यात्मिक जीवन कबीर मठ फतुहा से आरम्भ हुआ था। धर्म स्वरूप साहेब फतुहा के महंथ केशव संस्कृत कालेज के रिटायर प्रोफेसर थे। उनकी संस्कृत सेवा से उपकृत है कबीर मठ फतुहा। उन्होंने बताया कि संस्कृत के विद्वान एव कबीर साहित्य-दर्शन के मर्मज्ञ धर्मस्वरूप साहेब ने लंबे समय तक फतुहा कबीर मठ में रहकर कालेज की सेवा की। वे पूर्णिया गादी के आचार्य थे। उन्होंने वहां जीवन ज्योति केंद्र की स्थापना की। वर्ष में एक बार कबीर सम्मेलन का आयोजन वे करते थे, उसमें लाखों कबीरपंथी भक्त समाज उसमें सहभागी होते थे। उनके सतलोक गमन से बिहार के कबीरपंथी समाज की जो क्षति हुई है उसकी भरपायी नहीं की जा सकती। किन्तु कबीरपंथ और कबीरपंथियों के हित मे उनका जो काम अधूरा रह गया है उसे पूरा करना ही धर्मस्वरूप साहेब के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। सद्गुरु कबीर साहेब की वाणी %ऐसी करनी कर चलो हम हँसे जग रोये%। दास कबीर यहि हीरा को परखे। धर्मस्वरूप साहेब ने अपने धर्म, कर्म और व्यवहार से हमे सतनाम धारण करने और सन्मार्ग में कबीरपंथ की परम्परा को आगे ले जाने के लिए प्रेरित करता रहेगा।

इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार अरुण कुमार पांडे, प्रोफेसर श्यामसुंदर पांडे, न्यास समिति के सदस्य संत विवेक मुनी, शारदा देवी, अरुण कुमार पाण्डेय, राजेंद्र राणा, चंद्रशेखर सिंह, संत कौशल मुनि, सुनीता पासवान, शशि कुमार, सीता देवी, आदि सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## बिजली चोरी में प्राथमिकी दर्ज

**दनियावां ( आससे )।** प्रखंड के शाहजहांपुर थाना क्षेत्र के सरथुआ गांव में बिजली विभाग की टीम ने छापेमारी किया। जिसमें चार लोगों के विरुद्ध बिजली चोरी की प्राथमिकी दर्ज कराई गई। इस संबंध में कनीय अभियंता ब्रज भूषण प्रसाद ने बताया कि सरथुआ गांव निवासी रणजीत कुमार पांडेय, सुनील प्रसाद, बाल कृष्ण सिंह एवं रामानंद प्रसाद के आवासीय परिसरों में छापेमारी की गई। जिस क्रम में सभी घरों में मेन लाइन में टोका फंसाकर बिजली उपयोग की जा रही थी। इस सभी के विरुद्ध क्रमशः रु. 11178, 17272, 20021 एवं 13832 रुपये की ऊर्जा चोरी की प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

# ओवरब्रिज निर्माण को लेकर बैठक

**मसौढ़ी ( आससे )।** मसौढ़ी के ऐतिहासिक गांधी मैदान मे मसौढ़ी की ज्वलंत समस्या जाम की समस्या पर आमसभा आहुत कर बैठक की गई। इस बैठक का नेतृत्व आश्विन कुमार गोल्डी भाई एवं उज्जवल कुमार ने संयुक्त रूप से किया। इस बैठक मे अब-तक किए गए कार्यो की प्रस्तुति एवं समीक्षा किया गया, आय-व्यय पर प्रतिवेदन और अन्यान्य पर बैठक किए गए। सर्व सम्मति से निर्णय लिए गए की ओवरब्रिज का निर्माण शीघ्र हो नही तो शीघ्र ही धरना पर बैठने पर बाध्य हो जाएंगे। इसके लिए हमलोग शीघ्र ही बिहार सरकार एवं रेलवे अधिकारीगण को अल्टीमेटम देकर धरना पर बैठेंगे।



आज की बैठक मे उपस्थित रमाकांत रंजन किशोर, लाला यादव, अफराज साहिल, डॉक्टर दिलीप, पलटन सिंह, लाल मोहन सिंह, चंद्रमोहन जी, रंजीत पटेल, प्रतीक पटेल, सुमित, छोटू ऐराकी, राजीव कुमार, रविरंजन हिन्द, रवि, अमरजीत, सदन मांझी, अरुण जी, मोहित, सूरज, मोहम्मद सबीर, अशोक जी, रामजन्म सिंह सहित कई लोग मौजूद रहें।

# खुसरूपुर में भाकपा का 34 वां अंचल सम्मेलन संपन्न

**खुसरूपुर ( आससे )।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी अंचल खुसरूपुर का 34वां सम्मेलन रविवार को बैकटपुर में आयोजित किया गया। सम्मेलन की संयुक्त अध्यक्षता अलावलपुर के पूर्व मुखिया योगेंद्र पासवान, हरिनारायण प्रसाद तथा कुशेश्वर दास ने किया। सम्मेलन का उद्घाटन भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता भोला शर्मा ने किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण देश में महंगाई चरम सीमा पर है। आम जनता महंगाई के कारण पूरी तरह से परेशान है।



मोदी की नीतियों के कारण संविधान एवं लोकतंत्र खतरे में है। अखिल भारतीय शिक्षक संघ के महासचिव भोला पासवान ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में केंद्र सरकार द्वारा कोई कार्य नहीं किया जा रहा है। सम्मेलन में पच्चीस सदस्यीय अंचल परिषद का चुनाव किया गया। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी अंचल खुसरूपुर के सचिव भूषण कुमार पांडे को सर्वसम्मति से पुनः अंचल सचिव निर्वाचित किया गया। सहायक सचिव पद पर विनोद कुमार तथा सुरेंद्र प्रसाद एवं कोषाध्यक्ष पद पर विपिन कुमार सिंह को चुना गया। सम्मेलन में प्रस्ताव पारित कर भूमिहीनों को बसने के लिए जल्द ही जमीन मुहैया कराने, गनीचक की जर्जर रोड को अविलंब मरम्मत कराने एवं जल जमाव से मुक्त करने की मांग की गई।

## मारपीट कर बाइक छीनने का आरोप, प्राथमिकी दर्ज

**मसौढ़ी ( आससे )।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र मे बाइक एवं मोबाइल छीन लिया गया इस संदर्भ में नौबतपुर थाना क्षेत्र के पैनल गांव निवासी अमरेश कुमार ने प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें कहा है कि बरनी गांव के समीप मेरे साथ में बदसलूकि किया गया। बाद में मसौढ़ी थाना क्षेत्र में बुला गन प्रसाद में जो बरनी का रहने वाला है। मेरा भाई केवल मोबाइल छीन लिया।


सार्वजनिक सूचना
ICICI Bank
[illegible]

# इन्दिरा आईवीएफ पटना नये परिसर में शुरू

( आज समाचार सेवा )

पटना । नि:संतानता देश में तेजी से बढ़ती समस्याओं में से एक है । बिहार बड़े राज्यों में से शामिल है जहां नि:संतान दम्पतियों की संख्या भी अधिक है। राजधानी पटना के नि:संतान दम्पतियों को अपने नजदीक नि:संतानता उपचार उपलब्ध करवाने के लिए भारत में फर्टिलिटी अस्पतालों की सबसे बड़ी श्रृंखला इन्दिरा आईवीएफ ने दुर्गा इंफिनिटी, पिछर नम्बर 28, खाजपुरा, राजा बाजार, बेली रोड में अपने नए केंद्र का उद्घाटन किया है। ग्रुप के कंकड़बाग व बेली रोड में दो अत्याधुनिक केन्द्र हो गये हैं। नये सेंटर में नि:संतानता के समाधान के साथ सेंटर के अन्दर पैथोलॉजी और नैदानिक परिक्षण सेवाएं भी उपलब्ध हैं। सेंटर के उद्घाटन मुख्य अतिथि व बिहार सरकार में वित्त, वाणिज्यिक कर और संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, पूर्व मंत्री श्याम रजक, वारिस नगर विधायक अशोक कुमार मुन्ना, रोशरा विधायक बीरेंद्र कुमार, इन्दिरा आईवीएफ ग्रुप के चेयरमैन डॉ. अजय मुर्डिया, अपोलो डेन्टल, समस्तीपुर के निदेशक डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार और पटना विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अजय कुमार सिंह ने किया। सेंटर हेड डॉ. दयानिधि कुमार, डॉ. अनुजा सिंह, डॉ. सुनीता कुमारी, डॉ. रीना रानी, डॉ. मोक्षा जैन, विभा सिन्हा, श्वेता झा, स्तुति गुप्ता सहित पूरा स्टाफ व कई शहरवासी उपस्थित रहे। इस अवसर पर इन्दिरा आईवीएफ से उपचार प्राप्त करके जन्म लेने वाली पहले आईवीएफ बेबी तथा आठ हजार वीं आईवीएफ बेबी के माता-पिता का अभिनंदन किया गया। इन्दिरा आईवीएफ ने पिछले एक दशक में 100000 से अधिक दम्पतियों को गर्भधारण में मदद की है। आईवीएफ विशेषज्ञों और अपनी अत्याधुनिक तकनीक से ग्रुप ने आईवीएफ प्रक्रियाओं में असाधारण सफलता दर हासिल की है। ग्रुप ने नवीनतम सहायक प्रजनन तकनीक जिसमें इलेक्ट्रॉनिक विटनेसिंग सिस्टम, क्लोज्ड वर्किंग चैम्बर, माइक्रोफ्लुइडिक्स के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग शामिल हैं उनमें निवेश किया है जो देशभर में और बिहार में सर्वोत्तम उपचार विकल्प हैं। केंद्र के उद्घाटन के अवसर पर मुख्य अतिथि व बिहार सरकार के मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा, नि:संतानता के कारण देश में हजारों दम्पतियों को समाज में कलंक और भेदभाव का सामना करना पड़ता है। कई दम्पती जानकारी के अभाव में परेशान होते हैं ऐसे दम्पतियों को सही दिशा दिखाने और उचित उपचार के लिए इन्दिरा आईवीएफ जो कार्य कर रहा है वो सराहनीय है। इन्दिरा आईवीएफ ग्रुप के चेयरमैन डॉ. अजय मुर्डिया ने विजन के बारे में बताते हुए कहा कि 2025 तक 200 से अधिक सेंटर शुरू करने का लक्ष्य है साथ ही टीयर टू और टीयर थ्री शहरों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

इस अवसर पर इन्दिरा आईवीएफ के सीईओ और को-फाउण्डर डॉ. क्षितिज मुर्डिया ने कहा कि आंकड़ों के अनुसार, भारत में 10-15 प्रतिशत दम्पतियों को फर्टिलिटी से संबंधित समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। नवीनतम नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे में पाया गया है कि भारत में टोटल फर्टिलिटी रेट (टीएफआर) पहली बार प्रति महिला 2 बच्चों के रिप्लेसमेंट स्तर से नीचे आ गई है। हम बेली रोड में अपना सेंटर शुरू करके और बिहार के संतान प्राप्ति की इच्छा रखने वाले दम्पतियों के सहयोग देने में समर्थ होने पर खुशी महसूस करते हैं।' पूर्व मंत्री श्याम रजक ने कहा कि 'मैं इन्दिरा आईवीएफ को कम ही समय में बड़ा सफर तय करने और देश में 111 केंद्रों के सफल संचालन पर बधाई देना चाहता हूँ।



## कबीर पीठ, फतुहा में आचार्य धर्मस्वरूप साहेब को दी गई श्रद्धांजलि

पटना ( आससे )। आचार्य गद्दी कबीर मठ फतुहा में कबीरपंथ के सतलोकवासी यशस्वी संत आचार्य श्री धर्मस्वरूप साहेब का श्रद्धांजलि सभा आयोजित की

मठ के संरक्षक आचार्य महंत ब्रजेश मुनि महाराज ने कहा - आचार्य श्री धर्म स्वरुप साहेब जी का आध्यात्मिक जीवन कबीर मठ फतुहा से आरम्भ हुआ था। धर्म स्वरूप साहेब फतुहा के महंथ केशव संस्कृत कालेज के रिटायर प्रोफेसर थे। उनकी संस्कृत सेवा से उपकृत है कबीर मठ फतुहा।

संस्कृत के विद्वान एव कबीर साहित्य-दर्शन कै मर्मज्ञ धर्मस्वरूप साहेब ने लंबे समय तक फतुहा कबीर मठ में रहकर कालेज की सेवा की। वे पूर्णिया गाद्दी के आचार्य थे उन्होंने वहां जीवन ज्योति केंद्र की स्थापना की। वर्ष में एक बार कबीर सम्मेलन का आयोजन वे करते थे, उसमें लाखों कबीरपंथी भक्त समाज उसमें सहभागी होते थे।

उनके सतलोक गमन से बिहार के कबीरपंथी समाज की जो क्षति हुई है उसकी भरपायी नहीं की जा सकती। किन्तु कबीरपंथ और कबीरपंथियों के हित मे उनका जो काम अधूरा रह गया है उसे पूरा करना ही धर्मस्वरूप साहेब के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

सदुरु कबीर साहेब की वाणी 'ऐसी करनी कर चलो हम हँसे जग रोये'। दास कबीर यहि हीरा को परखे। धर्मस्वरूप साहेब ने अपने धर्म, कर्म और व्यवहार से हमे सतनाम धारण करने और सन्मार्ग में कबीरपंथ की परसम्परा को आगे ले जाने के लिए प्रेरित करता रहेगा।

इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार अरुण कुमार पांडे, प्रोफेसर श्यामसुंदर पांडे, न्यास समिति के सदस्य संत विवेक मुनी, शारदा देवी, अरुण कुमार झा, ऋषिकेश यादव, डॉ लक्ष्मी नारायण, राजेंद्र राणा, चंद्रशेखर सिंह, संत कौशल मुनि, सुनीता पासवान, शशि कुमार, सीता देवी, आदि शेकडो लोग उपस्थित हुए और श्रद्धाञ्जलि दी।

## संक्षिप्त समाचार

### सीएनएलयू में एक सितंबर से मिड सेमेस्टर परीक्षाएं

पटना ( आससे )। पटना। चाणक्या राष्ट्रीय विधि विवि (सीएनएलयू) में एक सितंबर से सात सितंबर के बीच मिड सेमेस्टर परीक्षाएं होंगी। बीए-एलएलबी और बीबीए-एलएलबी के विषय (तीसरे, पांचवें, सातवें और नवें) सेमेस्टर की परीक्षाओं की तिथि जारी कर दी गई है। ये परीक्षाएं एक सिंतबर से तीन सितंबर तक लगातार हैं। चार सितंबर को रविवार है। पुन: पांच से सात सितंबर तक विभिन्न विषयों की परीक्षाएं होंगी। तीसरे और सातवें सेमेस्टर की परीक्षा प्रथम पाली यानी 11 बजे से एक बजे के बीच होगी जबकि पांचवें और नौवें सेमेस्टर की परीक्षाएं दूसरी पाली में शाम तीन बजे से पांच बजे के बीच होंगी। विषयवार और तिथिवार जानकारी विवि की वेबसाइट पर प्राप्त कर सकते हैं।

### पीयू में वोकेशनल और सामान्य कोर्सों में नामांकन जारी

पटना ( आससे )। पटना यूनिवर्सिटी में स्नातक में वोकेशनल और सामान्य कोर्सों में नामांकन की प्रक्रिया चल रहा। सामान्य और वोकेशनल कोर्स मिलाकर करीब 400 सीटें खाली हैं। इसके लिए नामांकन स्पॉट राउंड के तहत ऑनलाइन ली जाएंगी। बता दें कि विद्यार्थियों को पटना यूनिवर्सिटी के स्पॉट राउंड में भाग लेने के लिए वैसे सीटों का चयन नए सिरे से करना होगा जिनमें सीटें बचे हैं। अगर विद्यार्थियों ने पहले से चॉइस फिलिंग कर रखी हो तो वह अब समाप्त हो चुकी है। उन्हें फिर अब नए सिरे से चॉइस फिलिंग करना होगा। इस स्पॉट राउंड में भाग लेने का शर्त यही है कि विद्यार्थी पीयूसीईटी 2022 में उत्तीर्ण होने चाहिए। विद्यार्थी इसमें आवेदन अपने आईडी और पासवर्ड की मदद से कर सकते हैं। विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर 29 अगस्त तक मेरिट लिस्ट को जारी कर दिया जाएगा। छात्र 30 और 31 अगस्त को शाम 5.00 बजे तक नामांकन करा सकते हैं। जिन छात्रों का नामांकन हो चुका है वह स्पॉट राउंड में भाग नहीं ले सकते हैं स्पॉट राउंड में भाग लेने वाले छात्रों को फिर से चॉइस फिलिंग करना होगा।

### शिविर में मिला 28 दिव्यांगों को नि:शुल्क कृत्रिम अंगदान

पटना ( आससे )। भारत विकास एवं संजय आनंद विकलांग अस्पताल में निशुल्क कृत्रिम अंगदान शिविर में चार को कृत्रिम स्वचालित हाथ, तीन को आधुनिक मोड्यूलर पैर तथा 21 दिव्यांगजन को जयपुर फुट दान में दिया गया। यह कार्यक्रम स्व.कैलाशचंद जैन पांड्या के पुण्यतिथि के अवसर पर किया गया। इस अवसर पर पीएमसीएच के पूर्व प्राचार्य डा.अजित वर्मा ने 75 दिव्यांगों को चिकित्सा सलाह एवं निशुल्क दवा दी। कार्यक्रम में भारत विकास विकलांग न्यास के महासचिव पद्मश्री बिमल जैन ने जनसमुदाय को शाकाहार के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि यह दिव्यांगों सेवा का अप्रतिम मंदिर है। जो देशभर से आये दिव्यांगों की सभी प्रकार की चिकित्सा सेवा करना है। कार्यक्रम में संजना, साकेत, वरूण को दिव्यांगों के प्रति उनकी सेवा तथा समर्पण भावना के लिए अंगवस्त्र तथा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

### रक्त विज्ञान के समापन पर विशेषज्ञों ने रखी अपनी बात

पटना ( आससे )। हिमैटोलॉजी फाउंडेशन ऑफ बिहार का दो दिवसीय वार्षिक सम्मेलन रक्त विज्ञान-4 का समापन हुआ। इस अवसर पर फाउंडेशन के सचिव डा.अविनाश कुमार सिंह ने कहा कि ब्लड कैंसर के बारे में विस्तार से चर्चा हुई। इसके अलावे एनीमिया के बीमारी के बारे में बताया गया। डा.संजीव ने क्वीज एवं पोस्टर प्रदर्शनी का प्रस्तुति दी। डा.राहुल भार्गव ने विभिन्न प्रकार के ब्लड कैंसर में प्रयोग हो रही एक नई तकनीक थेरेपी के बारे में बताया। इसके अलावे कई विशेषज्ञों ने अपना-अपना विचार रखें। कार्यक्रम में डा.आरएन टैगोर, डा.एससी झा, डा.गुरमीत सिंह, डा.समीर कुमार बेहरा, डा.दिव्या कृष्णा आदि उपस्थित रहे।

### कैलाश चंद जैन की प्रथम पुण्य स्मृति पर रक्तदान शिविर

पटना ( आससे )। पाटलिपुत्र दिगम्बर जैन समिति की ओर से पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में स्व. कैलाश चंद जैन की प्रथम पूण्य स्मृति में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। माँ ब्लड बैंक की ओर से रक्तदान का आयोजन हुआ। पद्मश्री डा. जितेंद्र सिंह, डा. ब्रजभूषण सिंह, डा. सुनील अग्रवाल, डा. रचना जैन, डा. सुचिता चौधरी की गरिमामय उपस्थिति में रक्तदान आरम्भ हुआ। इस अवसर पर चिकित्सकों ने रक्तदान को महादान बताया कि लोगों में जागरूकता फैलाने की जरूरत है कि रक्तदान कई रोगों के संक्रमण से बचाने में सहायक भी होता है। कैलाश चंद जैन को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए डा. जितेंद्र सिंह ने कहा कैलाश चंद जैन ने मरणोपरांत नेत्रदान करके दूसरों के लिए प्रेरणा है, अपने नेत्रदान के लिए सदैव स्मरणीय रहेंगे कैलाश चंद जैन। मां ब्लड बैंक के समर्पित सदस्य रक्तदान के क्षेत्र में अनन्य मुकेश हिसारिया ने कहा माँ ब्लड बैंक रक्तदान को प्रोत्साहित कर रही है। हमारा लक्ष्य है कि सभी जरूरतमंद मरीजों तक पहुँचे माँ ब्लड बैंक की सहायता।

### गंगा पथ के किनारे नीम कॉरिडोर बनाने के लिए लगाये गये पौधे

पटना ( आससे )। नीम, पीपल, तुलसी अभियान के संस्थापक सह अध्यक्ष डा. धर्मेन्द्र कुमार के नेतृत्व में गंगा पथ के किनारे नीम पौधारोपण अभियान चलाया गया। अभियान में बच्चे-महिलाएं, वरिष्ठ नागरिक, नौजवान एवं छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिये। ५० से अधिक पर्यावरण योद्धाओं ने इस अभियान में भाग लिया तथा २०० से अधिक नीम, पीपल, बरगद के पौधे लगाये गये। इस अवसर पर डा. धर्मेन्द्र कुमार ने कहा कि गंगा पथ पर नीम कॉरिडोर का निर्माण किया जा रहा है। ए एन सिन्हा इंस्टीच्यूट के सामने गंगा पथ से मैनपुरा एलसीटी घाट तक बड़ी संख्या में नीम के पौधे लगाये गये हैं। पौधे लगाकर उसकी देखभाल भी की जा रही है। गोबर कम्पोस्ट के साथ-साथ स्थानीय लोग प्रतिदिन नीम के पौधे में पानी भी दे रहे हैं। तीसरे चरण में यहां नीम के पौधे लगाये गये। इस पथ पर आने-जानेवाले लोगों को जागरुक करने के लिए नीम पदयात्रा भी निकाली गयी। स्थानीय निवासी भी नीम पदयात्रा एवं पौधारोपण में साथ दे रहे हैं। नीम का पर्यावरण संरक्षण में अहम भूमिका है। कोरोना जैसी बीमारियां नीम से भाग जाती हैं। नीम सदियों से अन्य प्रकार के संक्रमण में उपयोगी साबित होते आ रहे हैं। नीम कृषि, स्वास्थ्य, रोजगार एवं पर्यावरण क्षेत्र में उपयोगी है। नीम वायु शुद्धिकरण यंत्र है।

पौधारोपण कार्यक्रम में उत्प्रेरक राजेश प्रसाद, राधे-राधे, डा. नरेश प्रियदर्शी, चंद्रशेखर, डाक्टर राज कुमार ठाकुर, मणिलाल सिंह, मोहिमा शर्मा, लाल बाबू सिंह, अमित कुमार, मणिका सिंह, सौरभ कुमार, सुधांशु शर्मा, वी.के. शर्मा, सुधाकर कुमार, प्रबोध पटेल, जितेन्द्र कुमार, रंजन कुमार गुप्ता, धर्मेन्द्र कुमार, विनय कुमार गुप्ता, सुधाकर कुमार, रणजीत सिंह, विनय गुप्ता, दिलीप कुमार, विभा कुमारी, विनोद कुमार, सौरभ, रेखा देवी, संस्कृति, डा. पुष्पा प्रियदर्शी, आशा कुमारी, कंचन कुमार, विजय कुमार सिन्हा, बुटाई जी बिहटा, मीठापुर गांव से जयशंकर प्रसाद, सुजय कुमार पांडेय आदि ने भाग लिया।

छात्र राघव कुमार, विजय कुमार, कृष्णा कुमार, गोलू कुमार, रितेश कुमार, विजय कुमार, सोनू कुमार, कुंदन कुमार, नीरज कुमार, अमन कुमार, आलोक कुमार, विजय सिन्हा आदि लोग ने नीम पदयात्रा निकाली।

## बिहार में स्थापित होगा पानी का प्लांट

पटना । जल ही जीवन है कार्यक्रम के तहत बिहार में पीने का पानी का प्लांट स्थापित होने जा रहा है। ये प्लांट बड़े ब्रांड के साथ मिलकर बिहार में रोजगार उत्पन्न करने की कोशिश की जा रही है। अश्विनी वाटर इंडस्ट्री के सीमएडी अमित कुमार ने कहा कि बिहार में शराबबंदी है, जहां एक बड़े ब्रांड का निवेश भी बंद हो गया है। इसलिए, एक बड़े ब्रांड के साथ जुड़कर एक गुणवत्तापूर्ण



पीने का पानी का प्लांट स्थापित होगा। जिससे रोजगार का सृजन होगा। उन्होंने बताया कि अभी हमारा मेग्निफेचर प्लांट पूर्णिया में है और आगे इसका और विस्तार किया जा रहा है। मौके पर अश्विनी वाटर इंडस्ट्री के निदेशक सेनू अमित कुमार, डा.अभिषेक सिद्धार्थ, पुनीत सिद्धार्थ, डा.संजीव सिंह, डा.रंदिर लाल, उमेश सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## किसानों को फसल हर्जाना दिया जाये : किसान सभा

पटना ( आससे )। बिहार राज्य किसान सभा के महासचिव विनोद कुमार तथा संयुक्त सचिव प्रभुराज नारायण राय ने कहा कि पूरे बिहार में मॉनसून की बरसात नहीं होने से धान, गन्ना तथा अन्य फसलों की भारी बर्बादी हुई है। किसान, जो पूरे बिहार में धान की फसल लगाते हैं और उसी से साल भर अपने खाने की व्यवस्था करते हैं, वर्षा नहीं होने के कारण धान के पौधे का विकास रुक गया है या फिर सूख गया है। पानी के अभाव में धान लगे खेत में दरार पड़ चुकी है। आज बिहार में सुखाड़ से फसल की पूरी बर्बादी हो चुकी है। निचले हिस्से में बाढ़ भी कहर बरपा रही है। इसलिए फसल हर्जाना प्रति एकड़ ५० हजार रुपये सरकार की तरफ से किसानों को दिया जाये। बिहार राज्य किसान सभा लगातार सरकार से मांग करती रही है कि फसल को सूखने से बचाया जाये। क्योंकि, बिहार में धान की खेती ओर उससे पैदा हुए धान लोगों के भोजन का मुख्य स्त्रोत है।

## आशीष सिन्हा हुए सम्मानित

पटना । खेल दिवस के पूर्व संध्या पर पनाश होटेल में Anshul homes द्वारा आयोजित खेल सम्मान समारोह में बिहार क्रिकेट के शान रहे पूर्व जून्यर इंडिया खिलाड़ी व बिहार एवं झारखंड के पूर्व रणजी ट्रोफ़ी खिलाड़ी रहे आशीष सिन्हा को बिहार सरकार के उद्योग मंत्री श्री समीर सेठ ने सम्मानित किया।



आशीष सिन्हा ने 2006 में /16 भारत का प्रतिनिधित्व ऑस्ट्रेल्या में किया था। साथ ही सभी वर्गों में प्रतिनिधित्व करते हुए East Zone, all India University, Rest of India सहित बिहार झारखंड से रणजी ट्रोफ़ी खेल इसके साथ ही बिहार सीनियर टीम के चयनकर्ता के रूप में काम किया।

## केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियां देश के लिए खतरा : देवाशीष

( आज समाचार सेवा )

पटना । बैंक इम्पालइज फेडरेशन, बिहार का १३वां राज्य सम्मेलन बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन हाल पटना में आयोजित हुआ। सम्मेलन में २०० से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए बैंक इम्प्लाइज फेडरेशन ऑफ इंडिया के महामंत्री देशाशीष बासु चौधरी ने कहा कि केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियां देश के लिए बड़ा खतरा है। उदारीकरण के नाम पर एक-एक कर देश की सार्वजनिक संस्थाएं बेची जा रही हैं। शिक्षा-स्वास्थ्य जैसे क्षेत्र निजी हाथों में सौंपे जा रहे हैं। नौकरियां समाप्त हो रही हैं, उद्योग-धंधे और छोटे व्यापार समाप्त हो रहे हैं। बड़े उद्योगपतियों के लाखों करोड़ के कर्ज माफ किये जा रहे हैं। गरीब-अमीर के बीच की खाई बढ़ रही है। इन तमाम बातों का विचार करते हुए बैंक कर्मचारियों को आंदोलन करना होगा। उन्होंने कहा कि अपने नव-उदारवादी आर्थिक नीतियों को तेजी से लागू करने की दिशा में केंद्र सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के निजीकरण को प्रभावी करने के लिए बैंकिंग कानून (संशोधन) विधेयक-२०२१ लाया है। यह विधेयक बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम १९७० और १९८० में संशोधन को प्रभावी बनाने के लिए है, जिसमें बैंकिंग विनियमन अधिनियम १९४९ में संशोधन भी शामिल हैं। आने वाले समय में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के निजीकरण के लिए बिल लाया जायेगा। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के निजीकरण की कोशिशों को अलग-थलग करके नहीं देखना चाहिये। उन्होंने कहा कि हमें किसान आंदोलन से भी सबक लेना चाहिये, उन्होंने कि



हमें किसान आंदोलन से भी सबक लेना चाहिये, जिसने पिछले साल अपने दृढ़ संघर्ष और बलिदान के माध्यम से सभी बाधाओं को पार करते हुए सरकार को शीतकालीन सत्र की शुरुआत में कृषि कानूनों को रद्द करने के लिए मजबूर किया। उन्होंने बैंक कर्मचारियों का आउटसोर्सिंग का विरोध एवं बैंक में नयी नियुक्ति के लिए आगामी २२ सितम्बर को अखिल भारतीय मांग दिवस का आयोजन सफल करने का आह्वान किया।

सम्मेलन में बैंकों एवं सार्वजनिक क्षेत्र के उद्योगों के निजीकरण के विरोध में, नयी बहाली एवं अस्थायी कर्मचारियों की सेवा नियमित करने, पेंशन अद्यतन करने तथा नयी पेंशन व्यवस्था समाप्त करने हेतु प्रस्ताव पारित किया गया। साथ ही, बैंक कर्मचारियों के मुद्दों पर संघर्ष तेज करने का निर्णय लिया गया।

सम्मेलन ने सर्वसम्मति से बी प्रसाद को अध्यक्ष, उमेश कुमार वर्मा को कार्यकारी अध्यक्ष, रंजन राज को महासचिव, अजय चटर्जी को सचिव तथा सुधीर कुमार सिंह को कोषाध्यक्ष निर्वाचित किया।

## बच्चों को दी स्वच्छ रहने की सलाह

( आज समाचार सेवा )

पटना । इनर व्हील क्लब ऑफ पटना की ओर से स्वच्छता के प्रति जागरूकता अभियान चलाया जा रहा औश्र स्वच्छ रखने के क्या फायदे है। उन्होंने बताया कि हाथों की अच्छी तरह से सफाई ना केवल बाहरी बल्कि अंदरूनी कीटाणुओं से भी शरीर की



है। संस्था के सदस्यों ने शिशु निकेतन स्कूल के बच्चों को स्वच्छता के बारे में बताया।

संस्था की अध्यक्षा श्वेता झा ने बच्चे को बताया कि हाथों को साफ रक्षा करती है। इसके बीच सभी बच्चों के बीच साबुन भी बांटे गये। मौके पर उषा सिन्हा, श्रुति राम, संध्या सरकार, संध्या सिन्हा, संजुला वर्मा सहित संस्था के कई महिलाएं मौजूद रहीं।

## रॉकिंग डील्स ने पटना में खोला अपना आउटलेट

पटना ( आससे )। अनबॉक्स्ड, रीफर्बिश्ड और प्री-ओन्ड उत्पादों के लिए भारत का अग्रणी ऑनलाइन स्टोर रॉकिंग डील्स अब पटना में स्टोर खोलकर अपनी ऑफलाइन उपस्थिति को मजबूत कर रहा है। पश्चिमी कुर्जी में स्थित आठ हजार वर्ग फुट में फैले अपने विशाल स्टोर में फर्म का लक्ष्य अपने उपयोगकर्ताओं को खरीदारी का बेहतर अनुभव प्रदान करना है। रीफर्बिश उत्पादों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए स्टोर में किचन अप्लायंसेज, मोबाइल और कंप्यूटर एक्सेसरीज, कॉस्मेटिक्स समेत 25 उत्पादों की रेंज पेश की जाएगी। रॉकिंग डील्स ने त्योहारी सीजन शुरू होने से ठीक पहले इस स्टोर को लॉन्च किया है। आकर्षक मूल्य निर्धारण और आकर्षक उत्पाद प्रस्ताव के साथ, फर्म को दिवाली के दौरान मजबूत बिक्री की उम्मीद है। रॉकिंग डील्स के संस्थापक और सीईओ युवराज अमन सिंह ने नए स्टोर लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए कहा, पहली बार रॉकिंग डील्स ने पटना के लोगों के लिए सस्ती कीमत पर ब्रांडेड उत्पाद लाए हैं। हम आरडी में इस दिवाली को पटना के लिए और विशेष बनाते हुए उचित और किफायती कीमतों पर सर्वश्रेष्ठ ब्रांड पेश करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। युवराज अमन सिंह ने पटना में अपना पहला स्टोर शुरू करने पर अपार खुशी व्यक्त की और पटना के लोगों के अपार समर्थन के लिए उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उन्हें विश्वास है कि रॉकिंग डील्स समाज के सभी वर्गों और सभी आयु समूहों के ग्राहकों की महसूस की गई जरूरतों को पूरा करेगी। अपने पदचिह्न को मजबूत करने के लिए कंपनी अगले 18 महीनों में पूरे भारत में 150 स्टोर खोलने की योजना बना रही है।



## बप्पा की पूजा को तैयार एण्डटीवी के कलाकार

पटना ( आससे )। गणेश चतुर्थी का त्योहार बस आने ही वाला है। बप्पा की मूर्ति को अपने घरों में लाना, आरती करना और स्वादिष्ट मोदक बनाना, इस त्योहार को हममें से कई के लिये उनका पसंदीदा उत्सव बनाता है। एण्डटीवी के कलाकार, जिनमें शामिल हैं- नेहा जोशी ('दूसरी मां' की यशोदा), शिव्या पठानिया ('बाल शिव' की देवी पार्वती), कामना पाठक ('हप्पू की उलटन पलटन' की राजेश सिंह) और रोहिताश्व गौड़ ('भाबीजी घर पर हैं)' के मनमोहन तिवारी), भी अपने परिवार वालों और दोस्तों के साथ गणेश उत्सव मनाने के लिये बेहद उत्साहित हैं। बप्पा का स्वागत करने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। नेहा जोशी, जोकि एण्डटीवी के आगामी शो 'दूसरी मां' में यशोदा का किरदार निभा रही हैं और जिनकी हाल ही में शादी हुई है, ने कहा, ''महाराष्ट्र में, गणेश उत्सव बेहद धूमधाम से और उत्साह के साथ मनाया जाता है। मैं मुंबई में रहती हूं और बप्पा के 11 दिन इस शहर को और भी जिंदादिल एवं रंगीन बना देते हैं। शहर में गणेश उत्सव का समय जीवंत एवं त्योहारों के उत्साह से भरपूर होता है। मैं आमतौर पर नाशिक में अपने पैतृक घर में गणेश उत्सव मनाती हूं, जहां पर हम बप्पा को घर लेकर आते हैं और हमारा पूरा परिवार मिलकर उनकी पूजा करता है। इस साल, मेरे लिये सेलीब्रेशन और भी खास होने वाला है, क्योंकि शादी के बाद यह हमारी पहली गणेश चतुर्थी होगी। हालांकि, मैं अपने आगामी शो 'दूसरी मां' की शूटिंग में व्यस्त हूं, फिर भी मैं थोड़ा समय निकालकर पंडालों में जाने और बप्पा का दर्शन करने की कोशिश करूंगी।'' शिव्या पठानिया, एण्डटीवी के 'बाल शिव' में देवी पार्वती बनी हैं, ने कहा, ''गणेश चतुर्थी मेरे पसंदीदा त्योहारों में से एक है और इस अवसर पर मैं गणपति बप्पा के दर्शन के लिये पंडालों में जाने का बेसब्री से इंतजार करती हूं। मैं बप्पा की भक्त हूं और कुछ भी नया करने से पहले हमेशा उनका आशीर्वाद लेती हूं। आखिरकार, वह विघ्नहर्ता हैं और उनकी प्रार्थना करने से मुझे खुशी एवं सुरक्षा का अहसास होता है। यह पहली बार होगा, जब मुझे उनकी सेवा और आरती करने का मौका मिल रहा है। उनके आगमन को लेकर सेट पर माहौल पहले से ही खुशनुमा हो गया है। बप्पा के आगमन के बाद अगले कुछ दिनों तक उन्हें क्या प्रसाद चढ़ाया जाये। हम सेट पर एक पंडितजी को भी लेकर आयेंगे, जो पूजा में हमारी मदद करेंगे। मैं गणपति बप्पा से प्रार्थना करती हूं कि वे हम सभी को स्वस्थ एवं प्रसन्न रखें। मेरी ओर से आप सभी को गणेश चतुर्थी की हार्दिक बधाईयां।''

'हप्पू की उलटन पलटन' की राजेश ने कहा, ''मैं मीठे की शौकीन हूं और गणेश चतुर्थी फेस्टिवल के दौरान मैं जमकर मिठाईयां खाती हूं। घर पर बने चावल और गेहूं के मोदक को देखकर मेरे मुंह में हमेशा पानी आ जाता है और गणेश चतुर्थी के दौरान यह मेरी चीट डाइट का हिस्सा बन जाता है। गणेश चतुर्थी एक ऐसा त्योहार है, जो आपको हर समय सकारात्मक बनाये रखता है। इस साल मैं बप्पा का आशीर्वाद लेने और प्रार्थना करने के लिये अपने साथी कलाकारों और दोस्तों के घर जाऊंगी। पिछले दो साल महामारी के कारण, मैं लालबाग का राजा और अंधेरी च्या राजा के दर्शन करने नहीं जा पाई थी। लेकिन इस साल मैं वहां जाना और सभी के लिये प्रार्थना करना चाहूंगी। गणपति बप्पा मोरया।'' रोहिताश्व गौड़, जोकि एण्डटीवी के 'भाबीजी घर पर हैं' में मनमोहन तिवारी का किरदार निभा रहे हैं, ने कहा, ''मेरे परिवार में गणेश चतुर्थी हम सभी का सबसे पसंदीदा त्योहार है। इस जश्न की शुरूआत करते हुये मेरे परिवार के साथ मिलकर मैं पूरे घर की सफाई करूंगा और उसे फूलों एवं दियों से सजाऊंगा। मेरी पत्नी बप्पा के लिये 21 मिठाईयां बनाती है। बप्पा के आशीर्वाद का ही फल है और प्रार्थना करता हूं कि मेरा परिवार और बाकी सभी लोग खुश एवं स्वस्थ रहें।

विमल जैन हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक ज्योतिषी एवं वास्तुविद्
एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन, भोजूबीर, वाराणसी-221002
09335414722

### आज का राशिफल — 29 अगस्त 2022

मेष- रात्रि 8/11 बजे तक मानसिक तनाव, तदुपरान्त समय संतोषजनक, प्रेम सम्बन्धों में मधुरता।
वृषभ- रात्रि 8/11 बजे तक आर्थिक पक्ष बेहतर, तत्पश्चात् शारीरिक कष्ट, यात्रा निराशाजनक।
मिथुन- निराशा समाप्त, लाभ, आयोजन में सम्मिलित, बुद्धि का विकास, सामाजिक कृत्य संपन्न।
कर्क- योजना की शुरुआत, निराशा का समापन, शारीरिक कष्ट में कमी, आपसी सलाह मान्य।
सिंह- रात्रि 8/11 बजे तक लाभ में कमी, सलाह अमान्य, तदुनन्तर समय उत्साहवर्धक, आर्थिक प्रगति।
कन्या- रात्रि 8/11 बजे तक धनागम, सलाह से कामयाबी, तदुपरान्त समय अशुभ, व्यवसाय में निराशा।
तुला- कठिनाइयों में कमी, बुद्धि का विकास, प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, यात्रा संतोषजनक।
वृश्चिक- आर्थिक प्रगति, तालमेल से कार्य सिद्धि, विवाद हल, निराशा का समापन, लाभ भी।
धनु- रात्रि 8/11 बजे तक व्यवधान, मित्रों से मतभेद, तत्पश्चात् आर्थिक प्रगति, मन प्रसन्न।
मकर- रात्रि 8/11 बजे तक परिस्थितियाँ अनुकूल तदुनन्तर समय निराशाजनक, वाद विवाद भी।
कुम्भ- समय संतोषजनक, मित्रों से विचार-विमर्श, मनोविनोद के अवसर, दाम्पत्य सुख की प्राप्ति।
मीन- दिनचर्या व्यवस्थित, निर्णय लाभप्रद, मानसिक शांति, परोपकार में रुचि, यात्रा सार्थक।

### आज है जिनका जन्मदिन — 29 अगस्त

आपके लिए शुभ
दिनांक : 2, 11, 20, 29
अंक : 1, 4, 7
वर्ष : 2, 11, 20, 29, 38, 47, 56, 65

यन्त्र

| | | |
|---|---|---|
| 7 | 2 | 9 |
| 8 | 6 | 4 |
| 3 | 10 | 5 |

### सुडोकू 882

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 4 | | | 7 | 5 | |
| 4 | | 5 | 9 | 7 | | 1 | | |
| 3 | | | 6 | | | 4 | | 8 |
| | | 9 | | | 5 | | | |
| | | 7 | 2 | | 8 | | 1 | 3 |
| | | 1 | 3 | | 7 | 8 | | |
| | 2 | | 8 | 1 | | | | |
| 7 | | | | 3 | | | 6 | 4 |
| | 6 | | | 2 | | | 8 | |

हल सुडोकू 881

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 8 | 4 | 6 | 9 | 3 | 5 | 1 | 7 |
| 6 | 3 | 1 | 8 | 7 | 5 | 9 | 2 | 4 |
| 9 | 5 | 7 | 1 | 4 | 2 | 3 | 6 | 8 |
| 5 | 6 | 9 | 2 | 8 | 4 | 1 | 7 | 3 |
| 8 | 1 | 3 | 9 | 6 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 7 | 4 | 2 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 6 |
| 3 | 7 | 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 1 |
| 4 | 9 | 6 | 3 | 1 | 8 | 7 | 5 | 2 |
| 1 | 2 | 8 | 7 | 5 | 6 | 4 | 3 | 9 |

छत्तीसगढ़ समाचार............

# निगमों को मजबूत करने के उद्देश्य से देशभर के हर कोने से आए महापौर, कामकाज को लेकर हुई चर्चा

राज्यपाल उइके ने कहा- अपनी जिम्मेदारी का ईमानदारी से करें वहन




रायपुर (आससे)। राजधानी में चल रहे अखिल भारतीय महापौर सम्मेलन का आज समापन राज्यपाल अनुसुइया उइके की उपस्थिति में हुआ। 2 दिन चले इस सम्मेलन में नगर निगमों के कामकाज को लेकर चर्चा हुई। मुख्य रूप से आने वाले समय में होने वाले कार्यों की चर्चा हुई. साथ ही यह तय हुआ कि शहर को सुंदर रखने हुए रायपुर शहर का जन्मदिन मनाया है, जो अच्छा काम करते हैं उन्हें श्री की उपाधि देते हैं। इसके अलावा शहर को बटर फ्लस सिटी बनाना है. यहाँ विचारों के आदान-प्रदान में यहाँ की गौमूत्र गोबर प्रणाली को अन्य महापौर ने सराहा है। बता दें कि, देश भर में निगमों को मजबूत करने के उद्देश्य से इस सम्मेलन का आयोजन हुआ था, इसमें संविधान का 74वां संशोधन लागू करने का प्रस्ताव, कॉ. एरिया में वाईफाई लगाने, शहर में हरियाली बढ़ाने, महापौर पार्षदों के वेतन वृद्धि इन तमाम मुद्दों पर चर्चा हुई. इस सम्मेलन में देश भर से 52 महापौर भी शामिल हुए थे। राज्यपाल अनुसुइया ने मंच से सभी महापौर से कहा कि, अपनी जिम्मेदारी का वहन ईमानदारी से करिए और 24 घंटे अपने फोन चालू रखिए नागरिकों को कभी भी आपकी जरूरत पड़ सकती है। राज्यपाल उइके ने कहा महापौरों से कहा कि, जितने पार्षद, अध्यक्ष, सभापति हैं, उनसे कहना कि कभी भी अपना मोबाइल बंद मत करना, 24 घंटे चालू रहना चाहिए, जब कोई कुछ कह जाता है उस समय हमारे फोन बंद हो जाते हैं, और हम बहुत कम फोन उठाते हैं। यह बहुत बड़ी जिम्मेदारी है, यही आपका कर्तव्य है, निष्ठा के साथ जनता के बीच रहना। जितने अपने कर्तव्य को निभाया वही व्यक्ति आगे चलकर विधायक मंत्री, सांसद और भी अपने अन्य जिम्मेदारियों के पद पर पहुंचता है।

उन्होंने ये भी कहा, जब मैं विदेशों की यात्रा में जिन, लंदन, रूस गई वहां कोई भी सड़क में पान, सिगरेट, पैकेट, कचरा दिखे तो वहां व्यक्ति ये नहीं सोचता कि मेरा काम नहीं है, सिर्फ सफाईकर्मी का काम है, वहां लोगों के मन में देशभक्ति की भावना है। यहां जितने महापौर है यह इनकी अकेले की जिम्मेदारी नहीं है। सहभागिता जनता का भी योगदान होना चाहिए, तभी शहर को सुंदर बना सकते हैं। वहीं शहर को सुंदर बनाने के लिए महापौर एजाज ढेबर ने कहा कि 10-10 15-15 की टोली बनाकर पार्षदों को अन्य देशों का विजिट कराएं, वहां किस तरीके से शहर सुंदर दिखता है, वहां लोगों में किस तरह की संस्कृति है, इसका बहुत बड़ा लाभ होगा यह मेरा सुझाव है।

महापौर एजाज ढेबर ने कहा, छत्तीसगढ़ प्रदेश को इस सम्मेलन की मेजबानी का मौका मिला। पूरे देश के हर कोने से महापौर यहां पर आए अपनी बातों को रखा, अपने विचारों का आदान-प्रदान किया, दलगत राजनीति से ऊपर उठकर हमारे शहर में किस तरीके से विकास हो रहा है इस मुद्दे पर चर्चा हुई। बैठक में तय हुआ कि आने वाले समय में क्या-क्या काम करना है।

# बिहार में सरकार को काम नहीं करने दे रही बीजेपी

**पटना (आससे)।** पूर्व सांसद और जन अधिकार पार्टी (जाप) के सुप्रीमो राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने आरोप लगाया है कि बीजेपी बिहार में सरकार को काम नहीं करने दे रही है। सीबीआई और ईडी के माध्यम से बिहार सरकार को डिस्टर्ब किया जा रहा है। पटना में संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने वर्तमान सरकार से अपील की कि वह इस मामले को लेकर कोर्ट जाये कि विपक्ष उसे कार्य नहीं करने देना चाहता है। उन्होंने कहा कि भाजपा को उसकी भाषा में जवाब देना होगा। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि वह २०२४ तक अपना काम करते रहे। विपक्ष की बातों पर ध्यान न दे। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता को बीजेपी के लोकतंत्र को खत्म करने की नीति के खिलाफ खड़ा होना होगा। बिहार ही वह राज्य है, जहां बीजेपी को चुनौती मिल सकती है। यहीं से बीजेपी के इशारों पर नाचने वाली जांच एजेंसियों को जवाब मिलना चाहिये। यहां बीजेपी के सभी नेताओं की संपत्ति की जांच करायी जाये, सब साफ हो जायेगा। श्री यादव ने प्रदर्शन के दौरान एडीएम द्वारा एक विद्यार्थी की पिटाई के मामले में एडीएम के ऊपर जल्द कारवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि ४८ घंटे में कारवाई की बात कही गयी थी, १२० घंटे के बाद भी कारवाई नहीं हुई उन्होंने बीजेपी के नेताओं की ओर से बार-बार जांच की बात उठाये जाने के मामले में कहा कि बीजेपी के नेताओं के मंत्रालय में रहते भ्रष्टाचार हुआ, उसकी जांच क्यों नहीं होती। बीजेपी के नेता के भाई ड्रग्स बेचते हैं, उसकी जांच की बात क्यों नहीं उठती। उन्होंने खुली चुनौती दी कि कोई भी जांच एजेंसी जब चाहे मेरे घर आकर जांच कर सकती है। सांच को आंच नहीं है। बार-बार तेजस्वी यादव की संपत्ति की जांच की मांग करते हैं, तो नित्यानंद राय की संपत्ति की जांच की मांग क्यों नहीं करते। गिरीराज सिंह, संजय जायसवाल के पास कितना पैसा है, उनके घर पर छापेमारी क्यों नहीं हाती ?



# देश में सामने आये कोरोना के ९ हजार ९९९ नये संक्रमित

(आज समाचार सेवा)

**नयी दिल्ली।** देश में कोरोना के नये मामलों में तीसरे दिन भी मामूली कमी आयी है। बीते २४ घंटे में जहां ६ हजार ४३६ नये संक्रमित सामने आये हैं। वहीं इस दौरान ६ हजार ६६६ मरीज ठीक भी हुये है। हालांकि राष्ट्रीय रिकवरी दर९८.६२ प्रतिशत पर बनी हुई है स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि देश में ८६ हजार ५६१ कोरोना संक्रमितों का इलाज चल रहा है। इसके साथ ही इस समय सक्रिय मामले देश के कुल पाजिटिव मामलों ०.१६ प्रतिशत है। मंत्रालय का कहना है कि महामारी शुरू होने से लेकर अब तक कोरोना से ४ करोड़ ३७ लाख ६३ हजार ७७७ लोग ठीक हो चुके हैं मंत्रालय ने बताया कि देश में पिछले २४ घंटे में कोरोना के ६ हजार ४३६ नये मामले सामने आये हैं। हालांकि इस दौरान ६ हजार ६६६ संक्रमितों के ठीक होने के बावजूद देश में कोरोना से स्वस्थ्य होने की दर ९८.६२ फीसदी पर बनी हुई है।मंत्रालय बताया कि देश भर में बीते २४ घंटे में ३ लाख २२ हजार ५५१ नमूनों की जांच की गई हैं। इसके साथ ही अब तक ८८ करोड़ ५० लाख ४२ हजार ८०१ लोगों का जांच किया जा चुकी है।

# 'हमें संगठन को मजबूत करना है'


पटना (आससे)। राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राज्य स्तरीय पदाधिकारी एवं जिला स्तरीय पदाधिकारी की बैठक एक व्हीलर रोड पटना में हुई। बैठक की अध्यक्षता राज्य प्रकोष्ठ के अध्यक्ष परवेज खान और संचालन प्रदेश के वरीय पदाधिकारी नवाब अतिकुज्जमा ने की। प्रकोष्ठ के अध्यक्ष परवेज खान ने कहा कि हमें संगठन को मजबूत करना है और अगर संगठन मजबूत होगा तो पार्टी के साथ-साथ हमारे लोग भी मजबूत होंगे। परवेज खान ने जिला अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रखंड स्तर एवं ग्रामीण स्तर तक कमेटी का गठन करें तथा पार्टी को मजबूत करें।

अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के महासचिव एवं प्रवक्ता खुर्शीद अनवर पप्पू ने कहा कि हम लोगों को पार्टी में ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ना है और अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के हितों की बात करनी है। कार्यालय पदाधिकारी दौलत शाही ने कहा कि हम लोगों को मेंबर बनाने के लिए आगे आना होगा। उसके बाद मधेपुरा जिला अध्यक्ष साकिर हुसैन ने पार्टी को जमीनी स्तर तक मजबूत करने की बात कही। बेबी तबस्सुम उपाध्यक्ष प्रदेश कमेटी ने मंत्रालय में भागीदारी की बात कही जबकि इस्तेखार आलम अध्यक्ष जहानाबाद प्रखंड स्तर ने पार्टी को मजबूत करने की बात को नियाज रजा, कैसरूल बैग, रियाज अहमद, यासमीन खातून आदि ने भी संबोधित किया।



# नासा का सबसे ताकतवर रॉकेट लॉन्च के लिए तैयार, चंद्रमा के लिए कल भरेगा उड़ान

**बोल्डर** (एजेंसी)। नासा का आर्टेमिस-1 मिशन करीब आधी सदी के बाद मनुष्यों को चंद्रमा की यात्रा कराकर वापस लाने के एक महत्वपूर्ण कदम की ओर बढ़ रहा है। इस मिशन को 29 अगस्त 2022 को रवाना किया जाना है। स्पेसक्राफ्ट सोमवार को अपने फ्लोरिडा लॉन्चपैड से रवाना होगा। यह अंतरिक्ष यान चंद्रमा तक जाएगा, कुछ छोटे उपग्रहों को कक्षा में छोड़ेगा और खुद कक्षा में स्थापित हो जाएगा। नासा का उद्देश्य अंतरिक्ष यान के परिचालन का प्रशिक्षण प्राप्त करना और चंद्रमा के आसपास अंतरिक्ष यात्रियों द्वारा अनुभव किए जाने वाले हालात की जांच करना है। साथ ही सुनिश्चित करना है कि अंतरिक्षयान और उसमें सवार प्रत्येक अंतरिक्ष यात्री सुरक्षित तरीके से पृथ्वी पर लौट सके। आर्टेमिस-1 नई अंतरिक्ष प्रक्षेपण प्रणाली की पहली उड़ान होगी। यह 'हेवी लिफ्ट' (भारी वस्तु कक्षा में स्थापित करने में सक्षम) रॉकेट है जैसा कि नासा उल्लेख करता है। इसमें अबतक प्रक्षेपित रॉकेटों के मुकाबले सबसे शक्तिशाली इंजन लगे हैं। यहां तक कि यह रॉकेट वर्ष 1960 एवं 1970 के दशक में चंद्रमा पर मनुष्यों को पहुंचाने वाले अपोलो मिशन के सैटर्न पंचम प्रणाली से भी शक्तिशाली है। यह नई तरह की रॉकेट प्रणाली है क्योंकि इसके मुख्य इंजन दोनों तरल ऑक्सीजन और हाइड्रोजन प्रणाली का सम्मिश्रण है, साथ ही अंतरिक्ष यान से प्रेरणा लेकर दो ठोस रॉकेट बूस्टर भी लगे हैं। यह वास्तव में अंतरिक्ष यान (स्पेस शटल) और अपोलों के सैटर्न पंचम रॉकेट को मिलाकर तैयार हाइब्रिड स्वरूप है। यह परीक्षण बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि ऑरियन क्रून कैप्सूल का वास्तविक कार्य देखने को मिलेगा।



# लव जिहाद मामले में जिंदगी की जंग हार गयी दुमका की बेटी

दुमका। लव जिहाद मामले में झारखंड की उपराजधानी दुमका के जरुवाडीह की बेटी जिंदगी की जंग हार गयी है। उसने रिम्स में दम तोड़ दिया। उसकी मौत की खबर मिलने पर दुमका में लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। लोग सड़क पर उतर गये। बाजार को बंद करा दिया। भीड़ के उग्र तेवर को देख पुलिस-प्रशासन को फ्लैग मार्च करना पड़ा और भीड़ को उस इलाके में जाने से पहले ही रोक दिया गया, जिस इलाके में आरोपी के साथ-साथ मृतक का घर है। इधर, रविवार की देर शाम नाबालिग का शव जरुवाडीह पहुंचा। वहीं, क्षेत्र में शांति कायम रखने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन ने धारा 144 लागू कर दिया है।एकतरफा प्यार में विफल रहने के बाद शाहरूख हुसैन नामक युवक ने 12वीं की छात्रा पर गत 23 अगस्त, 2022 को पेट्रोल छिड़कर उसके ही घर में ही जला दिया गया था। बेहद गंभीर स्थिति में उसे दुमका के फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जिसके बाद बेहतर इलाज के लिए उसे रिम्स, रांची रेफर कर दिया गया था। घटना के तुरंत बाद आरोपी शाहरुख को पुलिस ने गिरफ्तार भी कर लिया था। बताया गया कि आरोपी शाहरुख युवती से एकतरफा प्यार करता था, लेकिन युवती उससे बात करना पसंद नहीं करती थी। आरोपी हमेशा युवती को परेशान करते रहता था। दोस्ती करने के लिए कई बार दबाव दिया, पर स्वीकार नहीं करने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी। इसी के आधार पर उसने घर में सोयी युवती के उपर पेट्रोल छिड़कर आग लगा दिया था। जिससे युवती गंभीर रूप से झुलस गयी थी।

रविवार की सुबह युवती की निधन की खबर मिलते ही लोगों का गुस्सा फूट पड़ा।

लोग सड़क पर उतर आये। बाजार को बंद कराया। बंद समर्थक फास्ट ट्रैक कोर्ट से मामले की जल्द सुनवाई कराने, आरोपी को फांसी की सजा दिलाने, मृतक के परिजनों को मुआवजा दिलाने की मांग कर रहे थे। लोगों ने दुमका के दुधानी स्थित टॉवर चौक को जाम कर दिया है। इधर, लोगों के सड़क पर उतर कर विरोध प्रदर्शन करने की जानकारी मिलते ही पुलिस-प्रशासन मौके पर पहुंचे।

# राकेश सचान को कब बर्खास्त करवायेंगे सुशील मोदी : राजद

(आज समाचार सेवा)

**पटना।** राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने बिहार के मुख्यमंत्री को नसीहत देने वाले भाजपा नेता सुशील मोदी जी से जानना चाहा है कि उत्तर प्रदेश के योगी आदित्यनाथ सरकार में सजायफ्ता मंत्री राकेश सचान को कब बर्खास्त करवा रहे हैं। राजद प्रवक्ता ने कहा है कि बिहार सरकार में मात्र आरोपित मंत्री को बर्खास्त करने की मांग करने वाले भाजपा नेता सुशील मोदी जी शायद यह भूल रहे हैं कि उत्तर प्रदेश सरकार में राकेश सचान एक ऐसे मंत्री हैं जो सजायफ्ता हैं और जमानत पर बाहर हैं। राजद प्रवक्ता ने कहा कि भाजपा नेताओं को दूसरे को उपदेश देने के लिए नैतिकता का पाठ पढ़ाने लगते हैं और अपने मामले में बगल झांकने लगते हैं जबकि भाजपा अपराधिक चरित्र वालों का शरनागाह बना हुआ है। राजद उनकी सारा पोल पट्टी खोल कर रख देगी। राकेश सचान अभी उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं। मंत्री रहते हुए हीं अवैध आग्नेयास्त्र रखने के आरोप में गत 6 अगस्त को कानपुर के एमपी एमएलए कोर्ट द्वारा दोषी करार देते हुए सजा सुनाई गई थी। अभी वे जमानत पर हैं। कोर्ट द्वारा दोषी करार दिए जाने के बाद वे सत्ता का धौंस दिखाते हुए कोर्ट अभिरक्षा से भाग गए थे और कोर्ट द्वारा जब फरारी का संज्ञान लेते हुए इनके खिलाफ एफआईआर करने के आदेश के बावजूद कोई एफआईआर दर्ज नहीं किया गया। इसके अलावा भी इनके खिलाफ आधा दर्जन संज्ञेय अपराध के मामले कोर्ट में विचाराधीन हैं। राजद प्रवक्ता ने कहा कि सुशील मोदी जी का सोच गजब है । इनके अनुसार गैर भाजपा सरकार में आरोपित व्यक्ति को मंत्री बनना अनैतिक है लेकिन यदि भाजपा की सरकार है तो उसमें सजायफ्ता व्यक्ति का मंत्री पद पर रहना नैतिकता माना जाएगा।

# गुजरात का गरबा नृत्य नेस्को की अमूर्त विरासत सूची के लिए नॉमिनेट

गांधीनगर (एजेंसी)। भारत ने गुजरात के प्रसिद्ध पारंपरिक नृत्य गरबा को यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल करने के लिए नामित किया है। यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत श्रेणी के सचिव टिम कर्टिस ने पिछले दिसंबर में कोलकाता के दुर्गा पूजा उत्सव को अमूर्त सांस्कृतिक विरासत घोषित करने के उपलक्ष्य में दिल्ली के राष्ट्रीय संग्रहालय में आयोजित एक कार्यक्रम में गरबा को नामित किए जाने से जुड़ा विवरण साझा किया था।अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सुरक्षा पर यूनेस्को के 2003 के सम्मेलन की अंतर सरकारी समिति ने पिछले साल दिसंबर में कोलकाता में दुर्गा पूजा को मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की प्रतिनिधि सूची में शामिल किया था। कर्टिस ने कहा, अगले साल के चक्र के लिए नवीनतम नामांकन पर विचार किया जाएगा। नामांकन फाइलों की जांच 2023 के मध्य में मूल्यांकन संस्था द्वारा की जाएगी और अगले साल के अंत तक समिति के 2023 सत्र के लिए नामों पर फैसला किया जाएगा।



# सीबीआई व ईडी को बिहार में प्रतिबंधित कर देना चाहिए : चौधरी

(आज समाचार सेवा)

**पटना।** बिहार विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय जनता दल के नेता उदय नारायण चौधरी ने कहा कि जिस प्रकार सीबीआई केंद्र सरकार के इशारे पर राजनेताओं को चरित्र दोहन कर रही है वह बड़ा ही दुर्भाग्यपूर्ण है। सीबीआई एवं ईडी की विश्वसनीयता पूरे देश में समाप्त होती जा रही है। इसका ताजा उदाहरण सीबीआई के द्वारा बिहार में राजनेताओं के यहां छापेमारी एवं जिस प्रकार से सीबीआई के द्वारा गलत बयानी किया गया कि गुड़गांव का मॉल तेजस्वी यादव का है। जिस प्रकार मीडिया ने भी इसे जोर शोर से उछाला यह बड़ा ही दुर्भाग्यपूर्ण है परंतु सच्चाई यह है की वाइट लैंड के प्रमोटर ने स्वीकार किया है कि उक्त मॉल से तेजस्वी यादव का कोई मतलब नहीं है। सर्वविदित है कि उक्त मॉल का उद्घाटन हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर जी ने किया था। भिवानी के सांसद और मेयर इसके मालिक है परंतु जिस किसी के इशारे पर सीबीआई के द्वारा परेशान किया जा रहा है उससे लगता है कि उस व्यक्ति को डेमोक्रेसी में विश्वास नहीं है जिस प्रकार से सीबीआई ने बिहार के लोगों को अपमानित करने का काम किया है उसे सीबीआई को पूरे बिहार की जनता से माफी मांगने चाहिए। अगर सीबीआई माफी नहीं मांगती है तो राज्य सरकार को सीबीआई पर प्रतिबंध लगा देना चाहिए तथा ऐसा आदेश पारित करना चाहिए कि बिना राज्य सरकार के अनुमति के कोई भी केंद्र सरकार के एजेंसियां चाहे वह सीबीआई हो चाहे वह ईडी हो बिहार में प्रवेश नहीं कर सके यही उचित होगा।

# 'कहो दिल से वसुंधरा फिर से' के लगे नारे

जयपुर (एजेंसी)। राजस्थान पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने गहलोत सरकार पर जमकर निशाना साधा है। पूर्व सीएम ने कहा कि अच्छा काम करने वाली पार्टी को दोबारा मौका मिलना चाहिए था। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। हमें दोबारा अवसर मिलता तो अधूरे काम पूरे होते और हमारा प्रदेश विकास की दृष्टि से बहुत आगे होता। जबकि आज राजस्थान पिछड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने प्रदेश को विकास में पीछे धकेला, उन्हें अब मौका नहीं दें। पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने आज जयपुर में अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा प्रतिभावान छात्र-छात्रा सम्मान समारोह में गहलोत सरकार पर निशाना साधा। कार्यक्रम में 'कहो दिल से वसुंधरा फिर से' के जमकर नारे लगाए गए। लेकिन पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने नारे लगाने वाले युवाओं को शांत करवा दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजे ने कहा कि जिस प्रदेश को हम विकास की राह पर लाए थे उसे अब कोई तरक्की की राह पर ले जाने वाला इस सरकार में नहीं है। राजे ने कहा कि जो प्रदेश हमारे समय शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, विद्युत और जल संरक्षण में देश में आगे था, वह आज अपराध, महिला उत्पीड़न, दलित अत्याचार और भ्रष्टाचार, साम्प्रदायिक उन्माद में पहले नंबर पर है।



# प्रथम पृष्ठ का शेष

## ट्विन टावर हुआ...

नियंत्रिय करने के प्रयास किए जा रहे हैं।नोएडा की सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने कहा है कि ट्विन टावर के ढहने से आसपास की हाउसिंग सोसाइटियों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है. उन्होंने कहा कि मलबा सड़क की तरफ भी आया है. एक घंटे में स्थिति का बेहतर अंदाजा हो जाएगा. उन्होंने कहा कि मौके पर साफ-सफाई का काम तेजी से किया जा रहा है. गैस और बिजली की आपूर्ति भी जल्द ही बहाल की जाएगी. इसके बाद ही लोगों को सोसाइटी में आने दिया जाएगा।सुपरटेक को सेक्टर 93ए में 23 दिसंबर 2004 को एमरॉल्ड कोर्ट के नाम पर भूखंड आवंटित हुआ, जिसमें 14 टावर का नक्शा पास हुआ। इसके बाद योजना में तीन बार संशोधन हुआ और दो नए टावर की मंजूरी दे दी गई। ये दोनों टावर ग्रीन पार्क, चिल्ड्रन पार्क और दो मंजिला कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स की जमीन पर बनाए गए। फ्लैट खरीदारों ने इसके खिलाफ पहली बार मार्च 2010 में आवाज उठाई और लड़ाई इलाहाबाद हाईकोर्ट से सुप्रीम कोर्ट तक पहुंची। दोनों ही अदालतों से टावर को गिराने का आदेश दिया गया।

सुपरटेक ने करीब 15 साल पहले एमरॉल्ड कोर्ट प्रॉजेक्ट की शुरुआत की थी। इसमें 3,4 और 5 बीएचके के फ्लैट हैं। यह सोसायटी नोएडा और ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे के नजदीक है। मौजूदा समय में एक फ्लैट की कीमत 1 से 3 करोड़ रुपए तक है। शुरुआत में बिल्डर ने नोएडा अथॉरिटी के सामने जो प्लान दिया था उसके मुताबिक 9 मंजिला 14 टावर बनाए जाने थे। इसके बाद इसमें तीन बार संशोधन किया गया। 2012 में सुपरटेक ने 14 की जगह 15 टावर बनाने का फैसला किया और 9 से बढ़ाकर 14 मंजिल करने का प्लान बनाया। 40 मंजिला दो टावर बनाने का भी प्लान बनाया गया।

हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट ने इस केस में बिल्डर को दोषी पाया और फ्लैट खरीदारों के हक में फैसला दिया। ट्विन टावर के निर्माण में नेशनल बिल्डिंग कोड के नियमों का उल्लंघन किया गया। सुपरटेक एमरॉल्ड कोर्ट में जब लोगों ने फ्लैट खरीदा तो ट्विन टावर के स्थान पर ग्रीन एरिया का वादा किया गया था। सुविधाओं को देखते हुए खरीदारों ने एमरॉल्ड कोर्ट प्रॉजेक्ट में फ्लैट बुक कराए। लेकिन बाद में बिल्डर ने नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों से साठगांठ करके यहां ट्विन टावर खड़े कर दिए। नियमों के तहत टावर के बीच की दूरी 16 मीटर होनी चाहिए, लेकिन यहां पर सिर्फ 9 मीटर छोड़ी गई। यहां ट्विन टावर का निर्माण शुरू होने पर खरीदारों को धोखे का अहसास हुआ और उन्होंने कोर्ट का रुख किया।

## 19 अक्टूबर को मिलेगा...

में पूर्व पीएम मनमोहन सिंह, केसी वेणुगोपाल, पूर्व केंद्रीय मंत्री जयराम रमेश, मुकुल वासनिक, पी चिदंबरम, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल और जी-23 का हिस्सा रहे आनंद शर्मा मौजूद थे। पार्टी की कार्यकारी अध्यक्ष सोनिया गांधी समेत कई नेता वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक में शामिल हुए।

कांग्रेस के अध्यक्ष पद के लिए राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत का नाम सबसे ज्यादा चर्चा में था। बताया जा रहा था कि सोनिया गांधी ने उन्हें पार्टी अध्यक्ष बनने के लिए तैयार रहने को कहा था, लेकिन गहलोत ने अगले ही दिन ऐसी खबरों को खारिज कर दिया था। पिछले बुधवार को उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को फिर से पार्टी की बागडोर संभालने के लिए मनाने का अंतिम समय तक प्रयास करेंगे। गहलोत की टिप्पणी कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात के एक दिन बाद आई थी।दूसरी तरफ कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने कहा कि राहुल गांधी पार्टी की एकमात्र पसंद हैं। विदेश से लौटने के बाद उनको अध्यक्ष पद संभालने के लिए मनाने का प्रयास किया जाएगा। वहीं, उत्तराखंड के पूर्व सीएम हरीश रावत ने कहा कि राहुल गांधी कांग्रेस के अध्यक्ष होंगे और हम सब कांग्रेसजनों का आग्रह है और आशा है कि वो जल्द ही जिम्मेदारी स्वीकार करेंगे। मेरी इच्छा और आकांक्षा है कि राहुल गांधीजी कांग्रेस के अध्यक्ष हों।

कांग्रेस कार्यसमिति की वर्चुअल मीटिंग से पहले महाराष्ट्र के पूर्व सीएम पृथ्वीराज चौहान के बगावती तेवर सामने आए। एक इंटरव्यू में चौहान ने कहा कि कांग्रेस में कठपुतली अध्यक्ष बनाने की कोशिश हो रही है। पार्टी बर्बाद हो जाएगी। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष पद के लिए चुनाव को टालना सही नहीं है।

26 अगस्त को गुलाम नबी आजाद के इस्तीफे के बाद कांग्रेस वर्किंग कमेटी की यह पहली बैठक थी। आजाद ने पार्टी छोड़ते हुए राहुल गांधी पर निशाना साधा था। उन्होंने 5 पन्नों की चिट्ठी में लिखा- राहुल गांधी ने पार्टी में एंट्री के साथ ही सलाह के मैकेनिज्म को तबाह कर दिया। खासतौर पर जनवरी 2013 में उनके उपाध्यक्ष बनने के बाद तो पार्टी में यह सिस्टम पूरी तरह बंद हो गया। सभी वरिष्ठ और अनुभवी नेताओं को साइड लाइन कर दिया गया और गैर-अनुभवी चापलूसों का नया ग्रुप बन गया, जो पार्टी चलाने लगा।

कांग्रेस पार्टी ने 29 अगस्त को ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी और प्रदेश कांग्रेस कमेटी की बैठक बुलाई है। यह बैठक दिल्ली स्थित पार्टी हेडक्वार्टर में शाम 4 बजे होगी। कांग्रेस की इस बैठक में पार्टी की 3570 किलोमीटर भारत जोड़ो यात्रा अभियान पर चर्चा होगी, जो सात सितंबर से कन्याकुमारी से शुरू होगी।

बैठक में भारत जोड़ो यात्रा अभियान के कोऑर्डिनेटर मौजूद रहेंगे। इसके अलावा एआईसीसी के महासचिवों, पीसीसी के अध्यक्षों को भी बैठक में शामिल होने के निर्देश दिए गए हैं। पार्टी ने इसके लिए एक लेटर जारी किया है। 4 सितंबर को दिल्ली में कांग्रेस की महंगाई पर हल्ला बोल रैली होगी।

कांग्रेस के भारत जोड़ो यात्रा अभियान की शुरुआत राहुल गांधी के नेतृत्व में होगी। यात्रा तमिलनाडु के कन्याकुमारी से शुरू होगी, जो 12 राज्यों से होते हुए जम्मू-कश्मीर पहुंचेगी। बताया जा रहा है कि यात्रा में कांग्रेस के झंडे की जगह तिरंगा दिखाई देगा।

## अरबों के फ्रॉड का...

ब्रांच की टीम अब उसकी संपत्ति की भी जांच करेगी। पटना के कंकड़बाग, एसकेपुरी, बोरिंग रोड समेत अन्य जगहों पर इसके फ्लैट और प्लॉट हैं। दानापुर और फुलवारीशरीफ में भी अरुणेश ने जमीन खरीद रखी है।

सूत्रों के अनुसार अरुणेश सीता पर पटना में कई थानों में प्राथमिकी दर्ज है। वाराणसी पुलिस जल्द ही पटना समेत बिहार के अन्य जिलों में छापेमारी करेगी। वहीं, पटना के वरीय पदाधिकारियों से कॉन्टैक्ट किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि अरुणेश ने जो कंपनी खोली थी उसमें पटना के कई लोग काम करते थे और इस ठगी में बराबर के भागीदार थे। फिलहाल इस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में छापेमारी की जा रही है।अरुणेश और उसके गिरोह के लोग इन्वेस्टर से एफडीआर (फिक्स डिपोजिट रिसिप्ट)और शेयर के नाम पर पैसे जमा कराते थे। अरुण उस पैसे से पश्चिम बंगाल के वर्धमान में होटल, पटना में बेशकीमती प्लॉट, दिल्ली में मॉल और कॉमर्शियल प्रॉपर्टी खरीदी। अरुणेश ने एक फिल्म कंपनी भी लांच की थी। ठगी के पैसे ही वह पांच भोजपुरी फिल्में भी प्रोड्यूस कीं। अरुणेश अपने लोगों को फाइव स्टार होटल में सक्सेस पार्टियां देता था।अरुणेश की तलाश उत्तर प्रदेश के आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन के साथ ही कई जिलों की पुलिस भी कर रही थी। उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, नयी दिल्ली सहित कई राज्यों में इस गिरोह के खिलाफ मुकदमे दर्ज हैं।

## राघोपुर में जहरीली शराब...

ने बताया कि शुक्रवार को शाम में सभी ने पंचायत में एक साथ शराब पीया था, शनिवार की अहले सुबह में जंगली महतो की अचानक तबीयत खराब हो गयी, जिसे इलाज के लिये पटना बख्तियारपुर में एक निजी नर्सिंग होम भर्ती कराया था, इलाज के दौरान मौत होने पर परिजनो आनन - फानन में अंतिम संस्कार कर दिया, जिसकी सूचना मिलते ही पुलिस महकमें हड़कंप मच गय, जिसके तत्वरी करावाई करते हुय रामा महतो और राम प्रवेश महतो का शव को अपने कब्जे में लेकर हाजीपुर सदर अस्पताल भेज दिया, जबकि नन्हक महतो, पवन महतो, झमन महतो सहित आधा दर्जन बीमार लोगो का पटना के निजी अस्पताल में चल रहा है। मालूम हो कि इस घटना की पुष्टि अभी प्रशासन की ओर से नहीं की गई है। सूचना पर पुलिस के अलावा विभिन्न पदाधिकारी घटनास्थल पर पहुंचकर जानकारी ले रहे हैं। बतादे की बीते 5 अगस्त 2022 को जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में जहरीली शराब से आधा दर्जन की मौत हो गयी थी।

## सीबीआई करेगी सोनाली...

मामले की गहनता से जांच कर रही है।

गोवा पुलिस ने भाजपा की नेता सोनाली फोगाट की कथित हत्या के मामले में मादक पदार्थ के एक और तस्कर को गिरफ्तार किया है. एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी. इसी के साथ मामले में अब तक गिरफ्तार किए जा चुके लोगों की संख्या पांच हो गई है।अधिकारी ने बताया कि शनिवार रात उत्तर गोवा जिले की अंजुना पुलिस ने मादक पदार्थ के तस्कर रामा उर्फ रामदास मांडरेकर को एक अन्य तस्कर दत्ताप्रसाद गांवकर को कथित तौर पर मादक पदार्थ की आपूर्ति करने के आरोप में गिरफ्तार किया. गांवकर पहले से ही इस मामले में हिरासत में है. पुलिस ने पहले कहा था कि गांवकर ने कथित तौर पर दो अन्य आरोपियों सुधीर सागवान और सुखविंदर सिंह को मादक पदार्थ की आपूर्ति की थी, जो गोवा यात्रा पर फोगाट के साथ गए थे।

## डिजिटल इंडिया से...

अलग-अलग नवाचार वाले विचार प्रस्तुत किये।प्रधानमंत्री ने कहा कि इतना बड़ा देश, इतनी विविधताएं, लेकिन बात जब तिरंगा फहराने की आई तो हर कोई एक ही भावना से ओत-प्रोत दिखाई दिया। तिरंगे के गौरव के प्रथम प्रहरी बनकर लोग खुद आगे आये। उन्होंने कहा कि पहले गांवों में बिजली पहुंचने पर लोग खुश होते थे, लेकिन अब ''नये भारत'' में गांवों में अब वैसी खुशी इंटरनेट की ४जी सेवाएं पहुंचने में होती है। उन्होंने कहा कि जो सुविधाएं कभी बड़े शहरों में हुआ करती थीं, ''डिजिटल इंडिया'' ने उन्हें गांव-गांव में पहुंचा दिया है। इसी संदर्भ में प्रधानमंत्री ने पिछले दिनों अरुणाचल प्रदेश के सियांग जिले में जोरसिंग गांव में ४जी सेवाएं पहुंचने का जिक्र करते हुए कहा कि वहां पिछले दिनों हुआ यह बदलाव ऐसा था, जिसका लोग वर्षों से इंतजार कर रहे थे।मोदी ने कहा कि अरुणाचल और पूर्वोत्तर भारत के दूर-सुदूर इलाकों में ४जी के तौर पर एक नया सूर्योदय हुआ है। इंटरनेट संपर्क एक नया सवेरा लेकर आया है। जो सुविधाएं कभी सिर्फ बड़े शहरों में होती थीं, वह डिजिटल इंडिया ने गांव-गांव में पहुंचा दी हैं। इस वजह से देश में नये डिजिटल उद्यमी पैदा हो रहे हैं।इसी क्रम में प्रधानमंत्री ने राजस्थान के अजमेर जिले में कपड़ों की सिलाई करने वाले सेठा सिंह रावत द्वारा चलाए जा रहे ''दर्जी अहनलाइन'' की कहानी सुनाई कि कैसे कोविड काल में उन्होंने इंटरनेट की मदद से आपदा को अवसर में बदला। उन्होंने कहा कि आज डिजिटल इंडिया की ताकत से सेठा सिंह का काम इतना बढ़ चुका है कि अब उन्हें पूरे देश से आर्डर मिलते हैं। सैकड़ों महिलाओं को उन्होंने अपने यहां रोजगार दे रखा है।प्रधानमंत्री ने बताया कि कैसे ''डिजिटल इंडिया'' ने उत्तर प्रदेश के उन्नाव में रहने वाले ओम प्रकाश सिंह को भी डिजिटल उद्यमी बना दिया। उन्होंने कहा कि 'कहमन सर्विस सेंटर' की स्थापना से ओम प्रकाश का काम अब इतना बढ़ गया है कि उनके यहां २० से ज्यादा लोग नौकरी कर रहे हैं। कहमन सर्विस सेंटर की तरह ही सरकार के जीईएम पोर्टल पर भी ऐसी कितनी ही सफलता की कहानियां देखने को मिल रही हैं।प्रधानमंत्री ने कहा कि इंटरनेट ने इसी प्रकार युवाओं की पढ़ाई और उनके सीखने के तौर-तरीकों को बदल दिया है। उन्होंने उत्तर प्रदेश के उन्नाव की रहने वाली गुड़िया सिंह की कहानी सुनाई कि कैसे ससुराल में सिंह ने ''भारतनेट'' की मदद से अपनी पढ़ाई से जुडी चिंताओं का समाधान किया। उन्होंने कहा कि गांव-गांव में ऐसे कितने ही जीवन डिजिटल इंडिया अभियान से नयी शक्ति पा रहे हैं।इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने देशवासियों से इस प्रकार की सफलता की कहानियां सोशल मीडिया पर साझा करने का आग्रह किया। उन्होंने दूरदर्शन पर प्रसारित धारावाहिक 'स्वराज' का जिक्र किया। साथ ही देशवासियों से आग्रह किया कि वे आजादी के आंदोलन में हिस्सा लेने वाले गुमनाम नायक-नायिकाओं की कहानी बच्चों को जरूर दिखाएं।

प्रधानमंत्री ने जल को मानवता का 'परम मित्र' और जीवनदायिनी बताया। उन्होंने कहा कि जल से ही अन्न उत्पन्न होता है और फिर उससे ही सभी का हित होता है। अमृत सरोवर सहित जल संरक्षण की दिशा में किए जा रहे विभिन्न प्रयासों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि आज अमृत सरोवर का निर्माण एक जन-आंदोलन बन गया है। मेरा आप सभी से और खासकर युवा साथियों से आग्रह है कि आप अमृत सरोवर अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और जल संचय व संरक्षण के इन प्रयासों को पूरी ताकत दें। उन्हें आगे बढ़ायें।

उन्होंने कहा कि अमश्त सरा.`वर अभियान आज की अनेक समस्याओं का समाधान तो करता ही है, साथ ही यह आने वाली पीढ़ियों के लिए भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत कई जगहों पर पुराने जलाशयों का कायाकल्प भी किया जा रहा है।

**स्वत्वाधिकारी : ज्ञानमंडल लिमिटेड** के लिए **शिवशंकर दूबे** द्वारा शाश्वत प्रिण्टर्स यन्त्रालय, मजहरुल हक पथ, पटना से मुद्रित तथा शाश्वत प्रिण्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, मजहरुल हक पथ, पटना-८००००१ से प्रकाशित

**सम्पादक : शार्दूल विक्रम गुप्त**
प्रबंध सम्पादक एवं व्यवस्थापक : **शशि शुक्ला**
स्थानीय सम्पादक : **दीपक पांडेय**

**वाराणसी** : संत कबीर मार्ग, **गोरखपुर** : बैंक रोड, **प्रयागराज** : 3, लीडर रोड, **कानपुर** : बासमंडी, **झांसी** : झोंकनबाग, **लखनऊ** : 1, जांपलिंग रोड, **आगरा** : महात्मा गांधी रोड, **बरेली** : रोड नं. 3, परसाखेड़ा, **रांची** : नामकुम इंडस्ट्रीयल एरिया, **जमशेदपुर** : न्यू काली माटी रोड, साकची

वर्ष-३१ संख्या-०९६६८
आर.एन.आई. रजिस्ट्रेशन सं. ३३४४३/७९

**पीबीएक्स** : २२३५०७०-७१, ७२
**स्थानीय समाचार डेस्क** : २२३५०७७
**आंचलिक डेस्क** : २२३५०७४
**फैक्स** : २२३५०७४/२२०२२८५
इ-मेल : **ajpatna@ajhindidaily.com**
: **patnaaj@gmail.com**

**पटना जीपीओ रजिस्ट्रेशन संख्या :**
R-10/NP-16/2019-22

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचार के चयन के लिए **सम्पादक** जिम्मेदार होंगे एवं समस्त विवाद पटना न्यायालय के अधीन होगा।







# टीम इंडिया ने पाकिस्तान से लिया बदला

## जडेजा के आउट होने के बाद कोहली के 100वें मैच में हार्दिक पंड्या ने छक्का मारकर पांच विकेट से दिलायी जीत, भुवी ने झटके चार विकेट



**बाबर आजम को आउट करने के बाद भुवनेश्वर को गले लगाकर बधाई देते केएल राहुल और विराट कोहली।**

**दुबई** (एजेंसी)। भारतीय टीम ने एशिया कप के महामुकाबले में पाकिस्तान को पांच विकेट से हराते हुए टी-20 विश्व कप में मिली हार का बदला ले लिया। पाकिस्तान ने पहले बैटिंग करते हुए सभी विकेट खोकर 147 रन बनाये थे। जवाब में भारत ने 19.4 ओवरों में 5 विकेट खोकर मैच अपने नाम करते हुए टूर्नामेंट में विजयी आगाज किया। हार्दिक ने विजयी छक्का जड़ा। मैच के हीरो रहे हार्दिक पंड्या ने 3 विकेट लेने के अलावा 17 गेंदों में तूफानी अंदाज में 34 रन ठोके, जबकि रवींद्र जडेजा 29 गेंदों में 35 रन बनाकर आउट हुए। दूसरी ओर, भुवनेश्वर कुमार ने 4 विकेट झटके।

148 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम इंडिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही। डेब्यू स्टार नीसम शाह ने पहले ओवर दूसरी ही गेंद पर उपकप्तान केएल राहुल को क्लीन बोल्ड कर दिया। राहुल अंदर आती गेंद पर पूरी तरह चकमा खा गये। वह कुछ समझ भी समझ पाते इससे पहले ही गेंद गिल्लियां ले उड़ा। इस तरह भारत ने एक रन के स्कोर पर पहला विकेट गंवा दिया। यहां से कुछ देर के लिए रोहित शर्मा और विराट कोहली ने मोर्चा संभालते हुए टीम को 50 रनों तक पहुंचाया।

### एशिया कप में पाक पर भारत की नौवीं जीत

ओवरऑल एशिया कप में भारत की पाकिस्तान पर यह 15 मैचों में से नौवीं जीत है। वहीं, पड़ोसी मुल्क की टीम को 5 मैच में जीत मिली है।एक मैच बारिश के कारण नहीं खेला जा सका था। पाकिस्तान की टीम भारत के खिलाफ 2014 के बाद कोई मैच नहीं जीत पायी है। पाक को 2016 में एक बार, 2018 में दो बार भारत से हार का सामना करना पड़ा था।



विराट कोहली लय में दिख रहे थे, लेकिन कप्तान रोहित शर्मा स्ट्रगल करते दिखे। हालांकि, मोहम्मद नवाज की गेंद पर आउट होने से पहले रोहित शर्मा ने एक बड़ा छक्का लगाया था। वह फिर बड़ी हिट लगाकर दबाव हटाना चाहते थे, लेकिन इफ्तिखार के हाथों कैच आउट हो गये। उन्होंने 18 गेंदों में 12 रन बनाये। इसके अगले ही ओवर में नवाज ने बड़े शॉट के लिए गये विराट कोहली को रोहित के ही अंदाज में इफ्तिखार के हाथों कैच आउट करा दिया। कोहली ने अपने 100वें मैच में 34 गेंदों में 3 चौके और एक छक्का के सहारे 35 रन बनाये।

मौजूदा दौर के सबसे बड़े सनसनी माने जाने वाले सूर्यकुमार यादव ने शुरुआत तो अच्छी की, लेकिन 18 गेंदों में 18 रन बनाकर आउट हो गये। इसके बाद ऊपर भेजे गये रवींद्र जडेजा और हार्दिक पंड्या ने मोर्चा संभालते हुए टीम को जीत तक ले गये। जडेजा हालांकि 29 गेंदों में 2 चौके और 2 छक्के की मदद से 35 रन की पारी खेलकर आउट हो गये। मगर हार्दिक पंड्या ने धैर्य नहीं खोया और आखिरी ओवर में छक्का उड़ाते हुए मैच भारत को जितवा दिया।

इससे पहले भुवनेश्वर कुमार (26/4) और हार्दिक पंड्या (25/3) की शानदार गेंदबाजी के दम पर भारत ने पाकिस्तान को 147 रन पर आउट कर दिया। पाकिस्तान की ओर से विकेटकीपर बल्लेबाज रिजवान ने सबसे अधिक 43 रन बनाये।

### स्कोर बोर्ड (प्लेयर ऑफ द मैच : हार्दिक पंड्या)

| **पाकिस्तान** | |
|---|---|
| मोहम्मद रिजवान का.आवेश बो. हार्दिक | 43 |
| बाबर आजम का. अर्शदीप बो. भुवनेश्वर | 10 |
| फ़खर ज़मान का.कार्तिक बो. आवेश | 10 |
| इफ्तिख़ार अहमद का.कार्तिक बो.हार्दिक | 28 |
| खुशदिल शाह का.जडेजा बो.हार्दिक | 02 |
| शादाब ख़ान पगबाधा बो.भुवनेश्वर | 10 |
| आसिफ अली का. सूर्यकुमार बो. भुवी | 09 |
| मोहम्मद नवाज का.कार्तिक बो.अर्शदीप | 01 |
| हारिस रउफनाबाद | 13 |
| नसीम शाह पगबाधा बो. भुवनेश्वर | 00 |
| शाहनवाज दहानी बो.अर्शदीप | 16 |
| **अतिरिक्त-** | 05 |
| **कुल ( 19.5 ओवर में ऑलआउट )** | 147 |

**विकेट पतन :** 1/15, 2/42, 3/87, 4/96, 5/97, 6/112, 7/114, 8/128, 9/128, 10/147

**गेंदबाजी :** भुवनेश्वर कुमार 4-0-26-4, अर्शदीप सिंह 3.5-0-33-2, हार्दिक पंड्या 4-0-25-3, आवेश खान 2-0-19-1, युजवेंद्र चहल 4-0-32-0, रवींद्र जडेजा 2-0-11-0

| **भारत** | |
|---|---|
| रोहित शर्मा का.इफ्तिखार बो. नवाज | 12 |
| के एल राहुल बो. नसीम शाह | 00 |
| विराट कोहली का.इफ्तिखार बो. नवाज | 35 |
| रवींद्र जडेजा बो. नवाज | 35 |
| सूर्यकुमार यादव बो. नसीम शाह | 18 |
| हार्दिक पंड्या नाबाद | 33 |
| दिनेश कार्तिक नाबाद | 01 |
| **अतिरिक्त-** | 14 |
| **कुल ( 19.4 ओवर में पांच विकेट पर )** | 148 |

**विकेट पतन :** 1/1, 2/50, 3/53, 4/89, 5/141

**गेंदबाजी :** नसीम शाह 4-0-27-2, शाहनवाज दहानी 4-0-29-0, हारिस रउफ 4-0-35-0, शादाब 4-0-19-0, मो. नवाज 3.4-0-33-3

## आस्ट्रेलिया ने पहले वनडे में जिंबाब्वे को हराया

**टाउंसविल ( आस्ट्रेलिया )** (एजेंसी)। कैमरुन ग्रीन के पांच विकेट के बाद डेविड वार्नर और स्टीव स्मिथ की उम्दा पारियों से आस्ट्रेलिया ने रविवार को यहां पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में जिंबाब्वे को पांच विकेट से हराकर तीन मैच की शृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली। जिंबाब्वे की टीम 2004 के बाद आस्ट्रेलिया में पहली एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय शृंखला खेल रही है।

ग्रीन ने कैरियर में पहली बार पांच विकेट चटकाते हुए 33 रन देकर पांच विकेट हासिल किये जिससे जिंबाब्वे की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 47.3 ओवर में 200 रन पर सिमट गयी। टीम ने अंतिम छह विकेट सिर्फ 15 रन जोड़कर गंवाये। आस्ट्रेलिया की ओर से एडम जंपा ने भी 57 रन देकर तीन विकेट चटकाये।

जिंबाब्वे की ओर से वेस्ली माधेवेरे ने करियर की सर्वश्रेष्ठ 72 रन की पारी खेली जबकि सलामी बल्लेबाज तादिवनाशे मारुमानी ने 45 रन बनाये।

## राजकीय खेल सम्मान आज, 211 खिलाड़ी, 6 प्रशिक्षक होंगे सम्मानित




**पटना ( खे.प्र. )**। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर राज्य के 211 खिलाड़ियों और छह प्रशिक्षक को सम्मानित होंगे। समारोह में टोक्यो पारालम्पिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले वैशाली के प्रमोद भगत को एक करोड़ और कांस्य पदक जीतने वाले शरत कुमार को पचास लाख रुपये की राशि दी जायेगी।

कला, संस्कृति एवं युवा विभाग तथा बिहार राज्य खेल प्राधिकरण द्वारा सोमवार को राजधानी के ऊर्जा सभागार शास्त्रीनगर में चयनित सभी 211 खिलाड़ियों और छह प्रशिक्षकों के बीच तीन करोड़, 11 लाख, 15 हजार सात 92 रुपये की नकद राशि बांटी जायेगी। खिलाड़ियों को उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव एवं खेलमंत्री जितेन्द्र राय सम्मानित करेंगे।

खेल विभाग की सचिव वंदना प्रेयसी ने कहा कि खेल को बढ़ावा देने के लिए चयन समिति इस वर्ष कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। इस बार राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को दी जाने वाली राशि दोगुनी कर दी गयी है। इसके अलावा इस वर्ष से सामान्य एवं दिव्यांग दोनों श्रेणियों में नकद राशि का प्रावधान किया गया है।

समारोह में राष्ट्रमंडल खेल, टोक्यो पारालम्पिक, डेफओलम्पिक, एशियन रग्बी चैम्पियनशिप, खेलो इंडिया यूथ नेशनल गेम्स के पदक विजेताओं को सम्मानित किया जायेगा। हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती पर राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया जाता है।

## मुख्य कोच द्रविड़ कोविड से उबर कर टीम से जुड़े

**दुबई** (एजेंसी)। मुख्य कोच राहुल द्रविड़ कोविड-19 के लिए नेगेटिव पाये गये हैं और रविवार को यहां पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप के बहु प्रतीक्षित मुकाबले से पहले भारतीय क्रिकेट टीम से जुड़ गये हैं।

महाद्वीपीय टूर्नामेंट के लिए टीम की रवानगी से पूर्व नियमित परीक्षण में पूर्व दिग्गज बल्लेबाज द्रविड़ वायरस के लिए पॉजीटिव पाये गये थे लेकिन अब इस संक्रमण से पूरी तरह उबर चुके हैं।भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने बयान में कहा कि टीम इंडिया के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ कोविड-19 के लिए नेगेटिव पाये गये हैं और दुबई में टीम से जुड़ गये हैं। द्रविड़ की गैरमौजूदगी में टीम के साथ मौजूद अंतरिम कोच वीवीएस लक्ष्मण भारत ए की तैयारियों को देखने के लिए बेंगलुरु लौट आये हैं।

पूर्व भारतीय कप्तान द्रविड़ पॉजीटिव पाये जाने के बाद टीम के साथ यात्रा नहीं कर पाये थे। बीसीसीआई ने इसके बाद राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण को भारत का अंतरिम कोच नियुक्त किया था।

## पहले दिन समस्तीपुर के शटलरों का दबदबा

**पटना ( खे.प्र. )**। बिहार बैडमिंटन संघ के तत्वाधान और समस्तीपुर जिला बैडमिंटन संघ की मेजबानी में पटेल मैदान स्तिथ इंडोर हॉल में बिहार राज्य जूनियर अंडर-19 रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट का उद्घाटन जिला पदाधिकारी योगेन्द्र सिंह,जिला के पुलिस कप्तान हृदयकांत एवं बिहार बैडमिंटन संघ के महासचिव केएन जयसवाल ने किया।

मुख्य ड्रॉ में बालक एकल राउंड 64 एवं 32 के मैच खेले गये जिसमें समस्तीपुर के हर्ष राज ने बेतिया के अतुल

**जूनियर रैंकिंग बैडमिंटन**

राज 21-14, 21-17 से, खगड़िया के के.सुप्रशांत ने दरभंगा के हर्ष मानी सिंह को 21-18,21-18 से, सहरसा के अनूप रंजन ने वैशाली के श्रेय वर्धन को 21-17,21-17 से, समस्तीपुर के आशुतोष कुमार सिंह ने बक्सर के विराट कुमार को 21-10, 21-1 से, पटना के क्वालीफायर रणबीर सिंह ने गया के शंकर गुप्ता को 21-9, 21-10 से, जहानाबाद के प्रियांशु एस ने पूर्णिया के अनिमेष को 22-20, 21-14 से, पटना के आदित्य कुमार ने समस्तीपुर के कार्तिक को 21-13, 21-12 से, बेतिया के जयंत अरोड़ा ने जहानाबाद के रिशु कुमार को 21-11, 21-8 से, पूर्णिया के पीयूष कुमार बाबुल ने मधुबनी के रंजन कुमार गुप्ता को 21-



9,21-17 से, समस्तीपुर के रमन कुमार ने नवादा के मनीष कुमार को 21-11, 22-20 से, मुजफ्फरपुर के अमृत राज ने शिवहर के सम्पूर्ण को 21-10, 21-11 से, ऋषभ राज समस्तीपुर ने राज आर्यन नवादा को 21-15, 13-21, 21-13 से, मुकुल वर्मा पटना ने अनुज राज पुर्णिया को 13-21, 21-10, 21-14 से दरभंगा के मजीद नबी ने पुर्णिया के सार्थक कुमार को 21-9, 21/11 से हराकर राउंड 32 में प्रवेश किया।

राउंड 32 में मुजफ्फरपुर के तनवीर अहमद ने मधुबनी के सौरव मिश्रा को 21-13, 21-14 से, समस्तीपुर के हर्ष राज ने पटना के विनीत कुमार को 20-22, 21-11 , 21-19 से, समस्तीपुर के कौशल राज ने खगड़िया के कुमार सुप्रशान्त को 10/21, 21-13, 21-18 से को हरा कर अगले चक्र में प्रवेश किया।

## सम्मान पाकर गदगद हुए क्रिकेटर

**पटना ( खे.प्र. )**। पहली बार पटना के पूर्व रणजी खिलाड़ियों के लिए आयोजित किये गये समारोह में करीब 31 खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। जबकि 15 किसी कारणवश नहीं आ सके। समारोह में दो उदयीमान खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया। इससे पहले अतिथियों का स्वागत अंशुल होम्स के निदेशक राहुल सिंह व पटना जिला क्रिकेट संघ के पूर्व संयुक्त सचिव अरुण कुमार सिंह ने शाल व मोमेंटो देकर किया। संचालन आरजे विजेता ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन संयोजक रुपक कुमार ने किया।



खिलाड़ियों को उद्योग मंत्री समीर महासेठ,पूर्व खेल मंत्री व राजद के वरीय नेता शिवचंद्र राम ने पुरस्कृत किया। इस अवसर राजद प्रवक्ता एवं बिहार प्लेयर्स असोसियेशन के अध्यक्ष मृत्युंजय तिवारी ने क्रिकेटरों के हक के लिए किये गये संघर्ष को याद किया। उन्होंने कहा कि बिहार के उपमुख्यमंत्री खुद क्रिकेटर रहे हैं, तो उनसे अब क्रिकेट के विकास की उम्मीद है।

**सम्मान पाने वाले खिलाड़ी**-तरुण कुमार भोला, सुनील कुमार, राम कुमार, राजू वाल्श, पवन कुमार, सुनील सिंह, अनंत प्रकाश, निखिलेश रंजन, विष्णु शंकर, अविनाश कुमार, अशोक कुमार, प्रभात कुमार, संजय रंजन, कर्नल संतोष त्रिपाठी, देवकी नंद दास, धीरज कुमार, आनंद प्रताप, सतीश सिंह, नीलकमल, संजीव सिन्हा, सरफराज अहमद, अजय नारायण शर्मा, सूरज नारायण लाल, राजीव रंजन सप्पू, नीरज कुमार, अशोक तालपात्रा, शिवव्रत बनर्जी, देवेश चंद्रा, धनंजय सिंह, देवजीत चक्रवर्ती, आशीष सिन्हा, उदीयमान प्लेयर यशस्वी शुक्ला व आकाश कुमार सिंह।

## एक्सलसेन और यामागुची दूसरी बार विश्व विजेता

**टोक्यो** (एजेंसी)। विक्टर एक्सलसेन ने विश्व बैडमिंटन चैम्पियनशिप के पुरुष एकल फाइनल में रविवार को कुनलावुत विटिडसर्न को 21-5, 21-16 से हराकर अपना दूसरा खिताब हासिल किया। महिला वर्ग में अकाने यामागुची ने ओलम्पिक चैम्पियन चेन युफेई को 21-12, 10-21, 21-14 से हराकर लगातार दूसरी बार इस खिताब को हासिल किया।

डेनमार्क के एक्सेलसन के अनुभव का पहली बार इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंच थाईलैंड के 21 साल विटिडसर्न कोई जवाब नहीं दे सके। एक्सेलसन की इस साल मार्च के बाद यह लगातार 37वीं जीत है।

इससे पहले 2017 में विश्व चैम्पियन बनने वाले एक्सलसेन ने टूर्नामेंट के मौजूदा सत्र में एक भी सेट नहीं गंवाया।

विश्व रैंकिंग में पहले स्थान पर काबिज यामागुची ने इस घरेलू स्टेडियम में टोक्यो ओलम्पिक की असफलता को पीछे छोड़ते हुए चीन की युफेई को तीन गेम तक चले मुकाबले में शिकस्त दी।

## प्रमोद भगत समेत 90 दिव्यांग खिलाड़ी सम्मानित

**पटना ( खे.प्र. )**। खेल दिवस की पूर्व संध्या पर बिहार विकलांग खेल अकादमी, पैरालिम्पिक कमेटी ऑफ बिहार, स्पेशल ओलम्पिक्स द्वारा स्काडा बिजनेस सेंटर, सोन भवन में आयोजित समारोह में राज्य और देश का नाम रौशन करने वाले दिव्यांग खिलाड़ी, प्रशिक्षक, समाजसेवी एवं इनसे जुड़े



लोगों को मोमेंटो, अंगवस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र देकर मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव, मंत्री आलोक मेहता, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, विशिष्ट अतिथि समीर कुमार महासेठ, उद्योग मंत्री, सह बिहार विकलांग खेल अकादमी, जीतन राम मांझी,पूर्व मुख्यमंत्री, डॉ. शिवाजी कुमार पूर्व राज्य आयुक्त दिव्यांगजन, बिहार सरकार ने 22वें बिहार सम्मान समारोह में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी प्रमोद भगत (हाजीपुर), शरद कुमार (मुजफ्फरपुर) एवं मोहम्मद शम्स आलम शेख (मधुबनी) को बिहार खेल रत्न से नवाजा गया। इसमें कुल 19 वर्गों में 90 खिलाड़ी सम्मानित किये गये।

मुख्य अतिथियों एवं विशिष्ट अतिथियों ने कहा कि बिहार के लिए गौरव की बात है कि इस तरह का सम्मान समारोह 22 वर्षों से किया जा रहा है।

समारोह का संचालन संदीप कुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन संतोष कुमार सिन्हा, सुगन्ध नारायण प्रसाद ने किया।

## 25 सितम्बर को होगा बीसीए का चुनाव

**पटना ( खे.प्र. )**। बिहार क्रिकेट असोसियेशन की वार्षिक आमसभा की बैठक राजधानी के होटल में संपन्न हुई। सदस्यों के समक्ष बीसीए के इलेक्ट्रोल ऑफिसर डॉक्टर. एम. मोदस्सीर (रिटायर्ड आईएएस) के नेतृत्व वाली कमेटी ने 28 अगस्त से बीसीए चुनावी प्रक्रिया की घोषणा कर दी जो 25 सितम्बर को संपन्न होगा। इस बैठक में बीसीए से मान्यता प्राप्त सभी 38 जिला संघ के पदाधिकारियों ने विभिन्न बिंदुओं पर अपने विचार व्यक्त करते हुए एजेंडों पर मुहर लगायी।

इस दौरान लंबे समय से बिहार क्रिकेट संघ के विकास में अपना अविस्मरणीय योगदान देने वाले पूर्व पदाधिकारियों में शामिल जहानाबाद जिला संघ के विनोद कुमार सिंह, शेखपुरा के गंगा यादव व मदनलाल यादव, भागलपुर के आनंद मिश्रा, नालंदा के अनंत कुमार सहित अन्य को बीसीए अध्यक्ष राकेश कुमार तिवारी ने प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

## सुपर चैलेंज अंडर-13 क्रिकेट कल से

**पटना ( खे.प्र. )**। सरदार पटेल स्पोर्ट्स फाउंडेशन के तत्वावधान में 30 अगस्त से मोइनुल हक स्टेडियम स्थित क्रिकेट एकेडमी ऑफ बिहार (सीएबी) ग्राउंड पर होने वाले सुपर चैलेंज अंडर-13 क्रिकेट टूर्नामेंट की सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। यह जानकारी आयोजन अध्यक्ष सह भारतीय युवा क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान अमिकर दयाल ने दी। उन्होंने बताया कि सरदार पटेल स्पोर्ट्स फाउंडेशन के महासचिव सह आयोजन सचिव संतोष तिवारी की देखरेख में तैयारियां को अंतिम रूप दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कुल 16 टीमों को इंट्री दी जायेगी। मैच 25-25 ओवर के खेले जायेंगे।

## ब्वॉयज कंपनी-बिहार रेजिमेंट फाइनल में

**पटना ( खे.प्र. )**। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर आयोजित प्रथम मेजर ध्यानचंद क्लब हॉकी के पहले सेमीफाइनल मैच में ब्वॉयज स्पोर्ट्स कंपनी ने सिख रेजिमेंट सेंटर को 2-1 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। विजेता टीम के इंद्रजीत सिंह को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे सेमीफाइनल में बिहार रेजिमेंट सेंटर ने इतने ही अंतर से आर्मी ब्वॉयज को पराजित किया। इस मैच में मैन ऑफ द मैच साहिल को दिया गया।

## बीबीपीएल के लिए नीलामी हुई

**पटना ( खे.प्र. )**। बिहार राज्य बॉल बैडमिंटन संघ के निर्देशानुसार एवं नवगछिया पुलिस जिला बॉल बैडमिंटन संघ द्वारा 8 से 11 सितम्बर तक प्रथम बिहार बॉल बैडमिंटन प्रीमियर लीग का आयोजन नवगछिया व भागलपुर के विभिन्न मैदानों पर किया जायेगा। इसके लिए चार फ्रेंचाईजी टीम के लिए खिलाड़ियों की नीलामी बिहपुर के डाकबंगला परिसर में हुई। जिसमें बिहार वारियर्स टीम को बिहपुर के पंसस अमनआनंद ने, बिहार दबंग टीम को बिहपुर प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष मनोज कुमार लाल, राईजिंग बिहार को बिहपुर प्रखंड भाजयुमो अध्यक्ष चंद्रकांत चौधरी एवं रायल चैंलेंजर बिहार टीम को मां बिन्ध्वासिनी मेडिकल हाल/बिहपुर के गौतम उर्फ बालाजी ने खरीदा।

## भाजपा क्रीड़ा प्रकोष्ठ ने173 खिलाड़ियों को सम्मानित किया

**पटना ( खे.प्र. )**। भाजपा क्रीड़ा प्रकोष्ठ ने राष्ट्रीय खेल दिवस की पूर्व संध्या पर प्रदेश मुख्यालय के अटल सभागार में राज्य के 49 खेलों के 173 खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

समारोह का उद्घाटन बिहार विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा, विधान परिषद के नेता प्रतिपक्ष सम्राट चौधरी, विधायक मुरारी मोहन झा, मुख्यालय प्रभारी सुरेश रूंगटा एवं भाजपा क्रीड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सतीश राजू ने मेजर ध्यानचंद के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मौके पर विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि भाजपा क्रीड़ा प्रकोष्ठ ने प्रतिभावान खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने का काम किया है। इस सम्मान से खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ेगा।

**राज्य के प्रतिभावान को प्रोत्साहित करना बड़ी बात : विजय सिन्हा**

सम्राट चौधरी ने कहा कि सम्मान पाकर खिलाड़ियों में नयी ऊर्जा का संचार होगा और आने वाले दिनों में बेहतर प्रदर्शन कर बिहार व देश का नाम रौशन करेंगे। सतीश राजू कहा कि मेजर ध्यानचंद की जयंती पर वैसे सभी खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया जो अपने-अपने खेल में पदक जीते हैं।



**सम्मानित होने वाले खिलाड़ी-अर्निस :** अमन पुष्पराज, आकाश, श्रेयांश भारती, अंशु, **कराटे :** करीना, कविता, प्रियंका थापा, सौरव, आशुतोष, लालिन राज, अदनान शॉ, अभिनव, श्रवण भगत, सिद्धांत, अनिकेत राज, सूरज शर्मा, विशाल, शिवा, दिवेश, अम्बिका राणा, धर्मेन्द्र, **क्रिकेट :** रिमझिम सिंह, प्रगति सिंह, शिखा सिंह, निवेदिता भारती, विशालाक्षी, सना अली, अन्नू, ऋषिका किन्जल, स्वर्णिमा चक्रवर्ती, दिव्या भारती, कोमल, श्रुति गुप्ता, निशा भारती, सोनी कुमारी, शोभना साकेत, प्रीति प्रिया, आकाश, हिमांशु राज, नितिन, मोहित, तेजस्वी चौहान, प्रत्युष, केशव, अथर्व राज, अभिनव, प्रिंस, आदित्य, उत्कर्ष कुमार, सैफ अली, **गटखा :** शम्भू कुमार थापा, अजय, बिंदु, सौरव, **जूडो :** विष्णु कुमार, हर्षित राज, प्रिया यादव, **ताइक्वांडो-चेल्सी :** अनन्या, जोया सिंह, **टेंगसूडो :** रोहित प्रकाश, रविश रमण, रॉकी कुमार, बल्ली यादव, शाहिल चौधरी, कौशल, गोलू, **डांस :** तान्या शर्मा, **पेंचक सिलाट :** अमित, कृष्णा, सिद्धार्थ, निकिता सिन्हा, **फुटबॉल :** प्रिंस यश, बाउल्स : माधवी, अमीषा, **बैडमिंटन :** लक्ष्मी, शौर्या सिंह, **योंगमुडो :** रितेश कुमार, सौरभ, अनुपम, शिवम् गौतम, पूजा भारती, वैशाली सिंह, गौरव, कृष्णा बहादुर, **योगा :** असद, मोहम्मद, **रग्बी फुटबॉल :** स्वीटी कुमारी, आरती, श्वेता शाही, सपना, गौरव, राजा, अरमान आलम, वैभव सिंह, **रनिंग :** साक्षी, **रोइंग :** दिव्यांशु सिंह, प्रमोद, रणधीर, **रोविंग :** दीपांशु सिंह, प्रमोद, रणधीर, **शूटिंग :**शिवानी, **शॉटपुट थ्रो :** असद, गौरव, सौरव, **सर्किल कबड्डी :** नेहा रानी, **सॉफ्टबॉल क्रिकेट :** जितेन्द्र, राहुल, कुंदन, दीपू, प्रिया, हेमा, **सॉफ्टबॉल :** मयंक, **स्केटिंग :** शिवम, हर्ष, कृष कुमार, रोहित, अभिषेक, आशीष, प्रशांत, आर्यन, अनन्या, शिल्पी, **हैंडबॉल :** अनन्या कुमारी, खुशबू, कनक , संजीव, संजीत, **हॉकी :** निधि, आयुषी प्रिया, सपना सिंह, अंजलि, आरती, विनय, आतिफ अली, सावन, अनुराग रॉय, अंकित प्रधान, **वेटलिफ्टिंग :** अमरजीत, सक्षम सिखर, साक्षी लोचन, इशानी कुमारी, **बॉक्सिंग :** अमरजीत कुमार, सक्षम शिखर,साक्षी लोचन, ईशानी कुमारी, **महिला फुटबॉल :** मनीषा कुमारी, खुशी, अंजलि, अविवा परवीन, पल्लवी, विजेता, संभावी राज, ज्योति, सिन्धु, प्रिया यादव, निभा कुमारी, शिबो कुमारी, नीतू व पल्लवी।

# पांच टेंपो व टोटो के साथ पांच चोर गिरफ्तार

**बिहारशरीफ।** चंडी थाना क्षेत्र में शनिवार की रात पांच टेम्पो व टोटो के साथ पांच चोर को पुलिस ने गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष अभय कुमार ने कहा कि बेना थाना क्षेत्र के कचरा गांव के पास 18 अगस्त को भाड़ा पर लाया एक टेम्पो व एक मोबाइल को हथियार के बल पर लूट लिया था। जिसे नई तकनीक के सहारे चंडी पुलिस ने मलबिगहा गांव से टेम्पो के साथ जगदीश केवट के पुत्र पिंटू केवट को गिरफ्तार किया। इसकी निशानदेही पर खुसरुपुर थाना क्षेत्र में लूटा गया अन्य चार टेम्पो बरामद किया गया। साथ ही चार लुटेरा भी गिरफ्तार हुआ।

गिरफ्तार लुटेरा थाना क्षेत्र के नैली गांव का मिथुन कुमार, नरसंडा का सतीश कुमार, करायपरसुराया थाना के जोलबिगहा निवासी भीम केवट व उत्तरप्रदेश के नोएडा का सुमित कुमार है। हरनौत थाना क्षेत्र के उखड़ा गांव निवासी शिशुपाल कुमार ने कहा कि बख्तियारपुर में यात्री को उतार कर बाढ़ बख्तियारपुर बाइपास पर टेम्पो को खड़ा किया। इतने में तीन व्यक्ति टेम्पो को भाड़ा पर ले चलने की बात कही। जाने के दौरान वेना थाना के कचरा गांव के पास पहुंचते ही ड्राइवर को गाड़ी से उतारकर तीनों मारपीट करते हुए पिस्तौल का भय दिखा मोबाइल, तीन हजार नकद व टेम्पो ले लिया।

पुलिस ने कहा कि पिंटू की निशानदेही पर चंडी के जैतीपुर में रेंट पर रह रहे तीन लुटेरों को गिरफ्तार किया गया। तीनों लुटेरा को पकड़ने में पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। तीन लुटेरा में एक लुटेरा भीम केवट ऊपर जाकर पानी टंकी में घुस गया। पानी निकालने के बाद भी नहीं निकला। उसे पानी टंकी से निकाला गया। जबकि लुटेरा सुमित छत पर कूदकर भागने लगा। जिसे पुलिस ने खदेड़कर पकड़ा। अन्य टेम्पो को भी मीठापुर बस स्टैंड व गांधी मैदान से भाड़ा बुक कर लाने के दौरान ही इन लुटेरों ने खुसरुपुर के पास मारपीट कर लूटा था।

# युवक की चाकू मार कर हत्या



**हाजीपुर ( आससे )।** सदर थाना क्षेत्र के बलवा कुआरी गांव में पैसा मांगने के विवाद में दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट एक व्यक्ति को चाकू मारकर गंभीर रूप से किया घायल। इलाज के दौरान हुई मौत। मिली जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान बलवा कोआरी गांव निवासी रमेश प्रसाद के पुत्र लाल बिहारी सिंह के रूप में हुई है। बताया जाता है कि रविवार की शाम को मृतक ने गांव के ही मुकेश कुमार से उधारी का पैसा मांगने गया, जिसके बाद पैसा मांगने पर दोनों के बीच विवाद बढ़ गया और जमकर मारपीट हो गयी। इसी दौरान मुकेश ने लाल बिहारी को चाकू मार दिया, जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गया, घटना की जानकारी मिलते ही परिजनो ने घायलावस्था में उठाकर इलाज के लिये हाजीपुर सदर अस्पताल लाया गया, जहा इलाज के दौरान मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही सदर थाना की पुलिस ने सदर अस्पताल में पहुचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया गया है। वही पुलिस घटना स्थल पर भी पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई। इस घटना के मुख्य आरोपी फरार हो गय, इस संबंध पुलिस ने कहा कि जल्द ही हत्यारे को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

# नशे में 4 शराबी गिरफ्तार

**बक्सर।** उत्पाद की पुलिस शराबियो के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। जहां पुलिस एक बार फिर वीर कुंवर सिंह गंगा चेक पोस्ट पर लगातार जांच कर रही है।

यूपी से शराब का सेवन कर बक्सर के सीमा में प्रवेश करने के करने के दौरान नगर थाना क्षेत्र के वीर कुंवर सिंह सेतु से शनिवार की देर शाम 4 लोगों को शराब के नशे में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सभी शराबियों का मेडिकल कराने के बाद सभी को जेल भेज दिया।

उत्पाद अधीक्षक देवेन्द्र प्रसाद ने बताया कि वरीय अधिकारियों के निर्देश पर लगातार शराबियो के खिलाफ जांच अभियान चलाया जा रहा है, जहां करीब 4 शराबियों को शराब के नशे में गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के बाद सभी को जेल भेज दिया गया।

# शौच को घर से निकला युवक ट्रेन की चपेट में आया, मौत

**वारिसलीगंज (नवादा) (आससे)।** घर से शौच को ले रेलवे लाइन की तरफ गया युवक क्यूिल से गया की ओर जा रही ट्रेन की चपेट में आ गया। फलतः युवक का सिर बुरी तरह से कुचल गया और घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। युवक की पहचान नप के मूडलाचक ग्रामीण चंदू यादव का १९ वर्षीय पुत्र छोटू के रूप में हुई।

बताया गया कि शनिवार की देर शाम केजी रेलखंड के वारिसलीगंज रेलवे स्टेशन से दक्षिण आउटर सिग्नल, रैक प्वाइंट के दक्षिणी छोर के समीप छोटू रेल लाइन पर बैठकर कान में एअर फोन लगा कर मोबाईल से गाना सुन रहा था। इसी बीच क्यूिल से गया की ओर जा रही सवारी गाड़ी हर्न देते क्रास किया। चूंकि युवक गाना सुनने में इतना मगन था कि ट्रेन का हार्न नहीं सुन पाया। फलतः ट्रेन को चपेट में आने से युवक का शरीर के परखच्चे उड़ा गया। जबकि ट्रेन अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान कर गई। चूंकि रैक प्वाइंट पर स्ट्रीट लाइट की रोशनी रहती है। किसी व्यक्ति की नजर युवक के बिखेर पड़े शव पर पड़ी। तब सूचना बाद जमा हुई भीड़ ने मृतक की पहचान मुड़लाचक बाजार निवासी चंदू यादव का १९ वर्षीय पुत्र छोटू के रूप में किया। घटना की खबर सुन युवक के स्वजन दौड़े भागे घटना स्थल पर पहुंचे। स्वजनों की चित्कार से वातावरण काफी बोझिल हो रहा था। पड़ोसियों की मदद से युवक के बिखरे शव को मुड़लाचक गांव स्थित शमशान घाट पर अंत्येष्टि के लिए ले जाया गया। जानकारी हो कि युवक छोटू की एक वर्ष पहले शादी हुई थी। ग्रामीणों के अनुसार होनी प्रबल होती है। जिसका ताजा उदाहरण छोटू की मौत से प्रमाणित हो गया। बताया गया कि शुक्रवार की सुबह छोटू अपने तीन-चार साथियों के साथ कमाई के लिए दिल्ली जाने की तैयारी कर घर से बिहार शरीफ पहुंचा। जहां संयोग से दिल्ली के लिए कोई टिकट नहीं मिला।

# हथियार के बल पर लूट

**हाजीपुर ( आससे )।** वैशाली जिला के सदर थाना क्षेत्र में गौस पुर इजरा गांव में बेखौफ दो अपाची बाइक पर सवार चार अपराधियो हथियार के बलपर गैस गोदाम से 2 लाख 32 हजार रुपया लूटकर फरार हो गय।

मिली जानकारी के अनुसार रविवार की दोपहर में गौसपुर इजरा गांव में लिच्छवी गैस एजेंसी का गोदाम पर दो अपाची बाइक सवार चार अपराधी पहुचकर मुंशी से शादी के नाम पर दस सिलेंडर की मांग किया, और पिस्टल भिड़ाकर 2 लाख 32 हजार रुपया लूटकर तीन राउंड हवाई फायरिंग करते हुय फरार हो गया। घटना स्थल पर गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोगो भीड़ जुटने लगी, तबतक सभी



अपराधी फरार हो चुके थे। लूट की सूचना मिलते ही सदर थाना की पुलिस ने स्थल पर जाकर आसपास में लगे सीसीटीवी खंगालने में जुट गयी।

# धोखाधड़ी मामले में तीन गिरफ्तार

**सीतामढ़ी ( आससे )।** पुनौरा थाने की पुलिस ने शनिवार की रात छापेमारी कर धोखाधड़ी मामले में तीन आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान कन्हौली थाना क्षेत्र के मुरहाडी गांव निवासी स्वर्गीय मेही लाल यादव के पुत्र प्रमोद यादव, प्रमोद यादव के पुत्री अलका कुमारी एवं भासर गांव निवासी राम ईश्वर राय के पुत्र सीताराम कुमार के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष इम्तियाज अली ने बताया कि कुछ माह पूर्व पुनौरा थाने में कांड संख्या 157/22 में चार सौ बीस धारा के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। जिसमें पुलिस को पता चला कि आरोपी अपने घर पर ही रह रहा है। पुलिस के द्वारा उक्त कार्रवाई करते हुए आरोपी के घर छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवक को कागज़ी प्रक्रिया के बाद रविवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# युवक की पीट-पीट कर हत्या, परिजनों में चीत्कार

**मोतीपुर ( आससे )।** बरुराज थाना क्षेत्र के कोरिगावां गांव में 22 वर्षीय एक युवक की पीटपीट कर हत्या कर शव को गांव चवर स्थित नहरी में फेंक देने का मामला सामने आया है। सूचना के बाद मौके पर पहुची पुलिस ने मृतक के भव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेज दिया। मृतक की पहचान गांव के जय ईश्वर साह के पुत्र संजीत कुमार के रुप में की गई है। जानकारी के अनुसार संजीत कुमार बीते शुक्रवार को देवघर से घर लौटा था। देर शाम खाना खाने के बाद घर मे सो गया। अहले सुबह देर तक घर से नही निकाला तो परिजन घर मे उठाने पहुचे तो घर मे नही देख वे भौचक रह गए। पूरे दिन अपने स्तर से खोजबीन किया, किंतु कही पता नही चल सका। जिसके बाद शनिवार की देर शाम मृतक के पिता ने बरुराज थान



में अज्ञात के खिलाफ थाना में अपहरण का केस दर्ज कराया।

रविवार की दोपहर ग्रामीण चवर स्थित खेत घूमने गए तो नहरी में एक युवक को मृत देखा। नहरी में शव होने की ख़बर इलाके में आग की तरह फैल गई। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ उमर पड़ी।

सूचना पाकर मौके पर मृतक के परिजन भी पहुचे और शव का पहचान किया। सूचना पर मौके पर पहुची पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेज दिया।

घटना स्थल पर पहुचे थानाध्यक्ष सह प्रशिक्षु डीएसपी सुबोध कुमार सिन्हा ने मामले की जांच किया। के बाद परिजनों में चीत्कार मच गई। मृतक चार भाइयों में सबसे छोटा था। फिहाल वह शहर में रहकर पढ़ाई कर रहा था।

अपर थानाध्यक्ष राजकुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया से हत्या का मामला प्रतीत हो रहा है। वैसे पुलिस कई बिंदुओं पर जांच कर रही है।

# ससुराल वालों की प्रताड़ना से तंग युवक ने की आत्महत्या

**औरंगाबाद ( आससे )।** खबर औरंगाबाद से है। जहां ससुराल वालों की प्रताड़ना से तंग आकर युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटना सदर प्रखंड के फेसर थाना क्षेत्र के परसडीह पंचायत के करमुखाप गांव का है।

मृतक युवक पूर्व एएसआई स्वर्गीय धीरेंद्र प्रसाद के 25 वर्षीय पुत्र विकास कुमार था। जानकारी के अनुसार मृतक के भाई विवेक कुमार ने बताया कि 2019 में बंदेया थाना क्षेत्र के खोरी खाप गांव में रामेश्वर पासवान की पुत्री सुनीता के साथ शादी हुई थी। लेकिन शादी के बाद हमेशा पत्नी सुनीता मेरे भाई से झगड़ती रहती थी और अपने मायके वालों को बुलाकर पिटाई कर देती थी। इस मामले को लेकर कई बार समझौता भी कराया गया लेकिन फिर भी सुनीता के मायके वाले इस से बाज नहीं आए। झगड़ते-झगड़ते कई बार से हमेशा दहेज उत्पीड़न के नाम पर ससुराल वाले प्रताड़ित करते रहते थे। इसी प्रताड़ना को लेकर के दो महीने पहले उनके ससुराल वालों ने मेरे भाई पर दहेज प्रताड़ना का केस कर दिया। जिसके सदमे में आकर एक माह पूर्व मेरे पिता जो धनबाद के भूलीओपी में एएसआई के पद पर पदस्थापित थे जिनको हार्ट अटैक से मौत हो गई। जिसे लेकर पूरा परिवार तनाव में आ गया। पिताजी के मौत के बाद भाई के ससुराल वाले पिताजी की मौत के बाद सरकार से मिलने वाली सारी राशि भाभी के नाम करने को लेकर दबाव बना रहे थे। फिलहाल भाभी भी मायके में ही रह रही थी और बार-बार फोन कर उन लोग प्रताड़ित कर रहा था जिसके तनाव में आकर भाई ने फांसी लगाकर जान दे दी। फांसी लगाने की घटना की सूचना उस वक्त लगी जब लोगों ने उससे संपर्क साधने की कोशिश किया और संपर्क नहीं हो सका। कुछ लोग घर के कमरे में देखा तो ने युवक ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।

परिजनों ने इसकी सूचना फेसर थाना को दी और पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कागजी प्रक्रिया पूरी कर शव परिजनों को सौंप दिया। घटना के बाद परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल है तो वही गांव में मातम पसरा हुआ है।

# 'तार हंसी की मत उलझाओ आंसू की लड़ियों में'

## कवि सम्मेलन में बहती रही गीत-ग़ज़लों की बयार

**मुजफ्फरपुर ।** श्री नवयुवक समिति के सभागार में नटवर साहित्य परिषद की ओर से रविवार को कवि सम्मेलन सह मुशायरा का आयोजन किया गया। इस कवि सम्मेलन की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि डॉ. विजय शंकर मिश्र ने की। कवि सम्मेलन की शुरुआत आचार्य श्री जानकी वल्लभ शास्त्री के गीत -'तार हंसी के मत उलझाओ आंसू की लड़ियों में' से किया गया। वरिष्ठ कवि डॉ.विजय शंकर मिश्र ने -'अपना भारत देश स्वर्ग से कहीं अधिक सुंदर है ' सुनाकर भरपूर तालियां बटोरी । गजलकार डॉ.नर्मदेश्वर मुज़फ़्फ़रपुरी ने ग़ज़ल 'जमाने को अपनी खबर लग गई है, मुहब्बत पे सबकी नजर लग गई है' सुनाकर भरपूर दाद बटोरी। वरिष्ठ कवि डॉ लोकनाथ मिश्र ने - 'बाबूजी रऊआ के ना भूल पाई, अपने घर में बैठा सुनता हूं आवाजों को' सुनाया। युवा कवि सुमन कुमार मिश्र ने - 'सेमल नीचे मैं भी भीगा, सहमी सकुची रधिया भीगी' सुनाकर तालियां बटोरी। वरिष्ठ शायर डॉ सिबगतुल्लाह हमीदी ने ग़ज़ल - 'यह जमीं आसमां मिलाना है, प्यार की हद को भी बताना है' सुनाकर भरपूर तालियां बटोरी। कवयित्री सविता राज ने ग़ज़ल - 'जिस बात को सुनने में तकलीफ़ होती है जमाने को, हम पर



क्या गुजरी ,हम तो जी रहे हैं उस अफसाने को' सुनाकर भरपूर दाद बटोरी। वरिष्ठ कवि रामबृक्ष राम चकपुरी ने - 'राजनीति की मशाल जलाने में, साहित्य अहम भूमिका निभाता है' । कवि ओम प्रकाश गुप्ता ने - 'श्रम करो और लिख डालो अपनी अलग कहानियां' सुनाया। युवा कवि हिमांशु अस्थाना ने - 'कुछ देर ही सही आ बैठ मेरे पास, तू सितमगर ही सही आ बैठ मेरे पास' । वरिष्ठ कवि अरूण कुमार तुलसी ने - 'अतीत के मर्मस्थल से वर्तमान के पटल पर' सुनाया। वरिष्ठ कवि अशोक भारती ने - 'खुद की सूरत न देखी आईने में, दूसरों को आईना हम दिखाते रहे' सुनाकर तालियां बटोरी। वरिष्ठ कवि गीतकार अंजनी कुमार पाठक ने - 'याद आती है पुरानी बातें , ये तन्हाई ये खामोशी डरावनी रातें' सुनाया। वरिष्ठ कवयित्री सुश्री मुन्नी चौधरी ने यहां स्वर्ग सुषमा रहती है, शीतल मन्द हवा बहती है % सुनाई। कवि सहज कुमार ने - 'जहां सुबह सुबह हनुमान चालीसा गूंजे, जहां पत्थर को ईश्वर मान कर हम पूजे' सुनाया।

# बच्ची के साथ तीन युवकों ने किया गैंगरेप

**भोरे।** भोरे के एक गांव में मक्के के खेत में गई 13 वर्षीय बच्ची के साथ कुछ दरिंदों ने गैंगरेप किया।

घटना के दौरान बच्ची की अस्मत लूटने वाले दरिंदों ने रेप कांड का एक वीडियो बना कर उसे वायरल कर दिया. साथ ही बच्ची और उसके परिवार वालों को मुंह खोलने पर जान से मारने की धमकी दी।

वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने बच्ची का पता लगाया और उसके बयान पर तीन युवकों के खिलाफ स्थानीय थाने में रेप और पॉक्सो एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की। प्राथमिकी दर्ज करने के बाद पुलिस युवकों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

थाना क्षेत्र के एक गांव की 13 वर्षीय बच्ची अपने घर के पास ही मक्के के खेत के तरफ गई थी. इसी बीच तीन युवकों ने उसका मुंह दबा कर उसे पकड़ लिया और मक्के के खेत में ही उसके साथ बारी बारी से रेप किया।

इस दौरान एक युवक पूरी घटना का वीडियो बनाता रहा. घटना के अंजाम देने के बाद युवकों ने लड़की को मुंह खोलने पर जान से मारने की धमकी दी।

. सहमी लड़की और उसके परिवार वाले दरिंदों का जुल्म चुपचाप सहते रहे. लेकिन इसी दौरान उनलोगों ने रेप का वीडियो वायरल कर दिया.

वीडियो वायरल होते ही पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया. पुलिस के हाथ यह वीडियो जब लगा, तो पुलिस ने लड़की का बयान दर्ज करते हुए स्थानीय थाना क्षेत्र के बैरौना गांव के राघव मांझी, लुहसी गांव का आशिक मंसूरी, पियरौटा गांव का संदीप कुमार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली।

इस मामले में थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार यादव ने बताया कि एक बच्ची के साथ गैंगरेप की घटना हुई है. इसमें शामिल युवकों की तलाश में छापेमारी की जा रही है।

# अंतरराष्ट्रीय हथियार तस्कर को एसटीएफ ने किया गिरफ्तार

**बेगूसराय शि.प्र.(आससे)।** पटना एसटीएफ के स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी-वन) की टीम ने अंतरराष्ट्रीय हथियार तस्कर सनोज यादव समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

इनके पास से कार्बाइन एवं अन्य हथियार बरामद हुए हैं। सभी से पूछताछ की जा रही है। एसटीएफ ने इन लोगों को दबोचकर मटिहानी थाना क्षेत्र के सिहमा दियारा इलाके के आसपास हथियारों के बड़े सौदे को विफल कर दिया। एसटीएफ ने पुख्ता सूचना के आधार पर जाल बिछाया। इसकी पुष्टि पुलिस अधीक्षक योगेन्द्र कुमार ने पत्रकार के समक्ष की।

गंगा नदी के गुप्ता-लखमिनिया बांध पर सिहमा ढाला के पास अपाचे बाइक से जा रहे कुख्यात हथियार तस्कर खगड़िया जिला के बेलदौर थाना क्षेत्र स्थित स्वर्णपुरी निवासी शक्ति यादव के पुत्र अमरजीत यादव एवं खगड़िया जिला के गोगरी थाना क्षेत्र स्थित फुलवरिया निवासी कारे यादव के पुत्र कुंजेश कुमार को दबोचा। इसके पास से नौ एमएम की एक कार्बाइन एवं एक अतिरिक्त मैगजीन बरामद हुई। इन दोनों से मिले सुराग के बाद टीम ने मुंगेर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के शंकरपुर गांव में छापा मारकर बिहार के कुख्यात अंतरराष्ट्रीय हथियार तस्कर सनोज यादव एवं उसके सहयोगी अविनाश कुमार



(दोनों मुंगेर जिला के शंकरपुर निवासी) को एक जोराकी पिस्टल (७.६५ एमएम) एवं एक देसी पिस्तौल के साथ दबोचा।

हथियार तस्कर सनोज यादव की गिरफ्तारी बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

साल २०१५ में देश के कई हिस्सों में सनोज यादव ने हथियार बेचे थे। इसका खुलासा एनआईए कर चुकी है। एनआईए ने मुंगेर में कुआं से एके-४७ का जखीरा बरामद किया गया था। एसटीएफ ने सनोज यादव को एके-४७, हथियारों एवं कारतूस के जखीरा के साथ पकड़ा ।

हथियारों की तस्करी से की गई काली कमाई से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने सनोज की संपत्ति जब्त कर ली थी।

## वर्गीकृत

**AFFIDAVIT**

I, Niraj Kumar, S/o Ravindra Singh, Vill- Rosauna, P.S.-Fatehpur, Dist.-Gaya, declare that I am employed in defance service. That my wife actual name is Anamika Kumari. But in marriage certificate the name of my wife wrongly endorsed as Anaimka Devi. Affidavit no. 39138/ 17.08.2022

**शपथ पत्र**

मैं, इकबाल अंसारी, पिता मोहम्मद फारूक अंसारी, ग्राम-वार्ड- नंबर 31 अंसारी टोला बगहा, पोस्ट-बगहा, थाना-बगहा-जिला- पश्चिम चंपारण का निवासी हूं। शपथपूर्वक सच-सच बयान करता हूं कि मेरे आधार कार्ड संख्या - 2783 30 36 61 31 में मेरा नाम इकबाल अंसारी अंकित है। पासपोर्ट संख्या 4664930 में मेरा नाम इकबाल है। उपरोक्त दोनों नाम इकबाल अंसारी और एकबाल मेरा ही है। अब मैं इकबाल अंसारी के नामों से ही जाना और पहचाना जाऊंगा।

**पाठकों से**

'आज' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वत: जांच करके कार्य करें। इसके संबंध में कोई भी दावा 'आज' प्रकाशन पर न होगा।

प्रबंधक

# जेवर साफ करने के नाम पर अपराधियों ने ढाई लाख के गहने लूटे

**( आज समाचार सेवा ) सीतामढ़ी।** रुन्नीसैदपुर थाना क्षेत्र के तीन गांवों में दो युवकों के द्वारा एक परिवार को झांसा देकर करीब ढाई लाख रुपए का गहना लूट लिया। जहां एक परिवार को सोने के जेवरात को नया करने का झांसा देकर सभी गहने लूट लिए गए।

मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की देर शाम थाना क्षेत्र के अथरी गांव निवासी महावीर राउत अपनी पत्नी और पोती के साथ घर पर थे।

इसी दौरान शाम को एक लाल रंग की बाइक पर सवार दो अज्ञात युवक उनके घर पर पहुंचे। जहां बदमाशों ने बताया कि वह आईएमसी कंपनी से आया है और अपने दवा से सोने के जेवरात को नया और वजनदार बना देता है।

बताया कि जो भी पुराना गहना है जिसका वजन कम हो गया हो या जिसका रंग खराब हो उसको नया कर देगा।

इतना ही बदमाशों ने कहा कि वह अपने दवा से ऐसा नया करेंगे कि उसे ज्वेलरी वाले भी नहीं पकड़ सकता है। बदमाशों के द्वारा बहला-फुसलाकर चूल्हे पर एक कटोरी को गर्म करके लाने को कहा। इतने में महावीर रावत को श्री तुलसी के लिक्विड के बारे में जानकारी देते हुए पीने की सलाह दी। और युवक पोती से गिलास में पानी मंगवा कर लिक्विड ले लिया। वही उसके पत्नी को एक क्रीम हाथ पर लगा दिया तथा उसके पोती को एक पाउडर दिया जिसके स्मेल से बेहोश हो गई। तीनों को बेहोशी हालत में छोड़कर बदमाश सभी जेवर लेकर रफूचक्कर हो गए।

होश में आने के बाद इसकी जानकारी आसपास के लोगों को दी। जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर भीड़ जुट गई और इसकी जानकारी पुलिस को दिया गया।

घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। वही पीड़ित युवक के द्वारा थाने में आवेदन देकर एफ आई आर दर्ज कराया गया है।

# अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर जब्त



**सहार( भोजपुर )।** स्थानीय सहार थाना क्षेत्र के ननउर मुजफ्फरपुर गांव समीप बालू लदे ट्रैक्टर को सहार थाना पुलिस ने दबोचा कर पकड़ा है।

ड्राइवर गाड़ी छोड़कर भागने में सफल रहा है। थाना अध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि बालू घाट से बालू लदे दो ट्रैक्टर को जप्त कर खनन विभाग को सूचित कर दिया गया।

बता दें कि बरूही ननऊर के बीच बालू घाट से बराबर ट्रैक्टर से ढुलाई किया जा रहा है ज्ञात हो कि बालू घाट बंद होने के बावजूद भी बने रास्ता के लिख को नहीं हटाया गया जिसके चलते ट्रैक्टर को आने जाने में सहूलियत होती है। हालांकि बरुही ननऊर बालू घाट से अवैध निकासी का सिलसिला जारी है ग्रामीणों के कहना अनुसार अवैध बालू की निकासी प्रतिदिन किया जा रहा है।

**सार्वजनिक सूचना**

## अपनी जिंदगी




## 'मन'

साधारणः लोग उस मनुष्य को निरोगी समझते हैं, जो मजे में खाता-पीता है, चलता-फिरता है और घर पर चिकित्सक को भी नहीं बुलाता है। यद्यपि ऐसे लोग भी रोगी होते हैं परन्तु बीमारी की परवाह किये बिना अपने को निरोगी मानते हैं। एकदम निरोगी व्यक्ति बहुत कम मिलेंगे। एक अंग्रेज लेखक का कथन है कि-'निरोगी उन्हीं मनुष्यों को कहना चाहिए जिनके शुद्ध शरीर में शुद्ध मन बसता हो। मनुष्य केवल शरीर ही तो नहीं है। शरीर तो आत्मा के रहने की जगह है। शरीर, मन और इन्द्रियों का आपस में गहरा सम्बन्ध है। इसलिए एक के बिगड़ने पर दूसरे के बिगड़ते देर नहीं लगती है। शरीर की उपमा गुलाब के फूल से की गयी है। गुलाब के फूल का ऊपरी भाग तो उसका शरीर है और सुगन्धि उसकी आत्मा है। कागज के फूल को कोई भी पसंद नहीं करता। सूंघने से उसमें से गुलाब जैसी महक नहीं आती, असली गुलाब की परख तो उसकी महक ही है। जैसे गुलाब के फूल के सामने दिखाई देने वाले गंधहीन फूलों को लोग पसंद नहीं करते हैं, वैसे ही वह व्यक्ति जो ऊपर से देखने में अच्छा तो लगता है, पर उसकी आत्मा का व्यवहार ठीक नहीं है। ऐसे व्यक्ति को लोग न तो पसंद करते हैं और न तो प्रेम ही करते हैं। पर इस तरह के बुरे स्वभाव के लोग भी निरोगी नहीं कहे जा सकते हैं। वास्तव में शरीर और आत्मा का गहरा सम्बन्ध है। जिसका शरीर निरोगी होगा उसका मन भी शुद्ध होगा। मन की शुद्धि से आरोग्यता मिलती है शरीर को अपने वश में रखने के लिए एक ओर तो अंतरात्मा का प्रयत्न जारी रहता है और दूसरी ओर पाप पुण्य शैतान हमें अपनी मुट्ठी में रखना चाहता है। जब शरीर अंतरात्मा के अधीन रहता है, तो वह रत्न के समान है और शैतान का अधिकार होने के बाद जिन्दगी नारकीय हो जाती है। ईश्वरीय नियम पालने से ही शरीर निरोग रह सकता है। शैतानी नियम पालने से नहीं। जहां सच्चा आरोग्य है, वहीं सच्चा सुख है। सच्चा आरोग्य प्राप्त करने के लिए हमें अपनी जीभ को जीतनी जरूरी है। इससे दूसरी विषयेन्द्रियां अपने आप वश में हो जाती हैं। जो व्यक्ति अपनी इन्द्रियों को अपने वश में कर लेता है, वह संसार के सभी कार्यों पर विजय प्राप्त कर सकता है। क्योंकि वह मनुष्य आत्मा-परमात्मा का प्रिय बन जाता है। क्योंकि आत्मा परमात्मा का ही तो अंश है।

# जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस छोड़ने वाले नेता आजाद के संपर्क में

**श्रीनगर** (एजेंसी)। सीनियर नेता गुलाम नबी आजाद के कांग्रेस से नाता तोड़ने से पार्टी को बड़ा झटका लगा है। कांग्रेस की जम्मू-कश्मीर इकाई के कई प्रमुख नेताओं ने आजाद के समर्थन में पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। एक तरफ जहां, कुछ सीनियर नेता आजाद के फैसले की आलोचना कर रहे हैं जिनका कहना है कि उन्होंने कई राज्यों के चुनाव और 2024 लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस छोड़कर गलत फैसला लिया है। वहीं दूसरी ओर, कई लोगों ने उनके फैसले का समर्थन भी किया है। जम्मू-कश्मीर के पूर्व कांग्रेस नेता जीएम सरूरी ने रविवार को दावा किया, केंद्र शासित प्रदेश के कई सीनियर नेता गुलाम नबी आजाद के संपर्क में हैं, जिनमें पूर्व विधायक और दूसरी पार्टियों के नेता भी शामिल हैं। बातचीत जारी है। कई लोगों ने अपने इस्तीफा सौंप दिया है और कुछ लोग प्रक्रिया में हैं। शुक्रवार को कांग्रेस छोड़ने वालों में पूर्व विधायक आरएस चिब, जुगल किशोर शर्मा, चौधरी अकरम, मोहम्मद अमीन भट, गुलजार अहमद वानी, हाजी अब्दुल राशिद और नरेश गुप्ता शामिल हैं। इन नेताओं



की ओर से लिखे गए पत्र में कहा गया, पूर्व मंत्रियों और जम्मू-कश्मीर की भंग विधान सभा के विधायकों ने कांग्रेस पार्टी में सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। साथ ही गुलाम नबी आजाद के समर्थन में पार्टी की मूल सदस्यता भी छोड़ दी है।

सरूरी ने शनिवार को कहा कि आजाद अपनी स्वयं की एक पार्टी शुरू करने वाले हैं और एक पखवाड़े के भीतर इसकी पहली इकाई जम्मू-कश्मीर में गठित कर दी जाएगी। जम्मू-कश्मीर की 5 अगस्त, 2019 से पहले की स्थिति की बहाली पार्टी के घोषणापत्र का हिस्सा होगी। उन्होंने कहा कि उनके नेता वैचारिक रूप से धर्मनिरपेक्ष हैं और उनके भाजपा के इशारे पर काम करने का कोई सवाल ही पैदा नहीं होता। कांग्रेस की जम्मू-कश्मीर इकाई के पूर्व उपाध्यक्ष सरूरी ने कहा, आजाद हमारे नए दल की शुरुआत करने से पहले अपने शुभचिंतकों से विचार-विमर्श करने के लिए 4 सितंबर को जम्मू आ रहे हैं। हमें खुशी है कि वह जम्मू-कश्मीर लौट रहे हैं, जहां उन्होंने मुख्यमंत्री के रूप में (दो नवंबर, 2005 से 11 जुलाई, 2008 तक) कार्य किया। लोग उनके शासन को स्वर्णिम युग के रूप में देखते हैं और चाहते हैं कि वह जम्मू-कश्मीर को वर्तमान स्थिति से बाहर निकालने के लिए लौट आएं।

# लारा दत्ता ने जीता फैंस का दिल

**मुंबई** (एजेंसी)। बॉलीवुड एक्ट्रेस लारा दत्ता ने हाल ही में सोशल मीडिया पर अपनी दो फोटोज शेयर की हैं, जिसमें वो नो मेकअप लुक में नजर आ रही हैं। पहली फोटो में वो पूरी तरह बिना मेकअप के नजर आ रही हैं, जबकि दूसरी फोटो में उन्होंने मेकअप किया हुआ है। इन फोटोज को शेयर करते हुए लारा ने लिखा कि वो अपने आप को रियल रख रही हैं। लारा ने अपने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, रियल होना। किलर वर्कआउट करने और खुद को पूरी तरह सुखाने के बाद आज रात 7 बजे ये मैं थी। अगली फोटो 2 घंटे बाद की है, जब मैं सेलिब्रेशन के लिए पूरी तरह तैयार हूं। क्या फर्क पड़ता है? सिर्फ इतना ही कि हम में से कोई भी सोकर वैसा नहीं जागता है, जैसा हम आमतौर पर ग्लैमरस फोटो में देखते हैं। लारा ने आगे लिखा, कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपका वक्त कैसा गुजरा है, ये जरूरी है कि आप तैयार हों और खुद को दुनिया के सामने पेश करें। फैंस से लेकर सेलेब्स तक लारा के इस पोस्ट पर कमेंट कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा, ये सच है। वहीं दूसरे ने लिखा, थैंक्यू रियल होने के लिए। लारा की बात करें तो उन्होंने साल 2000 में मिस यूनिवर्स का किताब जीता था। फिर उन्होंने फिल्म 'अंदाज' से अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की थी। लारा ने पिछले कुछ सालों में कई विज्ञापनों में भी काम किया है।



# पीएम मोदी ने भुज में रोड शो भी किया

**गांधीनगर** (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात दौरे के दूसरे दिन रविवार को कच्छ जिले के भुज में 'स्मृति वन स्मारक का उद्घाटन किया. इससे पहले पीएम मोदी ने स्मृति वन जाते समय भुज में तीन किलोमीटर के रास्ते में रोडशो किया. स्मृति वन

### स्मृति वन भूकंप संग्रहालय का किया उद्घाटन

स्मारक को करीब 470 एकड़ के इलाके में बनाया गया है. यह स्मारक 13,000 लोगों की जान लेने वाले 2001 के भूकंप के बाद इस त्रासदी से उबरने के लोगों के जज्बे को दर्शाता है. इस भूकंप का केंद्र भुज में था. बता दें कि आज पीएम मोदी 4,400 करोड़ रुपए की परियोजनाएं शुरू करेंगे.

सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार, इस स्मारक में उन लोगों का नाम अंकित है, जिनकी भूकंप के कारण मौत हुई. इसमें अत्याधुनिक 'स्मृति वन भूकंप संग्रहालय भी है. संग्रहालय 2001 के भूकंप के बाद गुजरात की स्थिति, पुनर्निर्माण की पहलों और सफलता



की कहानियों को दर्शाता है तथा विभिन्न प्रकार की आपदाओं के बारे में एवं किसी भी प्रकार की आपदा के लिए भविष्य की तैयारियों की जानकारी देता है. विज्ञप्ति में बताया गया है कि इसमें एक 5डी सिम्युलेटर है, जिसकी मदद से इस भूकंप के अनुभव को महसूस किया जा सकता है. इसके अलावा मृतकों को श्रद्धांजलि देने के लिए एक अन्य ब्लॉक बनाया गया है.

प्रधानमंत्री मोदी जिले के 948 गांवों और 10 कस्बों में सिंचाई और पेयजल उपलब्ध कराने के लिए सरदार सरोवर परियोजना की कच्छ शाखा नहर का भी उद्घाटन करेंगे. वह भुज में एक क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र, सरहद डेयरी के एक नए स्वचालित दूध प्रसंस्करण और पैकिंग संयंत्र, गांधीधाम में डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर कन्वेंशन सेंटर, अंजार में वीर बाल स्मारक और नखत्राणा में भुज 2 उप स्टेशन का भी उद्घाटन करेंगे। इसके बाद, प्रधानमंत्री भारत में सुजुकी के 40 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में गांधीनगर स्थित महात्मा मंदिर सम्मेलन केंद्र में एक कार्यक्रम को संबोधित करेंगे, जहां वह गुजरात के हंसलपुर में सुजुकी मोटर गुजरात इलेक्ट्रिक वाहन बैटरी निर्माण सुविधा एवं हरियाणा के खरखौदा में मारुति सुजुकी के वाहन निर्माण केंद्र की आधारशिला भी रखेंगे।

# कांग्रेस को फिर लगा बड़ा झटका

### आजाद के बाद तेलंगाना में पूर्व सांसद ने सौंपा इस्तीफा

**हैदराबाद** (एजेंसी)। कांग्रेस में इस्तीफे का दौर जारी है. गुलाब नबी का आजाद के बाद पूर्व राज्यसभा सांसद एमए खान ने पार्टी से इस्तीफा दिया है. एमए खान ने पत्र के माध्यम से इस्तीफे की घोषणा की है. वे भी पत्र में आजाद की तरह राहुल गांधी पर हमलावर रहे. बता दें कि बीते दिन गुलाब नबी आजाद ने कांग्रेस से इस्तीफा देते हुए राहुल गांधी को नॉन सीरियस नेता कहा था, जिसके बाद राहुल गांधी की काफी किरकिरी हुई थी। एमए खान ने अपने पत्र में राहुल गांधी पर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके पद संभालने के बाद पार्टी में चीजें बिगड़ने लगीं. उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की अपनी एक अलग विचारधारा है, जो ब्लॉक स्तर से लेकर बूथ स्तर तक किसी भी सदस्य से मेल नहीं खाती है. उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को यह भी नहीं पता की पार्टी के वरिष्ठ सदस्यों के साथ कैसे व्यवहार करना चाहिए. एमए खान ने समाचार एजेंसी एएनआई को इस संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि मैंने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया। खान ने कहा कि भारतीय राष्ट्रय कांग्रेस पार्टी जनता को समझने में पूरी तरह विफल रही. उन्होंने कहा, पार्टी को कई लोगों ने अपनी मेहनत से मजबूत बनाया था।

बवासीर
खूनी, मस्सें, मोके, पुरानी से पुरानी बवासीर के लिए
P-6 आयुर्वेदिक कैप्सूल व ट्यूब
Capsule & Tube
A Formula Researched By S.P. Singh Chawla
21 साल से भरोसेमंद
Helpline : 98141-75205
कब्ज के लिए No-KABZ Granules & Capsules का इस्तेमाल करें

# पाक बाढ़ से तबाह, इमरान को पॉलिटिक्स की पड़ी : बिलावल

**इस्लामाबाद** (एजेंसी)। भारी बारिश के चलते आई बाढ़ ने पाकिस्तान में जबरदस्त तबाही मचायी है। इस बीच देश के विदेश मंत्री और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो-जरदारी ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि बाढ़ के कारण हुई तबाही के बावजूद इमरान राजनीतिक लाभ हासिल करने में लगे हुए हैं। बिलावल ने कहा कि इमरान खान पॉलिटिकल प्वाइंट-स्कोरिंग में बिजी हैं। मैं उनसे कहना चाहता हूं कि राजनीति करने का भी समय आएगा लेकिन फिलहाल बाढ़ पीड़ितों तक मदद पहुंचाने की जरूरत है। बिलावल



भुट्टो-जरदारी ने कहा कि हमारे विरोधी चाहे वो सत्ता पक्ष में हों या फिर विपक्ष में, हमेशा ही राहत और बचाव कार्यों से दूर रहते हैं। पाकिस्तान में बाढ़ ने जमकर कहर बरपाया है। तबाही देश के एक कोने से दूसरे कोने तक पहुंच गई है। बाढ़ के चलते लोगों के घर, फसलें सब तबाह हो गई हैं। पंजाब, खैबर-पख्तूनख्वा, गिलगित और सिंध प्रांत बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। सिंध प्रांत अब तक की सबसे भीषण तबाही से गुजरा है। पाकिस्तान सरकार ने बाढ़ से प्रभावित इलाकों में बचाव और राहत कार्य के लिए सेना को बुलाने का फैसला किया है। एक दशक से भी ज्यादा समय बाद बाढ़ की ऐसी स्थिति उत्पन्न हुई है जिससे तीन करोड़ तीस लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के अनुसार, पाकिस्तान में बाढ़ के कारण अब तक 982 लोगों की मौत हो चुकी है और पिछले 24 घंटे में 45 लोगों की जान चली गई। एनडीएमए ने कहा कि पिछले 24 घंटे में 1,456 और लोग घायल हुए। एनडीएमए के अनुसार, 3,161 किलोमीटर सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई हैं, 149 पुल बह गए और 6,82,139 घर आंशिक रूप से या पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं। बाढ़ के कारण देश का लगभग आधा हिस्सा डूब गया है और 110 जिलों में 57 लाख से ज्यादा लोग बिना आश्रय और भोजन के हैं। इस आपदा से सिंध और बलोचिस्तान सबसे अधिक प्रभावित हुए हैं और पाकिस्तान रेलवे ने कई स्थानों पर सेवाएं निलंबित कर दी हैं। पर्यावरण मंत्री शेरी रहमान के अनुसार, देश में हर साल तीन से चार बार बारिश का दौर आता था लेकिन इस बार मानसून का आठ दौर आ चुका है। अभी और बारिश होने की आशंका है।

रिपोर्ट के मुताबिक, भारी बारिश और बाढ़ की वजह से हुए हादसों में करीब 1,000 लोगों की मौत हो चुकी है। करोड़ों रुपये का साजो-सामान नष्ट हो चुका है। हालात इतने खराब हो चुके हैं कि सरकार को कई हिस्सों में आपात-स्थिति का ऐलान भी करना पड़ा है। सरकार की तरफ से कुछ खास कदम नहीं उठाए गए तो बाढ़ और बारिश से चालू खाते का घाटा 4.4 अरब डॉलर तक बढ़ सकता है जो जीडीपी का एक प्रतिशत होगा।

रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान को मजबूरी में 2.6 अरब डॉलर मूल्य का कपास और 90 करोड़ डॉलर मूल्य का गेहूं आयात करना पड़ सकता है। साथ ही उसे एक अरब डॉलर मूल्य का वस्त्र निर्यात भी गंवाना पड़ सकता है। इस तरह कुल नुकसान करीब 4.5 अरब डॉलर पर पहुंच सकता है। पाकिस्तान में बारिश और बाढ़ से सबसे ज्यादा नुकसान कपास की फसल को पहुंचा है।

# फिलीपींस में जहाज में लगी आग

### जान बचाने समुद्र में कूदे यात्री, 38 क्रू मेंबर्स समेत 87 लोग सवार थे

**साउथ मनीला** (एजेंसी)। साउथ मनीला के एक पोर्ट की तरफ जाते समय एक जहाज में आग लग गई। खबर लगते ही यात्रियों के बीच अफरा-तफरी मच गई। कई तो अपनी जान बचाने के लिए समुद्र में कूद गए। घटना के समय जहाज में 87 यात्री सवार थे। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, घटना 27 अगस्त की है। जहाज ओरिएंटल मिंडोरो प्रांत के कालापन शहर से साउथ मनीला पोर्ट जा रहा था। पोर्ट से लगभग 1 किलोमीटर दूर जहाज के दूसरे डेक से धुआं निकलने लगा। कुछ ही देर में आग की लपटें उठने लगीं।



जहाज पोर्ट के पास ही थी जब उसमें आग लगी। फिलीपींस कोस्टल गार्ड फौरन हरकत में आए और सभी लोगों को बचा लिया गया। एक अधिकारी ने कहा- रूङ्क एशिया फिलीपींस जहाज में 38 करू मेंबर्स और 49 यात्री सवार थे।

जहाज में कम से कम 16 कारें और ट्रक भी थे। हम आग लगने के कारणों का पता लगा रहे हैं। हादसे में कितना नुकसान हुआ है, इसकी भी जांच की जा रही है। एक यात्री ने कहा- हमें खबर मिली की डेक से धुआं निकल रहा है। हम घबरा गए। हवा बहुत तेज थी इसलिए आग की लपटें तेजी से फैलने लगी थी। लोग समुद्र में कूदने लगे थे। जान बचाने के लिए मैंने अपने बच्चों को पानी में धक्का दे दिया फिर मैंने भी छलांग लगा दी। पास में कोस्ट गार्ड मौजूद थे। कई सारी बोट्स भी थीं। हमें जल्द मदद मिल गई। एक अधिकारी ने बताया कि फिलीपींस में समुद्र में होने वाली घटनाएं आम हैं। यहां अक्सर तूफान आते हैं जिनके कारण हादसे हो जाते हैं। इसका एक और कारण है-जहाजों की खस्ता हालत। कई जहाजों की मरम्मत समय पर नहीं की जाती। मरीनटाइम सेफ्टी सिस्टम भी कमजोर है।

निराश रोगी एक बार अवश्य आजमायें
शादी से पहले-शादी के बाद
आयुर्वेदिक दवा शक्तिशाली व पावरफुल
सबसे सस्ता शक्ति दवाखाना सबसे अच्छा
छोटापन, पतलापन, ढीलापन, दूर करे सुडौल, ताकतवर बनायें। टाइमिंग क्षमता बढ़ायें, बचपन की गलती, नसों में कमजोरी से छुटकारा पायें, साइड इफेक्ट नहीं, परहेज नहीं, गारन्टेड इलाज
असर जिन्दगी भर
डाक से गोपनीय मंगायें
9675518255
कीमत 840/-
सबसे सस्ता सफेद दाग सबसे अच्छा
इलाज शुरू होते ही 12 घंटों में दागों का रंग बदलना शुरू होकर जल्द सभी दाग मिट जायेंगे।
(30 दिन की लगाने की दवा फ्री)
हमारे इलाज से लाभ की गारंटी, जल्द संपर्क करें।
9675518255

पूर्व मध्य रेल
ई-निविदा सूचना
[illegible]
1. निविदा सूचना सं.: टी.सी.-124-2022-[illegible] कार्य का नाम: [illegible] निविदा लागत (रु. में): 2,74,53,209.50 बयाने की राशि (रु. में): 2,87,300.00 कार्य की समाप्ति अवधि: 12 माह
2. निविदा सूचना सं.: टी.सी.-125-2022-[illegible] कार्य का नाम: [illegible] निविदा लागत (रु. में): 1,71,18,527.43 बयाने की राशि (रु. में): 2,35,600.00 कार्य की समाप्ति अवधि: 11 माह
3. निविदा सूचना सं.: टी.सी.-126-2022-[illegible] कार्य का नाम: [illegible] निविदा लागत (रु. में): 3,88,79,575.03 बयाने की राशि (रु. में): 3,44,400.00 कार्य की समाप्ति अवधि: 12 माह
4. निविदा सूचना सं.: टी.सी.-127-2022-[illegible] कार्य का नाम: [illegible] निविदा लागत (रु. में): 4,12,18,349.96 बयाने की राशि (रु. में): 3,56,100.00 कार्य की समाप्ति अवधि: 12 माह
5. निविदा सूचना सं.: टी.सी.-128-2022-[illegible] कार्य का नाम: [illegible] (7x12.20m) [illegible] निविदा लागत (रु. में): 3,18,46,246.01 बयाने की राशि (रु. में): 3,09,200.00 कार्य की समाप्ति अवधि: 12 माह
आई.आर.ई.पी.एस. वेब पोर्टल पर ई-निविदा के रूप में निविदा प्राप्त करने की अन्तिम तिथि एवं समय: 16.09.2022 को 12.00 बजे तक
ई-निविदा खुलने की तिथि एवं समय: 16.09.2022 को 12.00 बजे के बाद
वेबसाइट का विवरण जहाँ से निविदा एवं निविदा प्रपत्र की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है: वेबसाइट www.ireps.gov.in [illegible]
[illegible] पूर्व मध्य रेल/समस्तीपुर

## रिसर्च पर फोकस करें संस्थान : सीएम योगी

**गोरखपुर** (एजेंसी)। सीएम योगी आदित्यनाथ ने विश्वविद्यालयों में शोध और विकास पर फोकस करने की जरूरत बताते हुए कहा कि पीएम मोदी चाहते हैं कि शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भारत ग्लोबल रैंकिंग में टॉप पर पहुंचे। इसके लिए शोध पर फोकस करना होगा। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र की चुनौतियों के लिए हमें खुद को तैयार रखना होगा।

गोरखपुर स्थित महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के पहले स्थापना दिवस समारोह को सम्बोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि एक वर्ष की अपनी यात्रा के दौरान महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय ने अपने संस्थापकों के भावनाओं के अनुरूप विश्वविद्यालय के निर्माण को जो एक नई गति दी वह अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ने एक बेहतर शुरूआत की है। यहां शिक्षा के साथ स्वास्थ्य पर काम हो रहा है। छात्रों को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि अच्छी शुरुआत के लिए खुद को तैयार करें।

# बनारस में भरा पानी !

### छतों और गलियों में हो रहे दाह संस्कार

**लखनऊ** (एजेंसी)। बारिश के चलते वाराणसी में गंगा के जलस्तर में लगातार बढ़ाव जारी है। हर दिन पानी की रफ्तारी बढ़ती जा रही है। इसका असर अब शहर की पॉश कॉलोनियो में भी देखने को मिलने लगा है। शहर की सड़कों और गलियों में पानी भर जाने को लेकर कांग्रेस ने पीएम मोदी पर निशाना साधा है। ट्वीट के जरिए पीएम मोदी पर हमला बोलते हुए कांग्रेस ने लिखा, वादा तो था स्मार्ट सिटी का और स्थिति है कि दाह संस्कार तक छत और गलियों में करने पड़ रहे हैं।

अपने ही संसदीय क्षेत्र को संभालने में नाकाम हो रहे पीएम मोदी से पूरा देश भला क्या उम्मीद करे। ट्वीट के जरिए कांग्रेस ने बनारस की एक फोटो भी साझा की है, जिसमें घाट किनारे का नजारा साफ दिखाई दे रहा है। बतादें कि गंगा का जलस्तर बढ़ने से घाट के सामने करीब दर्जनभर से अधिक कॉलोनियों की करीब 100 से ज्यादा मकान पानी में घिर गए हैं। बहुमंजिली भवन में रहने वाले इलाके बाढ़ प्रभावित लोग अपने ही मकान में शरण लिए हैं। छत पर शरण लिए लोगों के लिए सुबह की बारिश काल बन गई। हालांकि थोड़ी बारिश होने से ज्यादा दिक्कत नहीं हुई।

वरुणा तटवर्ती इलाकों को बाढ़



तेजी से अपने आगोश में ले रहा है। सीवर पाइप लाइन के जरिए कॉलोनियों में मुहल्लों में पानी चला आया। नमो घाट पर नमस्कार की मुद्रा वाली आकृति को डूबने अब कुछ ही घंटे बाकी हैं। बाकी अन्य पक्के घाटे भी धीरे-धीरे डूबते जा रहे हैं। शीतलाघाट के जरिए पानी सड़क होते हुए सब्जी मंडी तक पहुंच गई है। ग्रामीण इलाकों में रमना, डाफी, चिरईगांव, व चौबेपुर आदि इलाकों के दर्जनभर से अधिक गांवों का सम्पर्क आसपास से कट गया है। बाढ़ की विभीषिका को देखते हुए जिलाधिकारी कौशलराज शर्मा सामनेघाट के इलाकों का हाल जानने के लिए एनडीआरएफ के मोटर बोट से दौरा किया। उन्होंने बाढ़ प्रभावित से मिलकर उन्हें मदद का आश्वासन दिया। साथ ही नीचले इलाकों में रह रहे लोगों को बाढ़ राहत शिविर में जाने का अनुरोध किया। रविवार को कई संस्थाएं बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए उतर आई हैं। भाजपा की ओर से करीब दो दर्जन से अधिकार कार्यकर्ता अलग-अलग इलाकों में भ्रमण कर सूखा राहत सामाग्री वितरित कर रहे हैं। दोपहर 12 बजे तक बढ़ाव की रफ्तार एक सेमी प्रतिघंटा की रफ्तार बरकरार थी। वहीं खतरे के निशान 71.262 मीटर से 55 सेमी पानी ऊपर बह रहा है। वर्तमान में गंगा का जलस्तर 71.81 मीटर पर है।

सेक्स समस्यायें का गरांटी इलाज अब संभव
गुप्त रोग - मर्दाना कमजोरी का इलाज
छोटापान, पतलापन, ढ़ीलापन, दूर कर सुडौल ताकतवर बनाये, टाइमिंग बढ़ायें, बचपन की गलती नशो की कमजोरी से छुटकारा पायें, 100% ग्रांटेड इलाज है
18 से 70 साल की उम्र में खोई हुई मर्दाना ताकत वापस पायें,
घर बैठे दवा गोपनीये मंगाए सुप्रसिद्ध वैद्य जी से मात्र- 1260/- रु
09939154336, 09939043920
सफेद दाग का सफल इलाज हैं
हमारे नई आयुर्वेदिक इलाज शुरू होते ही दागो का रंग 24 घंटो में बदलने लगेगा सफेद दाग छोटा हो या बड़ा नया हो या पुराना नियमित दवा के सेवन से शीघ्र हि जड़ मूल से 100% ग्रांटेड मिट जायेगा।
नई खोज की गई 100% शुद्ध आयुर्वेदिक दवा घर बैठे मंगाए
09939043920, 09939154336